हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025

11 नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम...



व्यापार पेज

05 जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने लांच...

एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र, सभी देशों ने कायराना हरकत की निंदा की

प्रधानमंत्री मोदी ने पाक पीएम शाहबाज के सामने ही कहा दो टूक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं

सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सोमवार को कड़ी निंदा की और भारत के इस रुख से सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का 'दोहरा मापदंड' स्वीकार नहीं किया जा सकता।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भी यही बात कही। एससीओ के संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। यह घोषणापत्र चीन के तटीय शहर तियानजिन में दो दिन तक चले वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किया गया।

इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य वैश्विक नेताओं ने हिस्सा लिया। एससीओ के सदस्य देशों ने इजराइल की ओर से गाजा पर किए हमलों की भी निंदा की, क्योंकि इन हमलों में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत हुई है और गाजा पट्टी में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया ▶▶शेष पेज 4 पर

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम

एससीओ ने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात पर जोर दिया कि इन तत्वों का निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्य देश मानते हैं कि आतंकवाद और चरमपंथ के खतरों से निपटने में संप्रभु देशों और उनकी सक्षम एजेंसियों की भूमिका सबसे अहम है। सदस्य देश हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हैं और इस बात पर बल देते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। वे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान करते हैं कि आतंकवाद, विशेषकर सीमापार ▶▶शेष पेज 4 पर

दोहराया गया 'एक पृथ्वी एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश

इसमें आगे कहा गया कि घोषणा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के संदेश को दोहराती है। सदस्य देशों ने 3 से 5 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 5वें एससीओ स्टार्टअप मंच के परिणामों का स्वागत किया, जिससे विज्ञान, तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग और गहरा हुआ है। सदस्य देशों ने 21-22 मई 2025 को नई दिल्ली में हुई 20वीं एससीओ थिंक टैंक मंच की बैठक को भी महत्वपूर्ण बताया। साथ ही, उन्होंने विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के तहत काम करने वाले एससीओ अध्ययन केंद्र की सराहना की, जिसने सांस्कृतिक और मानवीय आदान-प्रदान को मजबूत किया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

टीसीए कल्याणी ने सीजीए का संभाला पद

नई दिल्ली। आईसीएएस अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण किया। वित्त मंत्रालय में इस पद को संभालने वाली वह 29वीं अधिकारी हैं। उन्होंने रक्षा, दूरसंचार, वित्त, सामाजिक न्याय, गृह मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों में काम किया।

सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन आज

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के यशोभूमि में 'सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को उत्प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री 3 सितंबर को सुबह लगभग 9:30 बजे से भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।



पहली बार यूपीआई लेनदेन 20 अरब के पार

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई को लेकर आंकड़ा जारी किया है। इसमें कहा कि यूपीआई ने अपने इतिहास में पहली बार 20 अरब लेनदेन का आकंड़ा पार किया है। यूपीआई ने अगस्त के दौरान 24.85 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन दर्ज किए।

एससीओ शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री मोदी व पुतिन ने हाथ मिलाया, गले मिले, हाथ पकड़कर कारपेट पर चले, पाक पीएम शाहबाज खड़े देखते रहे

ये दोस्ती हम नहीं 'तोड़ेंगे'

ट्रंप के टैरिफ के दबाव के बीच पीएम मोदी ने कहा-भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े



'एससीओ' का नया अर्थ

प्रधानमंत्री ने एससीओ समूह के प्रति भारत के दृष्टिकोण और नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शंघाई सहयोग संगठन के संक्षिप्त नाम 'एससीओ' का नया अर्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया, 'एससीओ के 'एस' का अर्थ है 'सिक्योरिटी' यानी सुरक्षा, 'सी' का अर्थ है 'कनेक्टिविटी' यानी संपर्क और 'ओ' का अर्थ है 'अपॉर्चुनिटी' यानी अवसर।

मोदी ने कहा- 140 करोड़ भारतीय आपके (पुतिन) लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में एससीओ सम्मेलन के इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति पूरी मानवता की पुकार है। उन्होंने संघर्ष को जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है। हम लगातार संपर्क में रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें होती रहती हैं। 140 करोड़ भारतीय आपके लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह हमारे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है

मोदी ने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार

राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही

राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता पर बात करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि तियानजिन में एससीओ के दौरान राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात शानदार रही। हमने दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के लिए व्यापार, फर्टिलाइजर, अंतरिक्ष, सुरक्षा और संस्कृति पर बातचीत की। हमने यूक्रेन में शांति बहाल करने से लेकर कई स्थानीय और वैश्विक विषयों पर भी चर्चा की। दोनों देशों की खास और रणनीतिक साझेदारी वैश्विक स्थिरता में अहम भूमिका रही है।

मोदी-पुतिन की कार में 45 मिनट सीक्रेट टॉक

चीन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात चर्चा में रही। एससीओ सम्मेलन के बाद दोनों में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता से पहले पीएम मोदी और पुतिन ने 45 मिनट तक कार में बातचीत की। सम्मेलन के बाद पुतिन ने मोदी का इंतजार किया और वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों कार में बैठकर बातचीत करते रहे। चीन के तियानजान में सम्मेलन खत्म होने के बाद पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात थोड़ी दूर पर मौजूद एक होटल में शेड्यूल की गई थी। ऐसे में पुतिन ने न सिर्फ काफी देर तक पीएम मोदी का कार में इंतजार किया बल्कि वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों नेता कार में ही बैठकर बातचीत करते रहे।

मोदी-पुतिन-जिनपिंग की केमेस्ट्री से ट्रंप के तेवर पड़े नरम, कहा

भारत-अमेरिका का रिश्ता 21वीं सदी के लिए निर्णायक

एससीओ सम्मेलन में जिस तरह से भारत-चीन और रूस के रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, उससे कहीं न कहीं अमेरिका को चिंता हुई है कि भारत, शायद उनके पाले से छिटक सकता है, यही वजह है कि अमेरिकी दूतावास ने तुरंत ट्वीट कर भारत-अमेरिका के संबंधों को अहम बताया। अमेरिकी दूतावास ने लिखा कि अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। यह 21वीं सदी का एक निर्णायक रिश्ता है। हम उन लोगों, प्रगति और संभावनाओं पर प्रकाश डाल रहे हैं जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। नवाचार और उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक, यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच की स्थायी मित्रता ही है जो इस यात्रा को ऊर्जा प्रदान करती है।

भारत ने नियमों का पालन किया, रूसी तेल से लाभ नहीं कमाया

पीटर नवारो के बयान पर पुरी का जवाब

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहाकर पीटर नवारो की 'लॉन्ड्रोमैट' वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल के आयात में कोई नियम नहीं तोड़ा और इसका मकसद वैश्विक बाजार को स्थिर रखना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत दशकों से पेट्रोलियम

उत्पादों का बड़ा निर्यातक रहा है और इसमें कोई मुनाफाखोरी नहीं हुई है। उन्होंने साफ कहा कि भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी तेल खरीदने में कोई नियम नहीं तोड़ा है और भारत की ऊर्जा व्यापार नीति ने वैश्विक बाजार को स्थिर रखने और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद की ▶▶शेष पेज 4 पर

शाम को दिल्ली पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार की शाम चीन से भारत लौटे। नई दिल्ली पहुंचते ही उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को फोन किया। पीएम मोदी ने पंजाब सीएम के साथ बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पहुंचते ही पीएम मोदी ने भगवंत मान से फोन पर बात की और पंजाब में बारिश व बाढ़ की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने राज्य को हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि पंजाब के 9 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। ▶▶पढ़ें पेज 09 भी

प्रदेश में चार सिस्टम सक्रिय, भोपाल सहित कई जिलों में बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

14 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, रतलाम के धोलावाड़ डैम के तीन गेट खोले

बालाघाट में आकाशीय बिजली की चपेट में आए हॉक फोर्स के जवान तीन हुए घायल, रतलाम में पलसोड़ा गांव डूबा...दमोह में मकान गिरा

रतलाम के उपलई गांव में एक कार पलट गई, ग्रामीणों ने कार सवार लोगों को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राजधानी सहित अधिकांश जिलों में सोमवार को तेज बारिश दर्ज हुई। प्रदेश में अभी चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले तीन से चार दिन कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के बोरवन जंगल में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हॉक फोर्स के तीन जवान झुलस गए। घायलों में प्रधान आरक्षक देवेंद्र, आरक्षक छत्रपाल और उज्जवल शामिल हैं। तीनों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र के गोंदिया जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते दमोह में एक मकान गिर गया। मलबे में दबने से एक व्यक्ति की ▶▶शेष पेज 4 पर

भोपाल में सोमवार को 9 घंटे में कुल 13 मिमी बारिश हुई

भदभदा रोड में दोपहर 3:30 बजे जोरदार बारिश

आज से कल तक यहां भारी बारिश

मंगलवार से बुधवार सुबह तक राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, धार, रतलाम, उज्जैन, गुना, शिवपुरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी में कहीं कहीं भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, देवास, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, ▶▶शेष पेज 4 पर

पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

आसमान में आई तकनीकी खराबी, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की सोमवार सुबह अचानक तकनीकी खराबी के कारण वापस पुणे एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरलाइन के मुताबिक, विमान को पूरी इमरजेंसी स्थिति में उतारा गया। फ्लाइट नंबर एसजी 937 ▶▶शेष पेज 4 पर

4 दिन में दो स्पाइसजेट फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

बीते चार दिनों में स्पाइसजेट फ्लाइट में दिक्कत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली से श्रीनगर जा रही फ्लाइट में तकनीकी खराबी आई थी। फ्लाइट संख्या एसजी 385 में 205 यात्री सवार थे। विमान उड़ान भरते ही इमरजेंसी रिपोर्ट की गई, लेकिन दोपहर 3:27 बजे सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

भोपाल। भवानी चौक पर विराजित आकर्षक झांकी।

ॐ श्री गणेशाय नमः

नए शहर के 5 नंबर क्षेत्र में सजी भगवान गणेश की आकर्षक झांकी।

सोमवारा क्षेत्र में भगवान गणेश की मनोरम झांकी।

क्रेन और गोताखोरों की रहेगी अहम भूमिका, ननि ने की पुख्ता व्यवस्था

पुराने घाटों पर ही श्रद्धाभाव से होगा गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस साल भी भगवान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पुराने घाटों पर ही होगा। जिसके लिए नगर निगम ने घाटों पर इंतजाम शुरु कर दिए हैं। इन घाटों पर क्रेन और गोताखोरों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार से शुरु होगा। दरअसल राजधानी भोपाल के तालाबों को प्रदूषण से मुक्त बनाने के लिए हाल ही में नेशनल ग्रीन ट्रिब्ल्यूनल बोर्ड ने प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक

लगा दी है। एनजीटी की रोक लगते ही नगर निगम ने शहर में चार जगहों पर घाट विकसित करने की तैयारी एक महीने पहले ही शुरू कर दी थी। लेकिन जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं होने से पुराने घाटों पर विसर्जन होगा।

यहां बनना हैं नए विजर्सन घाट

नगर निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ के मुताबिक बीयू परिसर में 4 करोड़ 45 लाख, नीलबढ़ में 6 करोड़ 18 लाख, संजीव नगर में 4 करोड़ 77 लाख, मालीखेड़ी में 2 करोड़ 49 लाख और प्रेमपुरा में 7 करोड़ 34 लाख की लागत से नए विसर्जन घाट बनाए जाने हैं। इसकी मंजूरी नगर निगम की परिषद बैठक में 24 जुलाई को मंजूरी दी जा चुकी है।

विसर्जन घाटों के रास्तों की होगी मरम्मत

चल समारोह मार्ग, विसर्जन कुण्ड, स्थलों के पहुंच मार्गों व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ चल समारोह वाले रूट पर आने वाली सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण का कहना है कि पूजन सामग्री व अन्य प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक एकत्र करने और पूजन सामग्री को निर्माल्य वाहन को ही देने की अपील की गई है।

धूमधाम से निकलेगा डोल ग्यारस का चल समारोह

डोल ग्यारस एकादशी व्रत कल भगवान विष्णु बदलेंगे करवट

भाद्रपद शुक्ल पक्ष डोलग्यारस जल झूलनी, परिवर्तिनी एकादशी व्रत बुधवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में रहेगा। इस अवसर पर विष्णु भगवान के वामन अवतार की पूजा की जाती है। मां चामुंडा दरबार के गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भगवान विष्णु योग निद्रा के दौरान करवट लेते हैं, इसलिए इस एकदशी का नाम परिवर्तिनी एकदशी रखा गया है। इस दिन रखे गए व्रत की भी खूब मान्यता है। कुछ स्थानों पर परिवर्तिनी एकदशी के भगवान श्रीकृष्ण के सूरज पूजा (जन्म के बाद होने वाले मांगलिक कार्यक्रम) के रूप में मनाया जाता है। राजधानी में डोल ग्यारस के अवसर पर डोल ग्यारस उत्सव समिति की ओर से भव्य चल समारोह निकलने की 78 साल पुरानी परंपरा है। इस साल भी धूमधाम से डोल ग्यारस का चल समारोह निकाला जाएगा।

परिवर्तिनी एकादशी का महत्व

पं.रामजीवन दुबे ने बताया कि पुराणों में भी परिवर्तिनी एकदशी के व्रत का जो व्यक्ति इस दिन व्रत रखता है उसे सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। इस दिन विष्णु जी ने वामन अवतार की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने वाले के वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। महाभारत में भी परिवर्तिनी एकदशी के बारे में बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण युधिष्ठिर और अर्जुन भे परिवर्तिनी एकदशी के बारे में बताते हैं। शास्त्रों के अनुसार इस दिन लक्ष्मी जी की पूजा करने से धन की कमी दूर होती है।

1947 में हुई थी डोल ग्यारस चल समारोह की शुरूआत- डोल ग्यारस उत्सव समिति की ओर से निकले जाने वाले भव्य चल समारोह की शुरुआत 1947 में हुई थी। इसे पं. उद्धवदास मेहता ने शुरू किया था। यह चल समारोह 8 किमी यानी खटलापुरा तक होता था। जहां सभी डोल विसर्जित किए जाते थे। श्री मालवीय रजक समाज संघ द्वारा शनिवार को डोल ग्यारस चल समारोह निकाला जाएगा। पीपल चौक से निकलने वाले गणेशोत्सव चल समारोह के साथ मालवीय समाज के लोग चल समारोह निकालेंगे।

इसके लिए समाज के लोगों ने 58 वर्ष पुराना पीतल का डोल साफ-सफाई कर तैयार कर लिया है। अध्यक्ष नरेश मालवीय ने बताया कि डोल 58 वर्ष पहले समाज के बुजुर्गों के द्वारा तैयार कराया गया था। जिसका वजन 48 किलो है। सबसे पहले लकड़ी के डोल में चल समारोह में लेकर निकलते थे। वहीं समाज के प्रवक्ता प्रकाश मालवीय ने बताया कि इस बार मालवीय रजक समाज संघ ने चल समारोह का संयोजक विनोद मालवीय को बनाया है।

भोपाल। महाराष्ट्रीयन समाज का महालक्ष्मी पूजा उत्सव रविवार से शुरू हो गया। इस दौरान शहर की इंडस टाउन कॉलोनी में रहने वाले मराठी परिवारों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा दो महालक्ष्मी का पुत्र-पुत्रियों के साथ आगमन हुआ। इस अवसर पर उनकी विधि-विधान से स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई।

राधा रानी को पालने में झुलाकर मनाई जन्मोत्सव की खुशियां

सोमवार को राधा अष्टमी पर श्री कंठाली मंदिर फतेहगढ़ में श्री गहोई वैश्य महिला सभा भोपाल ने श्री राधारानी का जन्मोत्सव मनाया। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना पिपरसनियां ने बताया कि गहोई समाज के महिला-पुरुषों ने मंदिर में श्री राधा रानी की आरती की एवम प्रसादी वितरित की गई। इसके पश्चात राधा रानी को पालने में झुलाकर जन्मोत्सव की खुशिया मनाई गई। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की वेशभूषा ने उपस्थित सभी लोगों का मनमोह लिया। राधा कृष्ण पर आधारित प्रतियोगिताएं भी हुई। सभी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर श्री राधा जन्म पर बधाई गीत गाए और नृत्य किया। हर प्रतियोगी को पुरस्कृत भी किया गया सभी ने मंदिर में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गहोई महिला मंडल की समस्त टीम जिसमे रुचि बडेरिया, ज्योति नोगरैया, मौना, सुमन, रजनी, मुक्ता, रश्मि, चारु, नंदनी आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

क्राइम को ग्लैमराइज करके दिखाना गलत प्रवृत्तियों को देता है बढ़ावा: पुलिस आयुक्त

- फेक न्यूज से बचें, वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता अपनाएं: हरिनारायणचारी
- एमसीयू में मीडिया और पुलिस विषय पर मास्टर क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्रा ने कहा कि घटनाएं कई बार जैसी दिखती हैं, वैसी नहीं होतीं। गहन पड़ताल के बाद अक्सर अलग सच सामने आता है। ऐसे में पत्रकारों को चाहिए कि वे भावनाओं के बजाय वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण से तथ्यों को प्रस्तुत करें, क्योंकि संवेदनाओं पर आधारित रिपोर्टिंग कई बार परिस्थितियों को बिगाड़ सकती है। मिश्रा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'मीडिया और पुलिस' विषय पर मास्टर क्लास को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी, कुलसचिव प्रो. पी. शशिकला तथा विभागाध्यक्ष प्रो. संजय द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

तकनीक के कारण अपराध के तौर-तरीके बदले

पुलिस आयुक्त ने कहा कि तकनीक के कारण अपराध के तौर-तरीके बदले हैं और भौगोलिक सीमाएं भी धुंधली हो गई हैं। ऐसे में सूचना के प्रवाह का संतुलन और विनियमन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि घटनाओं को तर्कसंगत दृष्टिकोण से न देखा जाए तो जांच की दिशा ही बदल सकती है। ऐसे में समाज को सही जानकारी देने और लोगों को जागरूक करने में मीडिया की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

मीडिया रिपोर्टिंग का मूल आधार जनहित और राष्ट्रहित होना चाहिए

मिश्र ने उदाहरण देते हुए कहा कि अपराधों को ग्लैमराइज करके दिखाना समाज में गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है। आत्महत्या की खबरों को सनसनीखेज ढंग से प्रस्तुत करने से आत्महत्या की घटनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मीडिया रिपोर्टिंग का मूल आधार जनहित और राष्ट्रहित होना चाहिए। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि गांवों से शहरों की ओर लगातार हो रहे पलायन ने पुलिस पर कार्यभार और दबाव दोनों बढ़ा दिए हैं। पत्रकारिता के विद्यार्थियों पर यह दोहरी जिम्मेदारी है कि वे अच्छे पत्रकार के साथ संवेदनशील नागरिक भी हों।

संदिग्ध लोगों के विरुद्ध लगाया गया कैंप कोर्ट

- ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत 179 मामले पकड़े, 3.15 लाख का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल द्वारा प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त भोपाल डॉ अभिषेक के मार्गदर्शन में रेल यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए अवैध व्यक्तियों के विरुद्ध ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे मजिस्ट्रेट भोपाल अनुराग खरे द्वारा भोपाल स्टेशन पर अपना कैंप कोर्ट लगाया गया। इस कैंप कोर्ट में रेल सुरक्षा बल द्वारा रेल में अवैध रूप से खान-पान बेचने वाले, गंदगी फैलाने वाले, अवैध रूप से रेल सीमा प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को पड़कर न्यायालय में पेश किया गया। साथ ही कुल 179 व्यक्तियों पर 3,15,320 जुर्माना किया गया।

जो मूल है,वही बहुमूल्य है: डॉ. गोस्वामी

- ज्ञान वैश्विक हो सकता है, लेकिन शिक्षा राष्ट्र के अनुरूप ही होना चाहिए: डॉ. अवनीश भटनागर
- एनआईटीटीटीआर (निटर) में भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) में उच्च शिक्षा विभाग के शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थ प्राध्यापकों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. अवनीश भटनागर, डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी एवं डॉ. उत्तम द्विवेदी

रहे। मुख्य वक्ता अवनीश भटनागर ने भारतीय शिक्षा दर्शन की अवधारणा को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिक्षा केवल सूचना देना नहीं, बल्कि एक समग्र व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने शिक्षकों को टीचिंग के मूलमंत्र भी दिए और कहा कि शिक्षक का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का संवाहक बनना होना चाहिए। दूसरे वक्ता प्रो. ललित बिहारी गोस्वामी ने कहा कि जो मूल है वही बहुमूल्य है।

भारत की समृद्ध धरोहर को पुनर्स्थापित करने का प्रयास

निटर भोपाल के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण युक्त, मूल्य-आधारित एवं समग्र शिक्षा को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ समकालीन रूप से प्रासंगिक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। डीन साइंस एवं आईकेएस हेड प्रो. पी. पुरोहित ने कहा कि यह पहल न केवल भारत की समृद्ध धरोहर को पुनस्थापित करने का प्रयास है, बल्कि राष्ट्रगौरव को जागृत करने का एक सशक्त सांस्कृतिक संदेश भी है। कार्यक्रम का संचालन संजय त्रिपाठी ने किया।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया

पर्सनल कानूनों की आड़ में जारी बाल विवाह की प्रथा पर रोक लगे : भुवन ऋभु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पर्सनल कानूनों की आड़ में जारी बाल विवाह की प्रथा पर रोक लगना चाहिए। सैद्धांतिक रूप से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम किसी भी पर्सनल लॉ, प्रथा या संहिता से ऊपर है। मध्य प्रदेश सरकार को इस पर अमल की अगुआई करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून बगैर किसी समझौते के हर बच्चे की हिफाजत करे। यह बात जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने सोमवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

भुवन ऋभु वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। वे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन की वैश्विक पहल जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन वर्ल्डवाइड (जेसीडब्ल्यू) के भी अध्यक्ष हैं। भुवन ऋभु ने कहा, "बच्चों की वास्तविक सुरक्षा व संरक्षण तभी संभव है जब कानून एक मजबूत निवारक उपाय का काम करे।" मप्र देश का पहला राज्य था जिसने बच्चियों के साथ बलात्कार के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया था। ऋभु ने कहा कि सरकार को यही संकल्प बाल विवाह के खिलाफ भी दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) एक धर्मनिरपेक्ष कानून है जो बच्चों की सुरक्षा के मकसद से बनाया गया था और इसे हर हाल में धार्मिक विश्वासों व पर्सनल लॉ पर तरजीह मिलनी चाहिए।

कहा: बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सभी धर्मों व संप्रदायों पर समान रूप से लागू होना चाहिए

बाल अधिकारों की सुरक्षा में मप्र अग्रिम मोर्चे पर है

भुवन ऋभु ने कहा कि बाल अधिकारों की सुरक्षा में मध्यप्रदेश अग्रिम मोर्चे पर है और इस राज्य के पास बच्चों के खिलाफ अपराधों को रोकने की राष्ट्रीय लड़ाई के नेतृत्व की पूरी क्षमता व संभावना है। मध्य प्रदेश की सात करोड़ तीस लाख की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सा बच्चों का है। ऐसे में राज्य के सामने एक बड़ी चुनौती है और इसने निर्णायक कदम उठाए हैं। बाल विवाह, ट्रैफिकिंग और यौन हिंसा की चुनौती से निपटने के लिए सरकार और नागरिक समाज ने साथ मिलकर तेजी से कदम उठाए हैं।

मप्र के 41 जिलों में 36,838 बाल विवाह रुकवाए

उन्होंने कहा कि देश के 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने कानून लागू करने वाली एजेंसियों के सहयोग से अप्रैल 2023 से अगस्त 2025 के बीच मध्य प्रदेश के 41 जिलों में 36,838 बाल विवाह रुकवाए, ट्रैफिकिंग के शिकार 4,777 बच्चों को मुक्त कराया और यौन शोषण के शिकार 1200 से अधिक पीड़ित बच्चों की मदद की। हालांकि मप्र में बाल विवाह की दर 23.1 है जो राष्ट्रीय औसत 23.3 के मुकाबले मामूली कम है लेकिन कुछ जिलों में स्थिति गंभीर है। जैसे राजगढ़ में बाल विवाह की दर 46.0, श्योपुर में 39.5, छतरपुर में 39.2, झाबुआ में 36.5 और आगर मालवा जिले में 35.6 प्रतिशत है। कानून पर सख्ती से अमल के अभाव में बाल विवाह से बच्चियों का पढ़ाई छोड़ना और उनका शोषण व गरीबी के अंतहीन दुष्चक्र में फंसना जारी रहेगा।

भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -10 ■ वर्ष : 12, अंक : 153 ■ पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 27 न्यून.23 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पूर्वी अफगानिस्तान में रात 11:47 बजे 6.0 तीव्रता का भूकंप

कई जिंदगियां मिट्टी में दफन

गांव के गांव बर्बाद, कम से कम 800 लोगों की मौत, करीब 2500 घायल

एजेंसी ▶▶ काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज ▶▶शेष पेज 4 पर

भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था

यह महज आठ किलोमीटर की गहराई में था, कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं

पूरा गांव ही मलबे के नीचे दबा

कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके।

पीएम मोदी ने कहा

भारत हरसंभव मदद करने को तत्पर

पीएम नरेंद्र मोदी ने अफ़गानिस्तान में आए भूकंप से हुई जान-माल की हानि पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-अफ़गानिस्तान में आए भूकंप से हुई जान-माल की हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

भारत ने भेजी 15 टन खाद्य सामग्री

नई दिल्ली। भारत ने इस महा-प्राकृतिक आपदा के बीच अफगानिस्तान की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी से बात की है। जिसमें भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान को लेकर अपनी संवेदना जताई। विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि मुझे बताया गया कि भारत ने काबुल में 1 हजार टेंट पहुंचाए हैं। जबकि भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार से भारत से और राहत सामग्री अफगानिस्तान भेजी जाएगी।

खबर संक्षेप

इंदौर में महिला मोर्चा ने कांग्रेस ऑफिस को घेरा

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माताजी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ भाजपा हमलावर रुख अपनाए हुए है। इंदौर भाजपा की महिला मोर्चा ने सोमवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने बयान की निंदा की। महिला कार्यकर्ताओं के हाथ में पोस्टर थे।

स्पेन की लोरेना बनीं मिस टीन इंटरनेशनल

जयपुर। भारत ने एक बार फिर विश्व स्तरीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। जयपुर में आयोजित मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का खिताब स्पेन की लोरेना रूइज ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के फाइनल में 24 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं में भारत की काजिया लिज मेजो फर्स्ट रनर-अप, कोलंबिया की वलेरिया मोरालेस सेकंड रनर-अप रहीं।

कुत्ते का आधार कार्ड प्रशासन ने बताया फर्जी

ग्वालियर। ग्वालियर-चंबल अंचल में एक कुत्ते का आधार कार्ड वायरल हो रहा है। कार्ड पर कुत्ते का पता और जन्मतिथि भी लिखी हुई है। कुत्ते का नाम 'टॉमी जायसवाल' है। मामले को लेकर ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान कहा कि कुत्ते का आधार कार्ड बनने की बात पूरी तरह निराधार है। आधार पोर्टल पर इस तरह का कोई पंजीकरण मौजूद नहीं है। यह कार्ड पूरी तरह फेक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और एप का किया लोकार्पण

वैदिक घड़ी में दिन की गणना सूर्योदय से सूर्योदय तक, हर दिन के 30 मुहूर्त

सीएम ने बताया कि वैदिक घड़ी में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, जीएमटी और आईएसटी समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने युवाओं के मोबाइल में डाउनलोड करवाया विक्रमादित्य वैदिक क्लॉक एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास के मुख्य गेट पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण किया। वैदिक घड़ी के तैयार किए गए मोबाइल एप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं। इसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा इसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल ▶▶शेष पेज 4 पर

भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित करेगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी में 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित

मुख्यमंत्री निवास के मुख्य गेट पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी लगाई गई

विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण इस घड़ी में

मुख्यमंत्री ने कहा कि कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के ▶▶शेष पेज 4 पर

पूर्णिमा और अमावस्या का भी शरीर पर प्रभाव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं होते। उस गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। उन्होंने कहा कि सावन-भादो-कार्तिक माह का ▶▶शेष पेज 4 पर

खगोल विज्ञान पर फिल्म सीडी का किया विमोचन

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई 'भारत का समय-पृथ्वी का समय' रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केंद्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई।

16 दिन की 'वोट अधिकार यात्रा' का समापन

राहुल गांधी बोले- एटम बम से बड़ा 'हाइड्रोजन बम' आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

16 दिन की वोट अधिकार यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने कहा कि

होशियार हो जाओ भाजपा वालों

महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की। हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डेटा ▶▶शेष पेज 4 पर

चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल

सोना पहली बार 1.05 लाख रु. के पार पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट

सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है

देश में सोने और चांदी की कीमतें रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। एमसीएक्स पर गोल्ड रेट ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। एक सितंबर को सोना और चांदी अपने आलटाइम हाई पर पहुंच गए है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को सोना 2,404 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 5,678 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ▶▶शेष पेज 4 पर

किताबें बेच रही 2 महिलाएं गिरफ्तार

भगवान के लिए लिखीं गई अपमानजनक बातें

इंदौर। आजीवन कारावास की सजा काट रहे बाबा रामपाल की पुस्तकों में हिंदू देवी-देवताओं के बारें में अपमानजनक बातें लिखीं गई हैं। इसी तरह की किताबें बेच रहीं दो महिलाओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ये महिलाएं एक युवक को जबदस्ती कथित बाबा रामपाल की किताबें खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी। युवक अनुकूल ▶▶शेष पेज 4 पर

पांच साल की बच्ची सुरक्षित

बस की टक्कर से बहन की मौत, भाई घायल

दमोह। पटेरा थाना क्षेत्र में सोमवार को बस की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। गनीमत रही कि बाइक पर सवार 5 साल की बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है। यह हादसा कुंडलपुर मार्ग पर फुट्टू माता मंदिर के पास दोपहर में हुआ। जानकारी के अनुसार मोहन्द्रा से दमोह जा रही राय कंपनी की बस (एमपी 12 आर 1212) ने एक बाइक को ▶▶शेष पेज 4 पर

आईसीसी ने किया बड़ा ऐलान

ओडीआई वर्ल्ड कप इनामी राशि में चार गुना वृद्धि

नई दिल्ली। आईसीसी ने एक दिवसीय क्रिकेट वर्ल्ड कप में एक बड़ा कदम उठाया है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला था। भारत में होने वाले महिला वर्ल्ड कप की इनामी राशि में भारी वृद्धि देखने को मिली है। करोड़ों की रकम में होने वाली इस इनामी राशि में बड़ा बदलाव किया गया है।साल 2022 में हुए महिला वर्ल्ड कप से यह रकम चार गुना ज्यादा है। कुल इनामी राशि ▶▶शेष पेज 4 पर

लोकायुक्त की कार्रवाई

रीवा में बाबू व नीमच में ऑपरेटर रिश्वत लेते धराया

रीवा। रीवा में लोकायुक्त टीम ने सोमवार को रायपुर कर्चुलियान तहसील कार्यालय में बड़ी कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार कार्यालय के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के पास दो हजार रुपए की रिश्वत राशि मिली। लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने बताया कि फरियादी चंद्रकांत पाण्डेय (48) निवासी ग्राम सिरखिरी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी जमीन के नक्शा तरमीम कराने के एवज में तहसील ▶▶शेष पेज 4 पर

अगस्त में जीएसटी कलेक्शन 6.5% बढ़ा

सरकार को 1.86 लाख करोड़ रु. की हुई कमाई

जीएसटी रिफंड 20% घटकर 19,359 करोड़ पर आ गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े सोमवार को सामने आए हैं। पिछले साल अगस्त 2024 के जीएसटी कलेक्शन 1.75 लाख करोड़ रुपए था लेकिन अगस्त 2025 में यह आंकड़ा 1.86 लाख करोड़ रुपए रहा, जो लगभग 6.5% अधिक है। 1 सितंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 में भारत का जीएसटी कलेक्शन 1,86,315 करोड़ रुपए रहा। यह जुलाई की तुलना में करीब 6.5% ज्यादा है, जो टैक्स ▶▶शेष पेज 4 पर

इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

80 लाख के फ्लैट की मालकिन और 73 हजार कमाने वाली पत्नी गुजारा भत्ते की हकदार नहीं

कोर्ट ने बच्चे के लिए 25,000 रुपए प्रति माह का गुजारा भत्ता देने का आदेश बरकरार रखा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के बीच गुजारा भत्ता के मामलों पर एक अहम फैसला दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 73,000 रुपए कमाने वाली और 80 लाख के फ्लैट की मालकिन पत्नी को गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया। फैमिली कोर्ट ने पति को 15000 रुपए महीना गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। फैमिली कोर्ट ने बच्चे को भी 25000 महीना ▶▶शेष पेज 4 पर

पति ने फैमिली कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

पति ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को पलटते हुए कहा कि महिला आर्थिक रूप से खुद का खर्च उठाने में सक्षम है, इसलिए उसे पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार नहीं है। हालांकि कोर्ट ने बच्चे के लिए 25,000 रुपए प्रति माह का गुजारा भत्ता देने का ▶▶शेष पेज 4 पर

इंदौर के गणेश पंडाल की झांकी में समाज में घटी चर्चित घटनाओं को उकेरा

राजा मर्डर केस का पोस्टर... श्रद्धा के 35 टुकड़ों को फ्रिज में दिखाया, भगवान से बेटों को बचाने की गुहार

25 युवाओं के समूह ने पंडाल को अलग तरीके से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के गणेश पंडालों में अलग-अलग स्वरूपों में बप्पा की स्थापना की गई है। इनमें नेहरू नगर रोड नं. 3 पर विराजे नगर चा राजा सबसे खास हैं। यहां 25 युवाओं के समूह ने पंडाल को अलग तरीके से सजाया है।

आकर्षक शोपीस, डिजाइन, फ्लॉवर डेकोरेशन या रंग-बिरंगी लाइटिंग तो श्रद्धालुओं को मोहित कर ही रही है, यहां लगे पोस्टर भी ध्यान ▶▶शेष पेज 4 पर

नोट गिनने की मशीन बही-खाता, तौल-कांटा, लैपटॉप-कैलकुलेटर भी रखा



उज्जैन में गणेशजी का सोने का पंडाल, 1 करोड़ के गहनों से सजाया

उज्जैन। उज्जैन के पटनी बाजार स्थित पंडाल को सोने-चांदी की दुकान और भगवान गणेश को व्यापारी के रूप में दर्शाया गया है। उन्हें एक करोड़ रुपए से अधिक के सोने के आभूषण पहनाए गए हैं। इस पंडाल में भगवान गणपति नोट गिनने की मशीन, बही-खाता, तौल कांटा, लैपटॉप, कैलकुलेटर लेकर विराजमान हैं। गणेश उत्सव के अंतिम तीन दिन रिद्धि-सिद्धि के दाता को 3 करोड़ रुपए से अधिक के आभूषणों से सजाया जाएगा। सराफ यूथ फेडरेशन के 100 व्यापारियों ▶▶शेष पेज 4 पर

टैक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर होगा मंथन

मुख्यमंत्री नई दिल्ली में उद्योगपतियों से करेंगे वन-टू-वन मीटिंग

पीएम मित्रा पार्क में निवेश पर 3 सितम्बर को दिल्ली में होगा इंटरैक्टिव सेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क के इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरीराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। इंटरैक्टिव सेशन में टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों और नीति-निर्माताओं की मौजूदगी में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की अहमियत पर अपने विचार रखेंगे।

टैक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे

नए अवसरों की जानकारी देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग कर राज्य में उपलब्ध अधोसंरचना, नीतिगत सहयोग और नए अवसरों की जानकारी देंगे। साथ ही टेक्सटाइल हब के रूप में पहचान बना रहे मप्र की विशेषताओं से निवेशकों को अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से यह भी बताया जाएगा कि कैसे पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर को बदलने वाला साबित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश संबंधी प्रस्तावों और संभावनाओं पर भी संवाद करेंगे।

इंटरैक्टिव सेशन में वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी केन्द्रीय योजनाओं और टेक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश के उद्योग विभाग और टेक्सटाइल विभाग के अधिकारियों द्वारा निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, क्लस्टर आधारित विकास और विशेष पैकेज का प्रेजेंटेशन दिया जायेगा। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव और वस्त्र मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल भी अपने विचार साझा कर टेक्सटाइल उद्योग में नई संभावनाओं और केंद्र सरकार की नीतियों की जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश की नीतिगत पहल, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी देंगे।

रोजगार मिलेगा

मध्यप्रदेश में प्रस्तावित पीएम मित्रा पार्क आधुनिक टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त एकीकृत हब के रूप में विकसित किया गया है। यह पार्क कपड़ा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का आधार बनेगा।

खबर संक्षेप

स्कूली विद्यार्थियों ने किया संकल्प पत्र का वाचन

भोपाल। राजधानी के टीटी नगर स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धर्मेंद्र शर्मा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल एवं जिला परियोजना समन्वयक राम किशोर यादव की उपस्थिति में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के संकल्प पत्र का वाचन हुआ। इसके अलावा शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग के विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर एवं मप्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं प्राचार्य सुधाकर पाराशर की उपस्थिती में संकल्प पत्र का वाचन किया गया।

मंत्री सारंग ने की मप्र राज्य सहकारी बैंक की समीक्षा

भोपाल। सोमवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने अपेक्स बैंक में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नियुक्तियों, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की वित्तीय स्थिति, खरीफ 2025-26 में अल्पावधि फसल ऋण वितरण, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना सहित कई विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को मजबूत आर्थिक आधार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ 2025-26 के लिए समय पर अल्पावधि फसल ऋण वितरण सुनिश्चित हो तथा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पैक्स समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और पैक्स कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया को गति देने पर विशेष बल दिया।
बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड संचालन को और सरल एवं सुलभ बनाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि किसान हितैषी नीतियों का लाभ तभी संभव है, जब जिला सहकारी बैंक मजबूत स्थिति में कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा, कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, असामाजिक तत्वों का करेंगे सफाया

मध्यप्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सबके साथ, सबके विकास के लिए सबके प्रयासों एवं सबको विश्वास में लेकर बढ़ रहे हैं आगे: डॉ. यादव

युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज मप्र कई मामलों में देश में अव्वल है। प्रदेश को और आगे ले जाना है। हमारी सरकार खेती-किसानी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना के जरिए प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरकार सबके साथ और सहयोग से सबके विकास के लिए साझा प्रयासों एवं सबको पूरे विश्वास में लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में आयोजित 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव (भोपाल चैप्टर)' में मीडिया संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस कान्क्लेव में मप्र की विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर प्रदेश के नवनिर्माण एवं बेहतरी के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, मीडिया से जुड़े राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले ऐसे तत्वों का प्रदेश से सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम राज्य की बेहतरी के लिए नए फैसले लेने में पीछे नहीं हटेंगे। लोकलुभावन वादों की जगह हम जनहित के निर्णयों पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहते हैं। इसीलिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन से दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आधुनिक खेती के प्रोत्साहन और किसानों को सम्मान निधि देकर उनके जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में लगभग रोजाना नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना हो रही है। इससे हमारे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होना है। इससे पहले बुधवार, 3 सितम्बर को नई दिल्ली में पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए निवेशकों के साथ मीटिंग की जाएगी।

मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन सहित मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की ओर स्पेशल फोकस किया जा रहा है। प्रदेश के 13 प्रमुख तीर्थस्थानों में स्थायी प्रकार के निर्माण कार्यों एवं नियमित प्रबंधन कर इनका विकास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमहाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में तेजी से टूरिज्म बढ़ा है। वर्ष 2024 में करीब 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। इसी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार अब प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाने का प्रबंध कर रही है। बहुत जल्द हम प्रदेश में इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं।

मप्र में भरपूर लैंड बैंक, सरप्लस बिजली और मजबूत अधोसंरचना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश का दिल है। मप्र की देश में केंद्रीय स्थिति का हम समुचित लाभ उठाना चाहते हैं। मप्र में भरपूर लैंड बैंक, सरप्लस बिजली और मजबूत अधोसंरचना है। मप्र निवेशकों के लिए अनुकूल है। प्रदेश में बड़ी मात्रा में निवेश लाने के लिए हमने कई अप्रासंगिक कानून बदले हैं। उद्योग लगाने के लिए शासकीय अनुमतियां भी कम से कम कर दी हैं। हम निवेशकों के हित में 18 नई औद्योगिक नीतियां भी लागू की गई हैं।

भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष ने की प्रदेश टोली के साथ बैठक

सेवा पखवाड़ा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश टोली के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष ने सेवा पखवाड़ा सहित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के संबन्ध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहे। इसके बाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष इंदौर पहुंचे और यहां से बैंगलोर के रवाना हो गए।

भाजपा ने बैतूल और सीधी जिले के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यकारिणियों की घोषणा शुरू हो गई है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से बैतूल जिले के जिला पदाधिकारियों और सीधी जिले के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसके पूर्व 4 जिले हरदा, देवास, मऊगंज और सागर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित की जा चुकी है। इसी बीच मऊगंज में भाजपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और देवतालाब विधायक गिरीश गौतम के बेटे राहुल गौतम ने जिला उपाध्यक्ष का पद छोड़ने की बात कही है। मैं इसके पहले भी संगठन में जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुका हूं। इस कारण इस जिम्मेदारी को किसी अन्य कार्यकर्ता को दिए जाने की आवश्यकता है।

शिवराज और डॉ. यादव की सौजन्य भेंट

भोपाल। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सौजन्य भेंट की।

लोकतांत्रिक विरोध से डरी भाजपा, पटवारी पर करा रही प्रायोजित हमलेः नायक

पुलिस महानिदेश को ज्ञापन देकर सुरक्षा बढ़ाने की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने आरोप लगाया है कि लोकतांत्रिक विरोध से भयभीत भाजपा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर लगातार प्रायोजित जानलेवा हमले करा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बर्दाश्त नहीं करेगी और प्रदेश भर में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त को रतलाम और 1 सितंबर को नीमच में 'वोट चोर - गद्दी छोड़' रैली के दौरान भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों द्वारा की गई पत्थरबाज़ी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर जानलेवा हमले की स्पष्ट मंशा को दर्शाती है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल नायक के नेतृत्व में प्रदेश पुलिस महानिदेशक से भेंट कर ज्ञापन सौंपा और पटवारी की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कुंदन पंजाबी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के काफ़िले पर हुआ हमला लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है।

अपने जन्मदिन को लेकर खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से अपील की

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अनोखी पहल

कहाः जन्मदिन पर न लगाएं बैनर, होर्डिंग्स और पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल अपने जन्मदिन को लेकर भी अनोखी पहल की है। हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि उनके जन्मदिन पर शुभकामनाओं के लिए बैनर, होर्डिंग्स और पोस्टर न लगाएं।

हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि कार्यकर्ताओं का स्नेह और संगठन के प्रति समर्पण उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। आप सभी के आशीर्वाद और निरंतर समर्थन के लिए मैं हृदय से कृतज्ञ हूँ।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने किया निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय का निरीक्षण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के साथ निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

फोटोकॉपी से लेकर वाहन तक के बिल धड़ल्ले से हो रहे हैं पास

अरेरा हिल्स में एक विभाग के संचालनालय में इन दिनों बिल बाऊचर से लेकर फाइलों तक के डिस्पोजल में अचानक से तेजी आ गई है। दरअसल, इस संचालनालय में एक डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी की नियम से हटकर नियुक्ति का मामला अभी भी विवादों में बना हुआ है। यहां विवाद कुछ इस तरह से बढ़ा है कि मंत्री ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत कर दी है। बताते हैं कि यहां वाली मैडम महीने भर से कम समय में यहां से किसी दूसरे जगह पर हुई नियुक्ति पर जा रही हैं। इसलिए जितनी भी फाइलें हैं, खासकर वाहन किराए, फोटो कॉपी तक के तेजी से बिल लग रहे हैं। पिछले दो साल से जो काम नहीं हुआ था, अब वह काम भी निबटाए जा रहे हैं। इस बिल बाऊचर में कहां क्या है, इसकी चर्चा जमकर हो रही है।

मैडम ने घबराहट में मिलना जुलना भी किया बंद

मप्र में सिया का मामला काफी विवादों में आ गया है। इसमें एक आईएएस मैडम की संदेहास्पद भूमिका पर उंगली उठ रही है। अब उन मैडम ने अपनी पदस्थापना की जगह में किसी से मिलना जुलना भी बंद कर दिया है। यहां तक कि यदि सतपुड़ा भवन के उनके दफ्तर में कोई मिलने के लिए पहुंच जाए तो उनके सहायक बोल देते हैं कि मैडम वीडियो कांफ्रेंसिंग से मीटिंग कर रही हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट से वीडियो कांफ्रेंसिंग चल रही है। हालांकि वहीं के अफसर बताते हैं कि कोई वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं चलती। यह हर दिन का बहाना है। दरअसल, सिया का मामला काफी पेंचीदा हो गया है, इसलिए मैडम को लगता है कि कहीं उनसे सिया मामले में सवाल न पूछ लिया जाए। वे किसी से मिलने व बातचीत करने में भी इसी वजह से कतराती हैं। अब सिया का मामला ही ऐसा है कि मैडम को न तो उगलते बन रहा है और न ही निगलते।

सतपुड़ा में एक विभाग के साहब को अकेले ही रहने का शौक

सतपुड़ा भवन में पीएचई का भोपाल संभाग का कार्यालय है। इस कार्यालय की स्थिति वैसे तो इतनी खराब है कि कर्मचारियों का काम में मन ही नहीं लगता। ले देकर सबसे बड़े साहब ही ऐसे हैं कि ठेकेदार से लेकर जिलों से आने वाले अन्य लोगों के साथ बैठे रहते हैं। बाकी पूरा कार्यालय खाली रहता है। बड़े साहब भी काफी सतर्कता के साथ लोगों के साथ बैठते व बातचीत करते हैं। वे परिचित से ही मिलते हैं, यदि कोई काम से या विभाग से जुड़ी बातों को लेकर मिलना चाहे तो उसके लिए उनके पास टाइम नहीं है। कर्मचारी बताते हैं कि साहब की रुचि की वजह से वहां के कर्मचारी खासे परेशान हैं। पर वे विभाग में जिस तरह से उहापोह का वातावरण है, ऐसे में कोई शिकायत भी नहीं करना चाहता। उसे लगता है कि कहीं तबादला न कर दी जाए।

शायद, 15 साल बाद भी नहीं है चुनाव की जरूरत

मप्र में सहकारी समितियों में करीब 15 वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं। जबकि नियम यह है कि प्रत्येक पांच वर्ष में हर हाल में चुनाव कराना है। पिछले कुछ समय पहले चुनाव की तैयारी हुई, पर उस पर इसलिए रोक लगा दी गई कि केंद्र सरकार इसमें कुछ अलग करने जा रही है। राज्य सरकार भी चुनाव के पक्ष में नहीं है। शायद इसीलिए सोसायटियों में वर्षों से जमे प्रशासक मुस्तैदी के साथ जमे हैं। इन प्रशासकों के खिलाफ हजारों की संख्या में शिकायतें हो चुकी है, पर इन शिकायतों पर कार्रवाई तो दूर, विभाग ही मेहरबान है। इस वजह से प्रशासकों के मौज ही मौज है। हालांकि किसानों में समितियों के प्रशासकों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

हरि अग्रहरि

कोर्ट की अवमानना में फंसे कलेक्टर तहसीलदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार क्षेत्र के एक जमीन से जुड़े केस में कोर्ट की अवमानना जद में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह आ गए हैं, जिसको लेकर सोमवार को कलेक्टर ने टाइम लिमिट बैठक में तहसीलदारों को फटकार लगा दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट से जुड़े जमीनों के केसों में मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। अगर किसी भी केस में अवमानना का मामला बनता है तो उसकी जिम्मेदारी तहसीलदारों की होगी। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में सभी एसडीएम और तहसीलदार सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक कोर्ट का काम निपटा रहे हैं।

शिवशेखर शुक्ला बने अपर मुख्य सचिव गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही अपर मुख्य सचिव गृह का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। उनके पास वर्तमान कार्यों के साथ ही गृह विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से रहेगा। एसीएस शुक्ला के पास संस्कृति एवं पर्यटन के साथ ही धार्मिक एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। शुक्ला के पास आयुक्त सह संचालक स्वराज संस्थान, न्यासी सचिव भारत भवन, विकअ सह आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास बोर्ड भी रहेगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने समीक्षा कर दिए निर्देश

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय भोपाल में चिकित्सकीय मैनपॉवर भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास कार्यों और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे हों जिससे जनता को समय पर सुविधाएं और युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के अवसर मिल सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं मानदेय से संबंधित विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती के लिए नियमों में संशोधन की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय और आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रक्रिया 15 सितम्बर तक पूरी कर शीघ्र भर्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी तथा सीईओ आयुष्मान मध्यप्रदेश डॉ. योगेश भरसट उपस्थित रहे।

हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की अद्यतन

शुक्ल ने कहा कि एएनएम काउंसलिंग, फार्मासिस्ट नियुक्ति परीक्षा और हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से एफआरयू संचालन की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को मानक अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने चिकित्सा अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीपीपी मोड पर धार, बैतूल, कटनी और पन्ना में मेडिकल कॉलेज स्थापना की कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की।

'रिटायर्ड प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा पर लाभ दें'

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश शासन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य वित्तीय लाभ का निर्धारण कर उसका भुगतान करें। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि इस मामले में सरकार की लंबित अपील पर कोई स्थगन मिलता है या अपील स्वीकार होती है तो याचिकाकर्ता उससे प्रभावित होंगे। याचिकाकर्ता डॉ. सुशांत सिन्हा, डॉ. दीपा खरे, डॉ. अनुराधा मिश्रा सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि इन प्राध्यापकों की नियुक्ति वर्ष 2000 से पहले की है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025

07 शूटर्स की जानकारी होगी क्रॉस चेक, एनआरएआई

12 क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय...

3

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष का पद किसी व्यक्ति विशेष की महत्वाकांक्षा का प्रतीक नहीं बल्कि यह समाज सेवा और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हरिभूमि चर्चा

अब पहले की तरह धूमधाम व सनातनी पारंपरिक तरीके से भव्य रूप से तीज-त्योहार मनाएंगे। मैं अपनी जीत को सनातनी जनता को समर्पित करता हूं। यह पद किसी व्यक्ति विशेष की महत्वाकांक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज सेवा और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम है। यह बात हिन्दू उत्सव समिति के नवागत अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने हरिभूमि से चर्चा करे दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि समिति का अध्यक्ष बनना मेरी लिए गौरव की बात है, लेकिन इससे भी बड़ा दायित्व है समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना।

नए भोपाल व पुराने भोपाल में लगातार चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

जनता की सहभागिता से ही होगा हर निर्णय

हिंदू उत्सव अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि उनका हर निर्णय जनता की सहभागिता से ही होगा। समर्थकों ने इस कदम को जनता के प्रति उनकी निष्ठा और लोकतांत्रिक आस्था का परिचायक बताया। तिवारी ने कहा कि अभी तक हिन्दू समिति को सिर्फ पुराने भोपाल की समिति के रूप में जाना जाता है। लेकिन अब हम इसके स्वरूप में बदलवाकर विस्तार करने की योजना पर काम करेंगे। इसके तहत नए भोपाल व पुराने भोपाल में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि हम सबको साथ लेकर काम करेंगे। सभी सदस्यों से बात कर समिति की गठन किया जाएगा।

यह मेरी नहीं सनातनी जनता की जीत है: चंद्रशेखर

अब पहले की तरह धूमधाम और पारंपरिक तरीके से भव्य रूप से मनाएंगे तीज-त्यौहार

हिंदू समाज के लोगों को जोड़ने का काम करेंगे

समिति अपने उद्देश्य व सेवा कार्य,जनकल्याण के कामों से भटक गई थी। वह सिर्फ शोभायात्रा व जुलूस निकालने तक सीमित रह गई थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जो हिन्दू समाज के लोग हिन्दू उत्सव समिति से कट गए थे। अब हिन्दू उत्सव समिति फिर से जोड़ने का काम करेगी। जल्द ही सभी समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। समाज के लोगों की कोई परेशानी है। किसी प्रकार की दिक्कत आ रही थी। उसको मिलजुलकर दूर करेंगे।

जोरदार हुआ स्वागत

हिन्दू उत्सव समिति के नवगात अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी का सोमवार को पहले दिन जोर-शोर से स्वागत किया गया। पुराने शहर चौक से लेकर नए शहर में जोरदार स्वागत किया गया।

खबर संक्षेप

छात्राओं से दुष्कर्म केस में मीडिया ट्रायल पर रोक

भोपाल। कॉलेज में पढऩे वाली हिन्दू छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर मारपीट कर उनके अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने तथा धर्म परिवर्तित करने का दबाव डालने के आरोपियों के खिलाफ विचाराधीन मामलों के संबंध में मीडिया में खबरों के प्रकाशन और प्रसारण पर सेशन कोर्ट ने रोक लगा दी है। सोमवार को कोर्ट ने कहा है कि पीड़िताओं और अभियोजन की आपत्तियों को देखते हुए विचाराधीन मामलों के संबंध में मीडिया में खबरें प्रकाशित और प्रसारित न की जाएं।

भोपाल-बिलासपुर एक्स. करगी स्टेशन पर रुकेगी

भोपाल। रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए भोपाल स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर- एक्सप्रेस ट्रेन का खोंगसरा, बेलगहना एवं करगी रोड पर ठहराव दिया जा रहा है। एक सितंबर से यह सौगात दे दी है। 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस खोंगसरा रेलवे स्टेशन पर 01:25 पर पहुंचेगी। बेलगहना स्टेशन पर 01:43 पर पहुंचेगी। करगी रोड रेलवे स्टेशन पर 01:58 पर हाल्ट लेगी।

सितंबर की शुरुआत बारिश के लिहाज से बेहतर रही

शहर में झमाझम के दो दौर, 9 घंटे में 13 मिमी बारिश, तापमान में गिरावट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आज मंगलवार को भी राजधानी में बारिश का दौर ऐसा ही रहेगा | **बारिश से दिन के तापमान में 1.5 डिग्री की कमी आई**

राजधानी में सोमवार को सुबह से शाम तक झमाझम बारिश के दौर चले। इससे सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच बैरागढ़ में 13 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि शहरी इलाके में इससे अधिक बारिश हुई। बारिश से दिन के तापमान में 1.5 डिग्री की कमी आई।

दिन का पारा 30.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी राजधानी में बारिश का दौर ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के मध्य हिस्से में सिस्टम की सक्रियता बनी हुई है। इससे भोपाल में अभी मध्यम बारिश जारी रहेगी।

इस महीने सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

राजधानी के भदभदा रोड के पास लिया गया बारिश का चित्र।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार इस महीने बंगाल की खाड़ी में लगातार सिस्टम बनने और उनमें से अधिकांश सिस्टम प्रदेश से होकर गुजरने से भोपाल में बारिश के आंकड़े सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। हालांकि, 31 अगस्त तक शहर में बारिश सामान्य से कम रही है, लेकिन सितंबर में सामान्य से अधिक होगी। सितंबर में सामान्य तौर पर यहां 175.6 मिमी बारिश होती है। पहले दिन 36 घंटे में करीब 31 मिमी बारिश हुई है।

बारिश में चलती रही बिजली की आंख-मिचौली

बारिश के बीच रविवार-सोमवार रात के साथ ही सोमवार दिन में भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिजली का आना-जाना लगा रहा। अयोध्या नगर, पिपलानी, भेल, शाहपुरा, अरेरा कॉलोनी, अरेरा हिल्स, अशोका गार्डन, पुराने शहर के कई इलाकों में बिजली की आंख-मिचौली जारी रही।

5 नंबर स्टॉप पर गिरा पेड़।

बारिश से ट्रेनें हुई लेट

देशभर के कई हिस्सों में हो रही बारिश के चलते सोमवार को भोपाल आने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेनें अपने निर्धारित समय से चार घंटे तक की देरी आई।

यह ट्रेनें आई देरी से

- 01026 बलिया - दादर स्पेशल 4:06 घंटे की देरी से आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 1: 09 मिनट देरी से आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0:45 मिनट की देरी से आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1.12 मिनट देरी से आई
- 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस सह पैसेंजर 1.02 मिनट देरी से आई

सामान बचाने की जद्दोजहद

एक बार फिर भोपाल स्टेशन के शेड से फूटा झरना, भीगते रहे यात्री

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर शेड से पानी गिरने की वजह से यात्रियों को सोमवार को परेशान होना पड़ा। दरअसल इस साल स्टेशन पानी के झारने ने यात्रियों को परेशान कर दिया है। तीन महीनें में यह लगातार तीसरी बार है कि जब प्लेटफार्म के अंदर पानी गिरने की शिकायत सामाने आई है। सोमवार को बारिश की कुछ बूंदों के साथ ही स्टेशन की छत और शेड से धाराओं की तरह पानी गिरने लगा, जिससे यात्रियों की परेशानियां बढ़ गईं। कई जगहों पर तो शेड से झरने की तरह पानी गिरता रहा, जिससे यात्री अपने सामान और खुद को भीगने से बचाने के लिए इधर-उधर छिपते नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी प्लेटफार्म नंबर-1 पर रही, जहां बैठने की जगह तक पर पानी टपकने से यात्रियों को खड़े होने में भी परेशान हो रही थी।

पुलिस कमिश्नर मिश्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया खुलासा

एक ही परिवार तीन पीढ़ी से कर रहा था अवैध हथियारों को बनाने का गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने टीकमगढ़ जिले में अवैध हथियारों के बनाने की दो फैक्ट्रियों का पर्दाफाश किया है। इस मामले में खुलासा हुआ है कि जतारा रामगढ़ में रहने वाला आनंदी विश्वकर्मा अपने बेटे सुरेन्द्र विश्वकर्मा सहित पूरे परिवार के साथ मिलकर अवैध हथियार बनाता था। आरोपी फैक्ट्री में बनने वाले हथियारों को मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के साथ ही दूसरे राज्यों में सप्लाई करते थे। आरोपियों ने अपने हथियार की सप्लाई के लिए एजेंट भी बना रखे थे। मुख्य आरोपी सुरेन्द्र जब जेल गया तो उसके पिता ने नाबालिग पोते और एक अन्य बेटे धर्मेन्द्र को भी इस अवैध कारोबार में लगा दिया।

पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले दिनों निशातपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक मुख्तेयार खान को गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस जब्त हुए थे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उक्त पिस्टल करीब डेढ़ साल पहले टीकमगढ़ निवासी सुरेंद्र विश्वकर्मा से पैंतीस हजार रुपए में खरीदी थी। पुलिस ने जब सुरेंद्र विश्वकर्मा के बारे में जानकारी जुटाई, तो पता चला कि वह और उसका पूरा परिवार पिछले कई वर्षों से अवैध शस्त्र निर्माण में लिप्त है।

मुख्य आरोपी सुरेंद्र विश्वकर्मा का पिता आनंदी विश्वकर्मा मूलतः ग्राम चंदेरी, बलदेवगढ़, थाना कुडीला जिला टीकमगढ़ का रहने वाला है। वह पिछले करीब चालीस वर्षों से कृषि उपकरण बनाने का कारखाना चला रहा है। उसने अपने घर के अलावा एक वेयर हाउस किराए पर लेकर फैक्ट्री खोल रखी थी। दिखावे के लिए दोनों कारखानों में कृषि उपकरण बनाए जाते थे, लेकिन असल काम अवैध हथियार बनाना था। इस काम में परिवार के ही लोग जुड़े रहते थे, जिससे बाकी लोगों को इसकी जानकारी नहीं मिल सके।

यासीन मछली और उसके गुर्गों को भी की सप्लाई

उल्लेखनीय है कि पकड़े गए आरोपियों के तार यासीन मछली और उसके गिरोह से जुड़े हैं। पकड़े गए आरोपी यासीन मछली और उसके गिरोह से जुड़े बदमाशों को भी कई बार हथियार बेच चुके हैं। अवैध हथियारों की फैक्ट्री संचालन का गिरोह का नेटवर्क काफी बड़ा है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक आरोपी मुख्तार खान निवासी करोंद निशातपुरा भोपाल, सुरेंद्र विश्वकर्मा निवासी चंदेरी बलदेवगढ़ टीकमगढ़, सैफ अली उर्फ रिंकू निवासी धार रोड इंदौर, मुमताज अली निवासी जतारा टीकमगढ़ और आनंद विश्वकर्मा निवासी बलदेवगढ़ टीकमगढ़ को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी नरेंद्र प्रताप सिंह परमार निवासी कुंवरपुरा रोड, जतारा टीकमगढ़ अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

हथियार बनाने के उपकरण किए जब्त

क्राइम ब्रांच ने दोनों स्थानों पर छापाकर मामले का खुलासा किया है। कारखाने से लेथ मशीनें, वेल्डिंग मशीनें, घिसाई और कटाई मशीनें, एक देसी पिस्टल, तीन आधी बनी हुई देसी पिस्टल, बैरल, लोहे के फ्रेम, कारतूस, मैगजीन पिस्तौल की पत्ती, दो जिंदा राउंड, ब्लेंडर मोटर, लोहे की पाइप ब्लेंडर मशीन, ग्रिल मशीन, ड्रिल मशीन, बड़ी मिलिंग मशीन, छोटी-बड़ी बट की लकड़ियां, लोहे के स्प्रिंग, स्लाइडर, घोड़ा ट्रिगर एवं अन्य कलपुर्जे तथा कच्चा सामान जब्त किया गया है।

अवैध हथियार फैक्ट्री के आरोपी 3 दिन रिमांड पर

गिरफ्तार किए गए आरोपियों मुख्तार खान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सैफ अली उर्फ रिंकू, मुमताज अली और आनंदी विश्वकर्मा को सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शरद जायसवाल के समक्ष पेश कर आरोपियों से उनके नेटवर्क के संबंध में और अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ करने के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रामगढ़ में क्राइम ब्रांच भोपाल ने छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर नर्मदा एक्सप्रेस से गिरा युवक, घंटे भर दर्द से तड़पता रहा

24 घंटे डॉक्टरों की उपस्थिति का दावा, लेकिन काफी देर तक नहीं मिला इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्लेटफार्म पर युवक के पास एक घंटे देरी से पहुंचे डॉक्टर

भोपाल रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह हुई एक घटना ने रेलवे प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी लापरवाही उजागर कर दी। सुबह 7:52 बजे नर्मदा एक्सप्रेस से एक युवक प्लेटफार्म नंबर चार पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल युवक प्लेटफार्म पर घंटों पड़ा रहा, लेकिन न डॉक्टर पहुंचे और न ही रेलवे स्टाफ ने उचित मदद की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नर्मदा एक्सप्रेस भोपाल से इंदौर की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पांडे कुमार पुरी निवासी झारखंड इंदौर जा रहा था। वह ट्रेन से प्लेटफार्म नंबर चार पर गिर पड़ा। हादसे में युवक के पैर में गहरी चोट आई, जिसके बाद वह उठने तक की स्थिति में नहीं था। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत रेलवे स्टाफ को सूचना दी, लेकिन मदद मिलने में बेहद देर हो गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि प्लेटफार्म नंबर एक पर डॉक्टरों की टीम हमेशा मौजूद रहती है, मगर उन्हें प्लेटफार्म नंबर चार तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया। इस दौरान घायल युवक असहाय होकर वहीं तड़पता रहा। एंबुलेंस समय पर नहीं आने से उसे ऑटो के जरिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पंद्रह सितंबर के बाद सीएमआरएस की टीम आएगी भोपाल

भोपाल में अक्टूबर से चलेगी पहले फेस की मेट्रो, एमडी ने देखा कॉरिडोर का ब्लू प्रिंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अक्टूबर से राजधानी भोपाल में मेट्रो संचालन शुरू करने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। जिसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे मेट्रो रूट का जायजा ले चुके हैं। पहले फेस की मेट्रो सुभाष नगर से एम्स के बीच चलेगी। जिसके लिए अफसरों ने प्रॉयोरिटी कॉरिडोर का ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लिया है।

मेट्रो शुरु करने के लिए स्टेशन कॉनकोर्स लेवल पर कंट्रोल रूम, सिस्टम रूम, आमजन संबंधी सुविधाओं सहित प्लेटफॉर्म लेवल पर चल रहे कामों का निरीक्षण किया जा रहा है। डिपो में ही बने ऐडमिन बिल्डिंग मे कंट्रोल रूम, प्रमुख सिस्टम रूम्स और प्रमुख साइट्स का काम भी चल रहा है। इधर पंद्रह सितंबर के बाद दिल्ली से आने वाली कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम भोपाल मेट्रो का निरीक्षण करने आ सकती है। इसके लिए मेट्रो बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटा हुआ है।

डिपो और मेन लाइन का काम पूरा

डिपो और मेन लाइन के जो काम पूरे हो गए हैं। जिनकी फाइलें सीएमआरएस के पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। फाइलों के अपलोड होने के बाद मेट्रो सीएमआरएस से निरीक्षण के लिए तारीख तय करेगा। इसके बाद सीएमआरएस की टीम भोपाल आएगी। अक्टूबर में मेट्रो चलाने 30 सितंबर तक प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम पूरे करने का टारगेट रखा है।

पहले होगा डिपो का निरीक्षण उसके बाद मेन लाइन का नंबर

इंदौर की तरह भोपाल में भी सीएमआरएस की टीम आकर दो बार निरीक्षण करेगी। जिस तरह इंदौर में पहले डिपो का निरीक्षण हुआ और उसके बाद मेन लाइन का निरीक्षण करने के लिए सीएमआरएस की टीम आई थी। ठीक उसी तरह भोपाल में सीएमआरएस की टीम पहले डिपो व ट्रेन का निरीक्षण करेगी। इसके बाद मेन लाइन के निरीक्षण का नंबर आएगा।

जहांगीराबाद में 528 लीटर पेट्रोल जब्त

पेट्रोल पंप की जांच करने पहुंची टीम को स्टॉक में मिला अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद स्थित एक पेट्रोल पंप से सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने 528.99 लीटर पेट्रोल जब्त किया। यहां स्टॉक में अंतर मिला।

जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि राजधानी पेट्रो पॉइंट जहांगीराबाद की निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल प्रदाय किए जाने संबंधी शिकायत मिली थी। इस पर सोमवार शाम को टीम मौके पर पहुंची और जांच की। टीम द्वारा की गई जांच में स्पीड पेट्रोल में छूट सीमा से अधिक अंतर पाए जाने के कारण 528.99 लीटर जब्त किया गया। इसकी कुल कीमत 60 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। जिला खाद्य नियंत्रक जादौन ने बताया कि स्टॉक में अंतर क्यों पाया गया, इसकी जांच भी की जा रही है।

शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाया गया और बयान दर्ज किए गए। साथ ही पेट्रोल के नोजल से प्रदाय की मात्रा की जांच की गई।

डायमंड सिटी के चालीस मकानों का कब्जा, पेट्रोल पंप, निगम की 30 दुकानें शामिल

पशुपालन विभाग की जमीन पर मिला मछली परिवार का कब्जा, 200 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तीन दिन चले 99 एकड़ जमीन के सीमांकन की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी | **नगर निगम की बनी हैं दुकानें, अब जमीन करना पड़ेगी अदला-बदली**

हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा के पास पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन को लेकर सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। ग्यारह पटवारी और तीन राजस्व निरीक्षकों की टीम ने रिपोर्ट तैयार कर गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा को सौंप दी है। जिसमें खसरे के हिसाब से मछली परिवार के लोगों का कब्जा भी मिला है।

डायमंड सिटी के 200 लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा

इधर डायमंड सिटी के 40 से अधिक मकान भी कब्जे की जद में आए हैं। एक तीन मंजिला स्कूल, नगर निगम की 30 दुकानें, पेट्रोल पंप और कस्तूरी कार्टयार्ड और राजधानी परिसर फेस-1 और 2 का कब्जा भी सामने आया है। जिसको लेकर दो सौ लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद कब्जे हटाए जाएंगे। पशुपालन विभाग की 99 में से 6 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण मिला है। जिसमें 40 मकान, प्लाट, 30 दुकान, एक पेट्रोल पंप, एक स्कूल समेत कब्जे मिले हैं।

सरकारी जमीन से रास्ता निकाल महंगे दामों पर बेचे प्लॉट

पशुपालन विभाग की जमीन से बड़ा रास्ता निकालकर बिल्डर्स ने डायमंड सिटी, कस्तूरी कोर्टयार्ड, राजधानी परिसर फेस वन और टू में महंगे दामों पर प्लॉट बेचे हैं। इधर रहवासियों ने रास्ता देखकर ही यहां पर महंगे दामों पर प्लॉट खरीदे थे, लेकिन रहवासियों को नहीं पता था कि सरकारी जमीन है।

आठ साल पहले हुए कब्जे, आंख मूंदे रहे अफसर

गोविंदपुरा तहसील एरिया में आने वाली इस जमीन पर पिछले आठ साल से कब्जे हो रहे थे, लेकिन तहसील के अफसर आंख मूंदे रहे, जिससे कब्जेधारियों ने अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। मछली परिवार के ड्रग्म और रेप मामले का खुलासा होने के बाद पशुपालन विभाग की नींद खुली तो सीमांकन कराया गया।

निगम से जमीन करना पड़ेगी अदला-बदली

नगर निगम की 30 दुकानें और पेट्रोल पंप के कब्जे का खुलासा होने के बाद अब अफसर इस जमीन को विभाग से अदला-बदली करने की सलाह दे रहे हैं, दरअसल निगम ने अपनी जमीन होते हुए भी पशुपालन विभाग की जमीन पर दुकानें बना डालीं, जिससे यह हालात बने हैं।

जैकेट का शेष...

प्रधानमंत्री मोदी ने...

है। संयुक्त घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उपायों का जिक्र किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया।

आतंकवाद के खिलाफ...

आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई की जाए। एससीओ ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद अहम है और सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति को पूरी तरह लागू करना चाहिए, ताकि सभी आतंकी संगठनों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई की जा सके।

भारत ने नियमों का ...

है। पिछले हफ्ते पीटर नवारो ने एक्स पर कई पोस्ट में यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया और कहा कि भारत रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को फंड कर रहा है। उन्होंने भारत को एक 'तेल लॉबी के हाथों में पड़ी लोकतांत्रिक लॉन्ड्री' बताया और प्रधानमंत्री मोदी की भगवा वस्त्रों में तस्वीर भी पोस्ट की। पुरी ने इसका जवाब दिया कि ईरान या वेनेजुएला की तरह रूसी तेल पर कोई सीधा प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने लिखा कि रूसी तेल पर जी-7 और यूरोपीय संघ की ओर से एक मूल्य सीमा व्यवस्था लागू की गई है, जिसका उद्देश्य तेल की आपूर्ति को चालू रखना और रूस की आय सीमित करना है। ऐसे 18 पैकेज लाए गए हैं और भारत ने सभी का पालन किया है।

बालाघाट में आकाशीय...

मौत हो गई। उसकी पत्नी घायल है, जिसे अस्पताल ले जाया गया। भोपाल में सुबह 5 बजे से करीब ड़ढे घंटे तेज बारिश हुई। दोपहर में भी 3 बजे तेज बारिश हुई। भोपाल में सोमवार को 9 घंटे में कुल 13 मिमी बारिश हुई। रतलाम के धोलावाड़ डैम के तीन गेट खोलने पड़े हैं। पलसोड़ा गांव पानी में पूरी तरह डूब गया है। लोग छतों पर चढ़ गए। उसरगार और अमलेटा गांव के बीच नाले की पुलिया धंसने से ट्रैफिक रुक गया है। उपलई गांव में एक कार पलट गई। ग्रामीणों ने कार सवार लोगों को बाहर निकाला। रतलाम के गांव अमलेटा में में रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे पानी भर गया, जिससे रतलाम से संपर्क कट गया। ब्रिज के ऊपर से रेलवे पटरियों के सहारे स्कूली बच्चों ओर ग्रामीणों को गुजरना पड़ा। निवाड़ी जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। 3 बच्चे घायल हुए हैं।

आज से कल तक...

जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में मध्यम बारिश का येलो अलर्ट है।

बीच आसमान में...

सुबह 6 बजे पुणे से उड़ान भरने वाली थी, लेकिन 40 मिनट की देरी से प्लेन रवाना हुआ। इस फ्लाइट को सुबह 8.10 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन बीच रास्ते में समस्या आने पर वापस लौटना पड़ा। पायलटों को जब तकनीकी खराबी का पता चला तब प्लेन दमन तक पहुंच चुका था। स्पाइसजेट ने बताया कि उड़ान के बाद विमान को सुरक्षित उतारा गया और सभी यात्रियों को सामान्य तरीके से नीचे उतारा गया। एयरलाइन ने कहा कि प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा जाएगा। जिनका सफर रद हो गया है, उन्हें पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी एंट्री पर हाईकोर्ट का फैसला

आम श्रद्धालु गर्भगृह से दूर रहेंगे कलेक्टर के आदेश को सही मानते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं की एंट्री पर रोक और नेताओं व वीआईपी को विशेष अनुमति देने के मामले में सोमवार को मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उज्जैन कलेक्टर के आदेश को सही मानते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। यानी आम भक्तों को गर्भगृह में अभी प्रवेश नहीं मिलेगा और निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर के पास ही रहेगा।

पिछले डेढ़ साल से महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आम भक्तों का प्रवेश बंद है। इस दौरान नेताओं, अधिकारियों और अन्य वीआईपी को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति मिलती रही। वीआईपी कल्चर को चुनौती देते हुए इंदौर निवासी दर्पण अवस्थी ने वकील चर्चित शास्त्री के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि देशभर से लाखों भक्त उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें केवल बाहर से ही दर्शन करना पड़ता है। वहीं प्रभावशाली लोग और उनके परिजन सीधे गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना कर पाते हैं। इसे आम भक्तों की भावनाओं के साथ अन्याय बताया गया था।

निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर के पास ही रहेगा, रिव्यू पिटीशन की तैयारी

पुजारी महासंघ ने भी याचिका का किया समर्थन: अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने भी याचिका का समर्थन किया और कोर्ट से कहा कि गर्भगृह दर्शन के लिए नीति बनाई जाए। महासंघ ने सुझाव दिया कि चाहे शुल्क निर्धारित किया जाए या समय, लेकिन आम भक्तों को भी बाबा महाकाल के समीप जाने का अवसर मिलना चाहिए।

जिला प्रशासन ही तय करे किसे प्रवेश की अनुमति होगी

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कलेक्टर के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ही तय करेंगे कि गर्भगृह में किसे प्रवेश की अनुमति होगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि फिलहाल की व्यवस्था बनी रहेगी।

पेज एक का शेष...

कई जिंदगियां मिट्टी....

8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलिकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं।

भूकंप के कारण संचार व्यवस्था ध्वस्त: पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल इलाके में पहुंच गए हैं। जमान ने कहा कि कई इलाकों से हताहतों की संख्या की सूचना नहीं मिल पाई है। मौतों और घायलों की सूचना मिलने पर संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, जान बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जाएगा। पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ अपनी निकटता और दोनों देशों के बीच एक प्रमुख सीमा पार होने के कारण जलालाबाद एक चहल-पहल वाला व्यापारिक शहर है। नगरपालिका के अनुसार इसकी आबादी लगभग 3,00,000 है, लेकिन इसका महानगरीय क्षेत्र कहीं अधिक बड़ा माना जाता है। इसकी अधिकांश इमारतें कम ऊंचाई वाली हैं, जो ज्यादातर कंक्रीट और ईंटों से बनी हैं। इसके बाहरी इलाकों में मिट्टी की ईंटों और लकड़ी से बने घर हैं। कई घरों की गुणवत्ता घटिया है।

वैदिक घड़ी में दिन ...

है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घड़ी के अनावरण और उसके एप लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस घड़ी में धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए मुहूर्तों की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा है। प्रचलित समय में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, जीएमटी और आईएसटी समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई है। यह एप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

विरासत-विकास प्रकृति...

आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत का केंद्र उज्जैन है और उज्जैन का केंद्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है। डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है। संभवतः डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं। पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं।

पूर्णिमा और अमावस्या...

प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं। पूर्णिमा और अमावस्या का समुद्र पर प्रभाव ज्वार-भाटा से आंका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे हमारी तिथियों की सत्यता प्रमाणित होती है। मानसिक रोगियों पर अमावस्या और पूर्णिमा का प्रभाव चिकित्सा शास्त्र भी स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर संरचना में 70 प्रतिशत जल का अंश है, जो अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रभावित होता है। इसी का परिणाम है कि मानसिक अस्पतालों को अमावस्या और पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने के स्थाई निर्देश हैं।

राहुल गांधी बोले....

के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। आपने एटम बम का नाम सुना है? एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। भाजपा के लोगों तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। पूरे देश को आपकी सच्चाई पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी अपना चेहरा देश को नहीं दिखा सकेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संबोधित करते हुए कहा कि इस 15 दिन की यात्रा पूरे देश में चर्चा चली। भाजपा ने इसमें रुकावट डालने की पूरी कोशिश की। भाजपा ने राहुल के बयान पर कहा कि उनकी राजनीति व रवैया समझ से परे है।गांधी मैदान से वोटर अधिकार मार्च की शुरुआत हुई। डाक बंगला चौराहे पर नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद यह मार्च हाई कोर्ट स्थित अंबेडकर प्रतिमा तक पहुंचा और फिर समाप्त हुआ।

सोना पहली बार...

इसकी कीमत 1,17,572 रुपए थी। सोमवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आने की वजह अमेरिकी डॉलर में कमजोरी, सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती उम्मीदें और ट्रंप टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताएं रही हैं। जानकारों कहना है कि अमेरिका के टैरिफ के चलते भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 28,630 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 37,233 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए पर पहुंच गया है।

भगवान के लिए ...

इंगले की शिकायत पर रावजी बाजार पुलिस ने समाजवाद नगर निवासी निर्मला हार्डिया और रेणुका हार्डिया पर रविवार को एफआईआर की है। दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। अनुकूल ने पुलिस को बताया कि मैं क्षत्रिय धर्मशाला के पास से निकल रहा था। तभी दो महिलाएं मेरे पास पहुंची। उन्होंने ज्ञान गंगा नाम की किताब लेने की बात कही। इस किताब में पेज नंबर 9 पर लिखा था कि धार्मिक स्थानों पर जाना निषेध है। उपवास नहीं रखना चाहिए। गंगा स्नान भी नहीं करना चाहिए। पेज नंबर 25 पर काल को ब्रह्मा और प्रकृति को दुर्गा बताया है। काल द्वारा प्रकृति के साथ जबदस्ती करने की बात भी लिखी है। लिखा है कि इससे ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश की उत्पति हुई है।

बस की टक्कर....

टक्कर मार दी। बाइक पर सवार भाई-बहन और एक छोटी बच्ची हादसे का शिकार हो गए। घायलों को तुरंत पटेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बहन सुवा विश्वकर्मा (24) ने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल भाई मनीष विश्वकर्मा (20) को बेहतर इलाज के लिए दमोह रेफर कर दिया गया। वहीं, डिंडौरी जिले के शहपुरा थाना अंतर्गत जबलपुर रोड में ग्राम मालपुर डुंगरिया में मोड पर सोमवार की सुबह तीन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में कुल नौ लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार चार पहिया यात्री वाहन तूफान डिंडौरी से सवारियां लेकर जबलपुर जा रहा था। वहीं माल वाहक और बस जबलपुर की तरफ से डिंडौरी की ओर आ रही थी।

ओडीआई वर्ल्ड कप...

13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 115 करोड़ रुपए) तय की गई है। आईसीसी का यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है। साल 2023 में भारत में पुरुष वर्ल्ड कप हुआ था, उस समय की रकम भी कम थी। उस दौरान इनामी राशि 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, अभी के हिसाब से करेंसी एक्सचेंज करके देखा जाए तो यह धन राशि 83 करोड़ से ज्यादा बैठती है लेकिन महिला वर्ल्ड कप की रकम इससे काफी ज्यादा है।

हर विभाग में बढ़ी इनामी रकम: हर विभाग में इनामी रकम बढ़ी है, अब विश्व कप विजेता टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग रु 37.3 करोड़) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली राशि (1.32 मिलियन डॉलर) से कई गुना ज़्यादा है, और 2023 में भारत को हराकर पुरुष विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिली राशि (4 मिलियन डॉलर) से भी अधिक है। हर चरण की इनामी राशि और गारंटीडी राशि दोनों में वृद्धि देखने को मिली है।

रीवा में बाबू ...

कार्यालय का बाबू रिश्वत की मांग रहा है। नीमच जिले के जीरन में लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। राशि आरोपी के बेडरूम में पलंग के गद्दे के नीचे से बरामद हुए हैं। शिकायतकर्ता भरत कुमार भट्ट ने बताया कि उसकी मां सागर बाई का 20 मई 2024 को स्वर्गवास हो गया था। उसने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत सहायता राशि के लिए आवेदन किया था। नगर परिषद में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा मृतक की दो लाख रुपए की सहायता राशि जारी करने की एवज में 20 हजार रुपए मांगे गए थे।

सरकार को 1.86....

कलेक्शन में लगातार सुधार दिखाता है। वहीं जुलाई 2025 में जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ था, जो अगस्त से ज्यादा है। अगस्त 2025 में भारत का नेट जीएसटी रेवन्यू 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 10.7% ज्यादा है। इस दौरान घरेलू राजस्व 9.6% बढ़कर 1.37 लाख करोड़ हुआ, जबकि आयात कर 1.2% घटकर 49,354 करोड़ रह गया। वहीं, जीएसटी रिफंड 20% घटकर 19,359 करोड़ पर आ गया। यह आंकड़े ऐसे समय में आए हैं जब दो दिन बाद जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है, जिसमें टैक्स रेट को आसान बनाने और स्लैब की संख्या कम करने पर चर्चा होगी।

80 लाख के ...

देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने उस फैसले को बरकरार रखा है। जस्टिस सौरभ लावण्या ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि पत्नी आर्थिक रूप से अपना खर्च उठाने में पूरी तरह सक्षम है। बार एंड बेंच की खबर के अनुसार एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला ने अपने पति से गुजारा भत्ता मांगा था। वह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में कार्यरत थी और उनकी मासिक आय 73,000 थी। यह भी सामने आया कि उन्होंने लखनऊ में 80,43,409 का एक फ्लैट खरीदा था, जिसकी बुकिंग उन्होंने जनवरी 2023 में की थी। फैमिली कोर्ट ने पति को आदेश दिया था कि वह पत्नी को हर महीने 15,000 रुपए और उनके बच्चे को 25,000 रुपए का गुजारा भत्ता दे।

पति ने फैमिली....

आदेश बरकरार रखा। इस फैसले से यह स्पष्ट होता है कि अगर कोई पत्नी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है और खुद की कमाई से अपना खर्च चला सकती है, तो वह पति से गुजारा भत्ता पाने का दावा नहीं कर सकती।

राजा मर्डर केस...

खींच रहे हैं। दरअसल, पंडाल में भगवान गणेश के आसपास हाल ही की चर्चित घटनाओं के पोस्टर्स लगाए गए हैं। महिलाओं की हत्या, उनके साथ हुई हिंसक घटनाओं के मॉडल भी यहां मौजूद हैं। इनमें इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी सोनम रघुवंशी से लेकर 2022 में दिल्ली की श्रद्धा के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखने का मामला भी शामिल है। इनके मॉडल में खून लगा देख श्रद्धालु सहम जाते हैं। उन्हें लगता है कि भगवान के पास ऐसा क्यों है, लेकिन पास लगे पोस्टर्स में संदेश पढ़ने के बाद गलतफहमी दूर हो जाती है।

उज्जैन में गणेशजी...

ने मिलकर यह पंडाल बनाया है। सुरक्षा के लिए पंडाल के आसपास 32 कैमरे और अंदर 2 कैमरे लगाए गए हैं। दो सशस्त्र सुरक्षाकर्मी पूरे समय पहरा देते हैं। फेडरेशन अध्यक्ष प्रशांत सोनी के मुताबिक रोज शाम 6 से रात 12 बजे तक सोने के आभूषण से श्रृंगार के दर्शन होते हैं। सोनी ने बताया कि भगवान को साहूकार का स्वरूप इसलिए दिया है, ताकि भगवान भी समझें कि टैरिफ और सोने के भाव में रोजाना हो रहे उतार-चढ़ाव से व्यापार करने में कितनी दिक्कत हो रही है।

MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD
26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1651 Date: 01.09.2025

NOTICE FOR REQUEST FOR QUALIFICATION

Notice Inviting Request for Qualification (RFQ) for Empanelment of Manufactures for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair And Maintenance of Two-Directional Automatic Food Grain Analyzer For Quality Assaying Of Food Grains in Various APMCs of Madhya Pradesh.

Online offers are invited for the above-mentioned work (Tender Number : 2025_MPSAM_448339) through Madhya Pradesh e-tender portal **https://mptenders.gov.in/** on or before date 24.09.2025 upto 5:00 PM. The submission of an offer by a manufacturer implies that he has read the detailed RFQ and all other documents. The detailed RFQ is available on **https://mptenders.gov.in/** & Madhya Pradesh State Agricultural Marketing Board website - **https://mpmandiboard.in/**

Pre-bid meeting : To discuss the scope of work and terms/conditions, will be held on 10.09.2025 at 03.00 PM at the above address.

EXECUTIVE ENGINEER
M.P. Madhyam/121814/2025 (PROJECT CELL)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

शब्द पहेली - 5976



बाएँ से दाए-
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

ऊपर से नीचे
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त, मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

शब्द पहेली -5975 का हल

क	म	ला	का	र			कु	रा	न
आ	न		र		कै	ला	श		भ	ला
वा			खा	वि	द		ल			य
च	म	क	ना			त		क	स	क
क		या		क	ल	क	ल		ली	
	आ	स		ल		रा		शा	म	
	रा		क	र	ता	र		म		ख
श	म	न		व			म	त	ल	ब
ह			म		दा	म	न			र
र	थ		ग	र	म		च		दा	दा
	ल	की	र			स	ली	के	दा	र

सूडोकु नवताल - 5986

मध्यम

8	2	5		6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5985 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

शिक्षा में 25 वर्षों की उत्कृष्टता, अब एक साहसिक डिजिटल कदम

जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने लांच किया ऑनलाइन बीबीए और एमबीए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नोएडा

जेपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (जेआईआईटी) के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने हाल ही में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों की मंजूरी के लिए केंद्र ने यूजीसी को आवेदन किया है। ये कार्यक्रम छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से व्यवसाय और प्रबंधन में अपनी योग्यता बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, जो कि आजकल के प्रतिस्पर्धी माहौल में एक आवश्यक बढ़त है।

यह केवल एक और ऑनलाइन कोर्स नहीं है यह गुणवत्ता का मानक है, जो अत्याधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-एंड स्टूडियोज और एक ऐसे इंटरैक्टिव डिजिटल क्लासरूम से संचालित है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा का अनुकरण करना नहीं, बल्कि यह पूरी तरह से पुनर्परिभाषित करना है कि शिक्षा कैसे दी जाती है और अनुभव की जाती है। इस क्रांति के पीछे हैं ऐसे विशेषज्ञ जिनकी शिक्षा हार्वर्ड,, इनसीड,आईआईटी, आईआईएम, पड्र्यू और बर्कलेजैसे विश्व के शीर्ष संस्थानों से हुई है और जो मिलकर एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं जो बॉर्डरलेस, इमर्सिव और परिणाम-केंद्रित है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्घाटन सोमवार को हुआ। यह जेआईआईटी के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जिसमें वह ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अनुयायी नहीं, अग्रणी के रूप में प्रवेश कर रहा है। जेआईआईटी के कुलाधिपति मनोज गौर ने इस अवसर पर घोषणा की, कि यह नवाचार का दशक है और हम इसका नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।ह वे जेपी उच्च शिक्षा प्रणाली में डिजिटल शिक्षण युग के शिल्पकार रहे हैं, और हमेशा यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि जेआईआईटी विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक तकनीक को अपनाते हुए, समय के साथ आगे रहे और यह सुनिश्चित करे कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए एक सहज शिक्षण अनुभव के लिए इसका लाभ उठाए। जेआईआईटी के प्रवक्ता ने कहाकि हमने पारंपरिक शिक्षा को डिजिटल में बदलने की कोशिश नहीं की, हमने इसे फिर से गढ़ने की ठानी है। यह बदलाव नहीं, यह एक परिवर्तन है। सीईओ मनु भास्कर गौर ने कहाकि शिक्षा केवल कंटेंट डिलीवरी नहीं है, यह कनेक्शन है। इसलिए हमने वार्षिक इन-पर्सन मीटअप्स, पीयर कम्युनिटीज और लाइव मेंटरशिप जैसी पहलें की हैं, ताकि हर छात्र को यह महसूस हो कि वह किसी बड़े मिशन का हिस्सा है चाहे वह कहीं भी हो। ऑनलाइन बीबीए और ऑनलाइन एमबीए का उद्देश्य ऐसे नेता तैयार करना है जो डिजिटल सोच रखते हों, वैश्विक स्तर पर कार्य कर सकें और नैतिक नेतृत्व करें।

एचडीएफसी बैंक ने की क्यूएनयू लैब्स में निवेश की घोषणा

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने क्यूएनयू लैब्स में निवेश की घोषणा की है, जो फुल-स्टैक एंड-टू-एंड क्वांटम-सेफ साइबर सुरक्षा प्लेटफ़ॉर्म में अग्रणी है। यह पहल क्वांटम सुरक्षा को आगे बढ़ाने और स्वदेशी नवाचार के माध्यम से भारत की डिजिटल संप्रभुता को मजबूत करने की क्यूएनयू की प्रतिबद्धता को बल देती है। एचडीएफसी बैंक के ट्रेजरी के समूह प्रमुख, अरूप रक्षित ने कहाकि क्यूएनयू में निवेश हमें एक स्वदेशी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार का समर्थन करने का अवसर देता है। क्वांटम साइबर सुरक्षा क्षेत्र में सक्रिय समाधान विकसित करके, क्यूएनयू लैब्स अपने क्वांटम-सेफ संचार नेटवर्क के साथ वित्तीय क्षेत्र में एक बहुमूल्य योगदान देता है। क्यूएनयू लैब्स के सीईओ सुनील गुप्ता ने कहाकि एचडीएफसी बैंक के साथ हमारी सीरीज़ ए फंडिंग पूरी होने पर हमें बेहद खुशी है। यह रणनीतिक उपलब्धि पारंपरिक और पारंपरिक एआई-आधारित सुरक्षा विधियों की तुलना में क्वांटम भौतिकी का लाभ उठाने के हमारे विरोधाभासी दृष्टिकोण को प्रमाणित करती है।

भोपाल में 1585 रुपए का हुआ सिलेंडर, होटल-रेस्तरा को राहत

कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 51 रुपए घटे, इस साल अब तक 6वीं बार कटौती

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

होटल -रेस्तरां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बड़ी राहत मिली है। तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 51 रुपए की कटौती के बाद राजधानी भोपाल में 19 किलोग्राम का गैस सिलेंडर का जो 1636 रुपए का था वह 1585 रुपए का हो गया है। जो 1 सितंबर 2025 से लागू हो गया है। इस कटौती से होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। लेकिन घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कैटरिंग और फूड इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को फायदा होगा

आरके डिस्ट्रीब्यूटर्स गैस एजेंसी संचालक आर.के गुप्ता और विनायक गैस एजेंसी के आरके बामोरिया के अनुसार सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम घटाने का फायदा होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और फूड इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को होगा। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी कंपनियों ने पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर को दामों को अपडेट किया है। ऑयल कंपनियों ने सुबह गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की घोषणा की है। कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में घटौत्री का सिलसिला पांच महीनों से जारी है। लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर के दाम जस के तस बने हुए है। उनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि अगर सिर्फ मार्च महीने को छोड़ दें, तो 1 जनवरी 2025 से कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतें लगातार घट रही हैं। 1 जनवरी में 14.50 रुपए की कटौती, फरवरी में 7 रुपए की , 1 अप्रैल को कीमतों में 41 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी 1 जून 2025 को 24 रुपए की कटौती की गई। इसके बाद 1 जुलाई 2025 को 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में 58.50 रुपए की बड़ी कटौती हुई थी। उल्लेखनीय है कि सरकारी तेल कंपनियां, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हर महीने की पहली तारीख को विमानन टरबाइन ईंधन और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। ये संशोधन औसत अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ईंधन कीमतों और विदेशी विनिमय दर में उतार-चढ़ाव पर आधारित होते हैं।

खबर संक्षेप

सीएमआर ग्रीन ने सेबी में डीआरएचपी दायर किया

मुंबई। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह कंपनी 31 मार्च, 2025 तक स्थापित क्षमता के मामले में नॉन फेरस मेटल रिसाइकलर के मामले में अग्रणी रही है। इस सार्वजनिक निर्गम में 2 रुपए प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 42,890,735 इक्विटी शेयरों की 'बिक्री पेशकश' शामिल है।

लैंक्सेस ने 150 मि.यूरो का एबिटा प्री हासिल किया

मुंबई। वैश्विक बाजार के कमजोर माहौल ने 2025 की दूसरी तिमाही में लैंक्सेस के परिणामों को प्रभावित किया। इस विशेष रसायन कंपनी ने 150 मिलियन यूरो का एबिटा प्री एक्सेप्शनल्स हासिल किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 181 मिलियन यूरो की तुलना में 17.1 प्रतिशत कम है। 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी यूरेथेन सिस्टम्स बिजनेस यूनिट की बिक्री ने भी आय में कमी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

देव इन्फॉर्मेशन को मिला बड़ा ऑर्डर

नई दिल्ली। देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड को राजकॉम्प इंफो सर्विसेज लिमिटेड से पोर्टल वेबसाइट्स नामक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का ऑर्डर हासिल किया है। देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड के पास भारत में विभिन्न सरकारी संस्थानों से लगभग 50 करोड़ के सक्रिय वर्क ऑर्डर हैं। कंपनी ने एलिवस लाइफसाइंसेस लिमिटेड से भी लगभग 4.4 करोड़ के महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किए थे।

न्युवोको ने की विस्तार योजनाओं की घोषणा

मुंबई। सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने अपनी व्यावसायिक रणनीति के अनुरूप पूर्वी भारत में विस्तार योजनाओं की घोषणा की। कंपनी कई परियोजनाओं पर काम कर रही है, ताकि अपनी बाजार पहुंच और उपस्थिति को और विविध बनाया जा सके। न्युवोको विस्टास अपने अरसमेटा सीमेंट प्लांट में एक नई मिल जोड़ने, जोजोबेरा, पानागढ़ ,ओडिशा सीमेंट प्लांट में डिबॉटलनेकिंग परियोजनाओं के जरिए पूर्वी भारत में उपस्थिति को मजबूत कर रही है।

सर्वेश्वर फूड्स का राइट्स इश्यू आज खुलेगा

जम्मू। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड 134 साल पुरानी एकीकृत फार्म-टू-फोर्क फूड कंपनी है ने घोषणा की है कि अपनी राइट्स इश्यू मंगलवार 2 सितंबर 2025 को खोल रही है, जिसका लक्ष्य 149.95 करोड़ रुपए जुटाना है। इश्यू का आकार 24,99,10,469 इक्विटी शेयरों का है, प्रत्येक का अंकित मूल्य 1 रुपए है और प्रति शेयर इश्यू मूल्य 6 है।

सोना पहली बार 1.05 लाख रु.के पार, चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल

ढाई साल बाद 2 लाख रुपए किलो के पार होगी चांदी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सोने और चांदी की कीमतें रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। एमसीएक्स पर सोने के भाव ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। एक सितंबर को सोना और चांदी अपने आलटाइम हाई पर पहुंच गए है। सराफा व्यापारियों के अनुसार सोमवार को सोना 2,404 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 5,678 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,17,572 रुपए थी।

सोमवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आने की वजह अमेरिकी डॉलर में कमजोरी, सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती उम्मीदें और ट्रंप टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताएं रही हैं। जानकारों का अनुमान है कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहता तो 2028 तक चांदी की कीमत 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। फिलहाल सोने -चांदी में जो तेजी हावी है उसको अमेरिका के टैरिफ , भू-राजनैतिक तनाव का सपोर्ट मिला हुआ है। इसके साथ इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 28,630 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 37,233 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने कहाकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीदारी कर रहे है। जबकि डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के चलते भी सोना महंगा होना भी एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा चीन और रूस जैसे देश बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं, जिससे बाजार में सोने की मांग बढ़ी है।

वेदांता ने 450 करोड़ से अधिक की एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शंस स्कीम को किया रोल आउट

नई दिल्ली । वेदांता ग्रुप ने वित्तीय वर्ष 25 में रु 450 करोड़ से अधिक की 'एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स स्कीम (ईएसओएस)' के साथ समावेशी सम्पत्ति सृजन में नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। ईएसओएस अनुदान में टॉप मैनेजमेंट एवं प्रविष्टी स्तर के प्रोफेशनल्स शामिल हैं, ऐसे में यह कॉर्पोरेट भारत के सबसे लोकतांत्रित स्टॉक ऑप्शन प्रोग्रामों में से एक है। ऐसे उद्योग में जहां स्टॉक के विकल्प अक्सर सीएक्सओ और वरिष्ठ अधिकारियों तक ही सीमित रहते हैं, वेदांता का दृष्टिकोण पूरी तरह से समावेशी है। टेक जगत के विश्वस्तरीय दिग्गजों एवं कुछ भारतीय युनिकॉर्न्स ने भी व्यापक एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स वितरण पर प्रयोग करने शुरू किए हैं।

आईएमसी ने प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन भी खोला

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लांच किया एआई पावर्ड इंटरएक्टिव मोबाइल एप्लीकेशन एप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 के लिए सोमवार को एआई पावर्ड इंटरऐक्टिव मोबाइल ऐप्लीकेशन लांच किया। आईएमसी का यह नौवां संस्करण नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 8 से 11 अक्टूबर 2025 तक होगा। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 ऐप में अगली पीढ़ी की खूबियों का एक सेट मौजूद है जिसे दुरुस्त पहुंच और प्रतिभागी की यात्रा को सुपरचार्ज करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। यह ऐप यूज़र्स को रीयल टाइम में लाइव स्ट्रीम सत्रों में शामिल होने की सहूलियत देगा जिससे प्रतिभागी दुनिया में कहीं से भी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं। यह ऐप नेटवर्किंग की संभावनाओं की विस्तार से व्याख्या भी करता है जिससे रीयल टाइम आधार पर संपर्क और बातचीत हो सके एवं प्रतिभागियों, प्रदर्शकों, स्टार्टअप्स और साझीदारों के बीच मुलाकात का कार्यक्रम तय हो सके। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस महज एक आयोजन नहीं है, बल्कि संभावनाओं का एक मंच है और इन संभावनाओं को संपर्कों, गठबंधनों और परिणामों में तब्दील करने के लिए डिजाइन इस ऐप को डिजाइन किया गया है।

गेहूं बाजार में दबाब के बजाए ओएमएसएस में बिक्री शुरू करे सरकार, बेहतर होगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

व्यापारियों एवं मिलर्स-प्रोसेसर्स ने कहाकि केंद्र सरकार द्वारा स्टॉक सीमा में की गई कटौती का गेहूं के बाजार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। क्योंकि उनके पास गेहूं का कोई भारी-भरकम स्टॉक मौजूद नहीं है। थोक मंडियों में आवक सामान्य बनी हुई है। स्टॉक सीमा में हुई कटौती से गेहूं के व्यापारी ज्यादा हैरान नहीं है मगर कुछ घुटन और दबाव अवश्य महसूस कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार जब गेहूं का थोक मंडी भाव स्थिर बना हुआ था तब स्टॉक सीमा में कटौती करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। दरअसल सरकार ने गेहूं का उत्पादन अनुमान काफी बढ़ा-चढ़ाकर आंका है और इसके आधार पर खाद्य मंत्रालय कदम उठा रहा है। आगामी त्यौहारी सीजन में गेहूं की कीमतों में आने वाली संभावित तेजी को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने एहतियाती प्रयास के तहत स्टॉक सीमा में कटौती की है।इसके बजाए अगर खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत केन्द्रीय पूल से गेहूं की नीलामी बिक्री आरंभ की जाती है तो बेहतर होता। इससे मिलर्स-प्रोसेसर्स को समुचित मात्रा में गेहूं का स्टॉक प्राप्त हो जाता और मंडी भाव में तेजी की संभावना भी नहीं रहती। जुलाई में ही सरकार ने ओएमएसएस की शुरुआत करने का संकेत दिया था और गेहूं के लिए न्यूनतम आरक्षित मूल्य भी निर्धारित कर दिया था। लेकिन अभी तक योजना को आरंभ नहीं किया गया है। इसके बजाए चावल की बिक्री इस योजना में शुरू कर दी गई है। भारतीय खाद्य निगम के पास 50-60 लाख टन गेहूं का ऐसा अधिशेष स्टॉक मौजूद है जिसे खुले बाजार बिक्री योजना के माध्यम से बेचा जा सकता है।

करदाताओं के पास आयकर रिटर्न भरने के लिए 14 दिन का समय

आखिरी समय में आ सकती है सर्वर डाउन जैसी दिक्कतें इसलिए समय पर भरें रिटर्न : सीए राजेश जैन

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

आयकर रिटर्न फाइल करने वालों के लिए बड़ा अलर्ट है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख अब नजदीक है। टैक्सपेयर्स के पास 15 सितंबर तक का ही समय बचा है। यानी करीब 14 दिन से भी कम का वक्त है। वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन ने कहा कि आखिरी समय पर रिटर्न फाइल करने पर सर्वर डाउन जैसी दिक्कतें आ सकती हैं और प्रोसेस में भी परेशानी हो सकती है।

इसलिए समय रहते रिटर्न भरना ही बेहतर रहेगा। उन्होंने कहाकि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक जितने आईटीआर फाइल हुए हैं, वे पिछले साल की तुलना में आधे से भी कम हैं। 25 अगस्त तक सिर्फ 3.68 करोड़ रिटर्न दाखिल हुए, जिनमें से 3.54 करोड़ वेरिफाई और 2.30 करोड़ प्रोसेस हो चुके हैं। जबकि पिछले साल पूरे वर्ष में 9 करोड़ से ज्यादा रिटर्न फाइल हुए थे। इसका मतलब है कि अभी भी कई लोग आईटीआर फाइल करना बाकी है। उन्होंने कहाकि अगर लोग आखिरी दिनों में रिटर्न फाइल करेंगे तो सर्वर डाउन या अन्य तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए समय रहते आईटीआर फाइल करना जरूरी है। यह सीमा उन टैक्सपेयर्स के लिए है जिन्हें ऑडिट की जरूरत नहीं होती। जिनको ऑडिट करवाना होता है, उनकी आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। गौरलतब है कि देश में 1 करोड़ से ज्यादा इनकम वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 31 मार्च 2025 तक 10 करोड़ से ज्यादा इनकम वाले 10,814 लोगों ने रिटर्न भरा। वहीं 5 से 10 करोड़ इनकम वाले 16,797 और 1 से 5 करोड़ इनकम वाले करीब 2.97 लाख लोग ITR दाखिल कर चुके हैं।

नए टैक्स स्लैब पर नजर

नए टैक्स रिजीम में अब 12 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों को 75 हजार रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। यानी कुल 12.75 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री होगी। वहीं 20 से 24 लाख रुपए इनकम वाले लोगों पर 25 फीसदी टैक्स का स्लैब लागू होगा।

सरकारी गोदामों में पुराने चावल का विशाल भंडार

केंद्रीय पूल में चावल का स्टॉक 37.48 लाख टन के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सरकारी गोदामों में चावल का विशाल भंडार है, जो रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है और लक्ष्य से काफी अधिक है। यह स्थिति किसानों से अधिक खरीदी और पिछले वर्षों के उत्पादन के कारण बनी है, जिससे सरकार के लिए एक भंडारण और सब्सिडी बोझ बढ़ रहा है। जून 2025 तक सरकारी गोदामों में 59.5 मिलियन मीट्रिक टन चावल का भंडार था, जो 1 जुलाई, 2025 के लिए निर्धारित 13.5 मिलियन टन के लक्ष्य से कहीं अधिक था। केंद्रीय पूल में चावल का स्टॉक 37.48 लाख टन के पार हो गया है, जो पिछले दो दशकों में सबसे ज्यादा है। व्यापारियों का कहना है कि सरकारी गोदामों में तीन वर्ष से भी अधिक पुराने चावल का भारी स्टॉक पड़ा हुआ है, जिसमें कच्चे (सफेद) चावल की मात्रा सेला चावल से बहुत अधिक है। रोहित कुमार एंड सुगंधी लाल के रोहित जैन के अनुसार खाद्य निगम के पास 379.70 लाख टन चावल तथा 213.50 लाख टन धान (जो 145 लाख टन चावल के समतुल्य है) का स्टॉक उपलब्ध है। यह स्टॉक इस समय का रिकॉर्ड स्तर है। उन्होंने कहाकि आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा 2022-23 के मार्केटिंग सीजन में 684 लाख टन, 2023-24 में 719 लाख टन तथा 2024-25 के सीजन में 768.10 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। इससे निर्मित चावल का वितरण-विपणन विभिन्न स्कीमों के तहत किया गया मगर फिर भी सरकार के पास इसका भारी-भरकम स्टॉक बचा रहा। सितंबर 2022 में खाद्य निगम के पास 244.60 लाख टन चावल तथा 161.60 लाख टन धान का स्टॉक मौजूद था। धान का यह स्टॉक करीब 108 लाख टन चावल के समतुल्य था। इसी तरह सितम्बर 2023 में 232.80 लाख टन चावल एवं 160.70 लाख टन धान का स्टॉक उपलब्ध था। सितम्बर 2024 में चावल की मात्रा 323 लाख टन एवं धान की मात्रा 148.20 लाख टन दर्ज की गई। बाजार जानकारों के अनुसार सरकारी गोदामों में मौजूद चावल के भंडारण एवं रख रखाव पर विशाल धनराशि खर्च होती है। इन गोदामों में पुराने चावल का भी अच्छा खासा स्टॉक उपलब्ध है। पिछले सीजन के दौरान धान की सरकारी खरीद 23,000 रुपए प्रति टन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की गई थी।

बिजनेस न्यूज

राधारमण समूह में फार्माकोविजिलेंस पर जागरुकता कार्यक्रम

भोपाल। राधारमण कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में फार्माकोविजिलेंस ऑफ एएसयू एंड एच ड्रग्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय (स्वायत्त) यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भोपाल के पेरिफेरल फार्माकोविजिलेंस सेंटर द्वारा आयोजित एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और आमजन को यह जागरूक करना था कि भ्रामक विज्ञापनों से कैसे बचें और शिकायत दर्ज करने की सही प्रक्रिया क्या है। उन्होंने बताया कि कई कंपनियां अपनी दवाओं को चमत्कारी बताते हुए गंभीर बीमारियों को कुछ ही दिनों में ठीक करने के झूठे दावे करती हैं, जबकि यह ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट 1954 का उल्लंघन है। डॉ. मोहम्मद अरमान खान ने एएसयू एवं एच दवाओं की महत्ता और फार्माकोविजिलेंस की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. मोहम्मद आरिफ ने ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट 1954 के प्रावधानों की जानकारी दी और बताया कि कैसे सोशल मीडिया पर हो रहे ऐसे भ्रामक दावों से सतर्क रहना जरूरी है। इस अवसर पर राधारमण समूह के चेयरमैन आर.आर. सक्सेना ने कहा किकि आयुष पद्धति भारत की धरोहर है और इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। आजकल बाजार और डिजिटल मीडिया पर फैल रहे भ्रामक विज्ञापन न केवल आमजन को भ्रमित कर रहे हैं बल्कि चिकित्सा पद्धति की छवि को भी प्रभावित कर रहे हैं। कार्यक्रम में राधारमण समूह के समूह निदेशक डॉ. पी.के. लाहिरी, निदेशक विकास डॉ. सबीना मुबिन, डीन प्रशासन एस.बी. खरे, डॉ. अजय सिंह, डॉ. विष्णु राज एवं डॉ. राजीव मलवीय सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्नैपचैट का क्रिएटर कनेक्ट पहुंचा भोपाल

भोपाल। युवाओं के बीच लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म स्नैपचैट ने अपना क्रिएटर कनेक्ट प्रोग्राम अब भोपाल में भी शुरू किया है। यह आयोजन भोपाल क्रिएटर समिट के तहत किया गया, जिसमें शहर के 200 से अधिक क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय टैलेंट को डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ने के लिए जरूरी जानकारी, साधन और अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी क्रिएटिविटी को और अधिक निखार सकें और अपने जुनून को एक करियर में बदल सकें। साकेत झा सौरभ, डायरेक्टर कंटेंट और एआर पार्टनरशिप्स, स्नैप इंक. ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से सबसे पहले साल का स्नैपस्टार पुरस्कार क्रिएटर मोहम्मद जमा को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्नैपचैट भारत के कंटेंट क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत में हर महीने 250 मिलियन से ज़्यादा लोग स्नैपचैट का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से 13 से 34 साल की उम्र के करीब 90 फीसदी यूजर्स रोजाना प्लेटफ़ॉर्म पर सक्रिय रहते हैं।

एमवे के न्यूट्रिलाइट को मिली एनएफएसयू की मान्यता

नई दिल्ली। अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने घोषणा की है कि उसके प्रमुख ब्रांड न्यूट्रिलाइट के पांच उत्पादों को राष्ट्रीय फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू)- न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट टेस्टिंग फॉर स्पोर्ट्सपर्सन (एनएसटीएस) के प्रतिष्ठित ट्रस्टेड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह मान्यता एमवे की उस अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह उच्च गुणवत्ता वाले, सुरक्षित और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित न्यूट्रिशन उत्पाद उपलब्ध कराता है। मान्यता प्राप्त पांच प्रमुख उत्पाद में न्यूट्रिलाइट ऑल प्लांट प्रोटीन, न्यूट्रिलाइट कैल मैग डी प्लस के2, बोसवेलिया के साथ न्यूट्रिलाइट ग्लूकोसामाइन एचसीएल, न्यूट्रिलाइट सैल्मन ओमेगा 3 सॉफ्टजेल, और न्यूट्रिलाइट डेली प्लस शामिल है। ये उत्पाद वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन के लिए प्रमाणित हैं। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहाकि ऐसे समय में जब न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स की सुरक्षा और प्रामाणिकता पर चर्चा जोर पकड़ रही है, यह मान्यता हमारे 90 वर्ष पुराने विरासती ब्रांड न्यूट्रिलाइट के प्रति उपभोक्ताओं के स्पष्ट विश्वास और आत्मविश्वास को और मजबूत करती है। यह हमें एक भरोसेमंद पारिवारिक ब्रांड के रूप में स्थापित करता है और साथ ही प्रमाणित गुणवत्ता की तलाश करने वाले एथलीटों और फिटनेस प्रेमियों के लिए भी इसे और प्रासंगिक बनाता है। एमवे इंडिया में, हमने हमेशा गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। हमारी 800 से अधिक वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों की वैश्विक टीम लगातार विश्व स्तरीय उत्पाद विकसित करने और पहुँचाने के लिए अथक प्रयास करती है और हर साल 5,00,000 से अधिक गुणवत्ता परीक्षण करते हैं। यह हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम सुरक्षा और प्रभावशीलता में उच्चतम मानकों वाले उत्पाद ही प्रदान करें।

SBI | भारतीय स्टेट बैंक,
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय–6, सागर म.प्र.

शुद्धि पत्र

इस समाचार पत्र में दिनांक 12.06.2025 को प्रकाशित **"कार्यालयीन कार्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति" नोटिस** में स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित दिनांक 16.03.2023 के स्थान पर 16.01.2023 और अपनी सेवा स्वैच्छिक रूप से समाप्त दिनांक 17.04.2023 के स्थान पर 17.02.2023 पढ़ा जावे। शेष यथावत रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक/अनुशासनिक अधिकारी,
क्षेत्र-6, सागर (म.प्र.)

चिंतन

एससीओ में भारत ने एक तीर से लगाए दो निशाने

एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। समिट के दौरान भारत के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। याद रहे, इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी और इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। अब भारत की कुटनीति रंग लाई है। न केवल भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगी बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान को करारा झटका भी लगा है। एससीओ यानि शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समिट का मतलब है संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की सालाना बैठक, जिसमें देश आपस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और अच्छे संबंध स्थापित करना है। यह संगठन मध्य एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर देता है। आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मिलकर लड़ना इसका एक प्रमुख मकसद है। इसका मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जिससे वे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और आपसी समझ को मजबूत कर सकें। यह एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को भी बढ़ावा देता है। संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान सदस्य देश हैं। अब संगठन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि पहले चीन और अब भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर हैं, लेकिन अब सम्मेलन के दौरान नरेन्द्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की गर्मजोशी देखकर पहली बार अमेरिका की घबराहट सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को अब बयान जारी करना पड़ा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अमेरिका पहली बार प्रेशर में है और भारत जिस रणनीति पर काम कर रहा है, वो कामयाब दिख रहा है। अमेरिका के विदेश सचिव मार्बो रूबियो ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है। कल तक भारत को गरियाने वाला अमेरिका अब रिश्तों की दुहाई दे रहा है। उनके इस बयान से साफ है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका भारत, चीन, रूस गठजोड़ से खास परेशान है। तस्वीर साफ है कि भारत ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। एक तरफ तो समिट में पहलगांव हमले की निंदा होने और आतंकवाद को कुचलने के प्रस्ताव से पाकिस्तान को झटका लगा है, वहीं समिट की गर्मजोशी से अमेरिका सोचने को मजबूर है। इसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले लेने वाले ट्रंप अब क्या करते हैं।

नकली दवाइयों का काला कारोबार

हालात

रोहित माहेश्वरी

> नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों की ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने के कारण इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश की ताज नगरी आगरा में नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया है कि पुडुचेरी-चेन्नई में नकली दवाएं बनाकर आगरा में भंडारण कर चार राज्यों में खपायी जा रही थी। औषधि विभाग की टीम ने ऐसी आठ फर्मों की करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं और तीन दवा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट में 40 दवा विक्रेताओं के शामिल होने के सुराग मिले हैं। दवाओं का काला कारोबार करने के लिए 15 डमी फर्म भी चिह्नित की हैं। इनके नाम पर ये कई राज्यों में कारोबार कर रहे थे। दवाओं को मंगवाने और भेजने में ये रेलवे सेवा का उपयोग कर रहे थे। पिछले साल नवंबर में आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में पशुओं की नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

नकली दवाओं का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाइयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथ पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थी, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने से इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं, जिससे मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह में समा जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

वर्ष 2024 में तेलंगाना में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी तरह अगर कैप्सूल एमोक्सिलिन का है तो उसमें सस्ती दवा पेरासिटामोल भरी हुई थी। इसी तरह 500 ग्राम एमोक्सिलिन साल्ट की मात्रा सिर्फ 50 ग्राम ही थी। कैंसर

तक की नकली दवाएं पकड़ी गईं। ये सभी दवाएं उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से कूरियर के जरिए तेलंगाना पहुंची थी। इन दवाओं की पैकिंग इस तरह की गई थी, जो बिल्कुल असली लग रही थीं। इनकी पहचान कर पाना मुश्किल था।

उत्तराखंड में पिछले साल कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देशभर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रांड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस में इनकी सप्लाई थी। चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, जो उसी तरह का फायदा करती हैं, जिस तरह का लाभ ब्रांडेड दवाइयों से मिलता है। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही हैं, जो सस्ती होती हैं। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से खरीद सकते हैं।

कुछ ऐसी दवाएं हैं, जिन्हें ज्यादा मात्रा में लेने पर नशा होने लगता है। शराब और ड्रग्स से इन दवाओं का नशा काफी सस्ता होने से नशेड़ी इसका इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से कफ सिरप, पेन किलर्स, डिप्रेशन पिल्स और मनोरोगियों को दिए जाने इंजेक्शन की खपत बढ़ रही है। इसका फायदा दवा बनाने वाली कंपनियां भी उठा रही हैं, जो एक लाइसेंस पर कई फैक्ट्रियां चलाकर इन्हें धड़ल्ले से बना रही हैं। डिप्रेशन के इलाज के लिए दी जाने वाली गोली का रेव पार्टियों में काफी इस्तेमाल हो रहा है।

यह सही है कि असली की आड़ में नकली दवा का कारोबार पनप रहा है। आगरा में दवा माफियाओं ने ब्रांडेड कंपनी की दवाओं के सुरक्षा फीचर में भी सेंधमारी की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नकली क्यूआर कोड बनाया। यहां तक कि कंपनी के एक ही बैच नंबर से 1000 गुना तक दवाएं बनाकर बाजार में खपा दीं। इसमें एक ही बिल को बार-बार दर्शाने पर ये खेल पकड़ में आया।

नकली दवाओं की बिक्री बेहद गंभीर मामला है, लेकिन अगर आप जागरूक नहीं हैं तो ये आसानी से पकड़ में नहीं आ पातीं। दूसरी सबसे बड़ी वजह है कमजोर निगरानी सिस्टम। कायदे से ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की ये जिम्मेदारी है कि वह नकली दवाओं की खरीद फरोख्त करने वालों को पकड़ें लेकिन अमूमन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अगर नियमित तौर पर ये डिपार्टमेंट जांच पड़ताल करे तो नकली दवाएं बेचने वालों की लगाम कसी जा सकती है। नकली दवाएं मरीजों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। ऐसे में जरूरी है निगरानी सिस्टम को दुरुस्त किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

नारियल दिवस

श्वेता गोयल

प्राकृतिक ऊर्जा का अमृत व जीवन का वृक्ष है नारियल

हर वर्ष 2 सितम्बर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर न केवल नारियल जैसे बहुमूल्य फल और उसके वृक्ष के महत्व को समझाने के लिए हैं बल्कि यह दिन दुनियाभर के लोगों को इसके पोषण मूल्य, आर्थिक महत्व, खेती, प्रसंस्करण, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य तथा कृषि में इसकी भूमिका को याद दिलाने का भी माध्यम है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस संगठन का उद्देश्य नारियल से जुड़ी हर गतिविधि को बढ़ावा देना, नारियल किसानों की स्थिति में सुधार करना और नारियल उद्योग की मजबूती के लिए प्रयास करना है।

नारियल शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली भाषा से मानी जाती है। 'कोको' और 'अखरोट' शब्दों के मेल से बना यह नाम आज पूरी दुनिया में इस अद्भुत फल की पहचान है। दुनियाभर के लगभग 80 देशों में नारियल की लगभग 150 किस्में पाई जाती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसकी खेती सबसे अधिक होती है और लाखों किसानों की आजीविका इसी पर आधारित है। नारियल को यूं ही जीवन का वृक्ष नहीं कहा जाता। इस वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी तरह से मनुष्य के लिए उपयोगी है। फल भोजन और पेय का साधन है, पत्तियां छत और बुनाई के काम आती हैं, इसका खोल और भूसी शिल्पकला, ईंधन और घरेलू जरूरतों के लिए काम आते हैं और रस से चीनी, सिरका तथा अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। यही वजह है कि नारियल न केवल भोजन का स्रोत है बल्कि इसे समृद्धि और पोषण का प्रतीक माना जाता है।

नारियल दिवस पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि नारियल का वृक्ष किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके पेड़ मृदा को कटाव से बचाते हैं और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष बात यह है कि इसके हर हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे अपव्यय की गुंजाइश न के बराबर रहती है। कोको वंश की एकमात्र शेष प्रजाति नारियल का वृक्ष है, जो ताड़ वर्ग के एरेकेसी परिवार से संबंधित है। यह वृक्ष 60 से 100 फुट तक ऊंचा होता है और लगभग 80 वर्षों तक जीवित रह सकता है। हालांकि इसके फल प्रायः 15 वर्ष की आयु के बाद ही लगना शुरू होते हैं। भारत में यह वृक्ष प्रमुख रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अधिक पाया जाता है। नारियल की फसल भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देती है। यही नहीं, यह फसल देश के 1.2 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा और आजीविका उपलब्ध कराती है तथा करीब 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देती है।

नारियल का महत्व केवल खेती और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यह फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और मोटापा नियंत्रित करने में प्रभावशाली माना जाता है। पोषण के स्तर पर नारियल बेहद समृद्ध फल है। इसमें 38.67 प्रतिशत कॉपर, 52.17 प्रतिशत मैग्नीज, 24.2 प्रतिशत आयरन, 18.8 प्रतिशत फाइबर, 8 प्रतिशत जिंक, 7.6 प्रतिशत वेलिन और 9.37 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने, चेहरे की चमक बढ़ाने और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं। नारियल का उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधनों और सजावट की वस्तुओं तक में होता है। नारियल तेल को खाने में प्रयोग करने के साथ-साथ बालों और त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नारियल के आर्थिक महत्व की बात करें तो यह किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसके अलावा नारियल से जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों में भी रोजगार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। नारियल तेल, नारियल दूध, नारियल पाउडर, कोयर उद्योग, हस्तशिल्प, बायोफ्यूल और सौंदर्य उत्पाद जैसे उद्योग नारियल पर निर्भर हैं। एपीसीसी जैसे संगठन नारियल के उत्पादन और प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों के विकास और प्रसार के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीकें न केवल उत्पादकता को बढ़ाती हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सफलता के लिए मन पर अंकुश जरूरी



संकलित

दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

समर्पित भक्त का वास वैकुंठ में

संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है।

सटाका



आज की पाती

नेताओं को एक से अधिक पेंशन क्यों

आम तौर से सुनने में आता है कि अगर एक व्यक्ति एमएलए, एमपी, राज्यमंत्री, केबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री आदि पदों पर रहता है तो उसे हरेक पद के अनुरूप सभी पेंशन मिलेंगी। ऐसा विश्वास तो नहीं होता, मगर ऐसा है तो यह एक वीभत्स रंग का चुटकुला है। तर्कसंगत तो यह लगता है कि उस व्यक्ति को उच्चतम पद के अनुरूप एक पेंशन मिलनी चाहिए। यह भी सुनने में आता है कि राजनेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही पेंशन दी जा रही है। यह सारा विषय विचारशील सोच मांगता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने नेताओं को एक ही पेंशन का प्रावधान कर दिया है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए और राजकोष को नेताओं पर लुटाने से बचाया जाना चाहिए। - संतोष पटेल, राजनांदगांव

करंट अफेयर

किम जोंग छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे



उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, और इसके बाद छह साल बाद वे चीन की यात्रा करेंगे। कारखाने का यह निरीक्षण मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है। चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि किम छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे और बुधवार को बीजिंग में आयोजित होने वाली सैन्य परेड में शामिल होंगे। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और जापानी आक्रामकता के विरुद्ध चीन के प्रतिरोध की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही है। इस परेड में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा आमंत्रित 26 विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। पुतिन को यूक्रेन पर हमले में किम का बड़ा समर्थन मिला है।

ऑफ बीट

एआई चैटबॉट्स को गुमराह कर फर्जी जानकारियां तैयार



जब आप चैटजीपीटी या अन्य एआई सहायक से गलत जानकारी बनाने को कहते हैं, तो वे आमतौर पर मना कर देते हैं और जवाब देते हैं कि "मैं झूठी जानकारी बनाने में सहायता नहीं कर सकता।" लेकिन हमारे परीक्षणों में पाया गया कि ये सुरक्षा उपाय केवल सतही हैं और इन्हें बेहद आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। हमने यह जांच की कि एआई भाषा मॉडल को कैसे गुमराह कर उसका सोशल मीडिया पर समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जो परिणाम सामने आए, वे ऑनलाइन जानकारी की विश्वसनीयता को लेकर चिंतित किसी भी व्यक्ति के लिए परेशान करने वाले हैं। सतही सुरक्षा की समस्या प्रिंसटन और गूगल के शोधकर्ताओं के हालिया अध्ययन से प्रेरित होकर हमने परीक्षण किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान एआई सुरक्षा उपाय मुख्यत: उत्तर की शुरुआती कुछ पंक्तियों पर आधारित होते हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि मॉडल जवाब की शुरुआत "मैं नहीं कर सकता" या "मुझे खेद है" से करता है, तो आमतौर पर पूरा उत्तर निषेधात्मक ही रहता है। हमारे अप्रकाशित प्रयोगों में भी यही पुष्टि हुई। जब हमने सीधे एक व्यावसायिक भाषा मॉडल से ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक दलों पर गलत सूचना बनाने को कहा, तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।

ट्रेंड

शानदार बातचीत

एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। इस सफर के दौरान अनेक और बहुत शानदार चर्चा भी हुई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

जरूरी सहायता

आज जम्मू में तवी पुल और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मोदी सरकार प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रभावितों को समय पर जरूरी सहायता उपलब्ध हो।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

संविधान की रक्षा

बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस के बब्बर शेरों, प्रदेश के युवाओं का धन्यवाद। संकल्प लेते हैं, बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

दया भावना

आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बिना किसी वीआईपी इंतजाम के गया था। तो कुछ और अच्छा लगा। वो बात अलग है भक्तों का प्यार और ऑर्गनाइजर्स की दया भावना बनी रही।

- अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

लाइसेंस में दर्ज कारतूसों से होगा मिलान, सच आएगा सामने

शूटर्स की जानकारी होगी क्रॉस चेक, एनआरएआई को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मछली परिवार से जुड़े शूटर शाहिद अहमद पिता शरीफ अहमद का गन लाइसेंस सस्पेंड करने के साथ ही 80 शूटर्स की गन और कारतूसों की कुंडली तैयार की जा रही है, जिसमें शूटर्स द्वारा खरीदे गए कारतूस और फायरिंग रेंज में चलाए गए कारतूसों का रिकॉर्ड पेश किया है।

जिला प्रशासन अब इस रिकार्ड को क्रॉस चैक कर रहा है, जिससे पता चल सके कि एनआरएआई से कितने कारतूसों की खरीदी गई है। साथ ही किन-किन फायरिंग रेंज में कारतूस चलाए गए हैं। इधर पुलिस ने कारतूसों की हेरफेर को लेकर शूटर्स का रिकार्ड मिलाने करने एनआरएआई को भी पत्र लिखा है, जिससे शूटर्स के दिए रिकॉर्ड का पता चल जाएगा कि इसमें कितनी सच्चाई है। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और इंटेलीजेंस के एसीपी दीपक नायक ने सभी 80 शूटर्स के रिकॉर्ड के आधार पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर लिए हैं, जिसमें एक-एक शूटर्स की गन और कारतूसों का जिक्र किया गया है। शूटर्स की प्रक्टिस और टूर्नामेंट खेलने का ब्यौरा भी इसमें लिखा गया है, जिसके आधार पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह कार्रवाई करेंगे।

सोमवार को भी 80 शूटर्स की कुंडली तैयार करने का चलता रहा काम

शूटर शाहिद मछली की गन होंगी जब्त

कलेक्टर द्वारा शाहिद अहमद का आपराधिक केस मामले में गन लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है, जिसके आधार पर अब शाहिद को अपने लाइसेंस पर दर्ज एक .32 बोर की रिवाल्वर। दूसरा हथियार एक 12 बोर की सेमी आटोमैटिक गन। तीसरा हथियार 30.06 राइफल थाने में जमा कराना पड़ेगी। जांच में ये बात सामने आई है कि शाहिद के पास भले ही शूटर का खिताब था, लेकिन उसने शूटिंग प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया और न ही इस आधार पर कारतूस खरीदे। सिर्फ उसने आत्मरक्षा के इस्तेमाल के लिए जरूरी कारतूस की खरीदी की है।

कारतूस हेरफेर का नहीं मिला सुराग

शूटर्स को एनआरएआई की तरफ से सस्ते दामों में दिए जाने वाले कारतूसों को लेकर जांच टीम को अब तक कारतूस की हेरफेर का सुराग नहीं लगा है। जिन शूटर्स ने कारतूस की खरीदी नहीं की है, वह भी टूर्नामेंट खेलने के दौरान आयोजकों द्वारा कारतूस उपलब्ध कराने की बात कह रहे हैं, जिसको देखते हुए अब एनआरएआई से मिलने वाली जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

आधा दर्जन शूटर्स ने पांच सालों में नहीं खेला टूर्नामेंट

चार दिन शूटर्स की पेशियों के बाद मिले रिकॉर्ड के आधार पर पता चला है कि आधा दर्जन शूटर्स ऐसे हैं, जिन्होंने फायरिंग रेंज में प्रेक्टिस तो की है, लेकिन पिछले पांच सालों में किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। इन शूटर्स का स्पोटर्स लाइसेंस का तमगा हटाने की सिफारिश की जा सकती है।

रिटायर लेक्चरर की 1 करोड़ 27 लाख की प्रॉपर्टी अटैच

भोपाल। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने रिटायर लेक्चरर संतोष कुमार शर्मा और उनकी पत्नी एवं दो बेटों के नाम पर खरीदी गईं 27 अलग अलग संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। सोमवार को ईडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ईडी ने पीएमएलए एक्ट के तहत लगभग 1.27 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति को अटैच किया है। ये प्रॉपर्टी टीमकगढ़, उत्तप्रदेश के झांसी और एमपी में अलग-अलग शहरों में हैं। इसमें कृषि भूमि और आवासीय भूखंड शामिल हैं। ईडी के अनुसार इन संपत्तियों के अलावा संतोष कुमार शर्मा, उनकी पत्नी संध्या शर्मा और उनके बेटे अंकित शर्मा के नाम पर बैंक खातों में जमा रकम को भी अटैच किया गया है। दरअसल लोकायुक्त पुलिस भोपाल द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एपआईआर के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की। पूरा मामला यह ह कि संतोष कुमार शर्मा एमपी में सहायक व्याख्याता क पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1 जुलाई 1985 से 31 दिसंबर 2022 तक अपनी नौकरी के दौरान अपनी ज्ञात और वैध आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। ईडी की जांच से पता चला कि संतोष कुमार शर्मा के पास मौजूद संपत्तियों का एक बड़ा हिस्सा या उनके अपने नाम के अलावा उनकी पत्नी और दो बेटों के नाम पर है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय समूह गान स्पर्धा में नवनिध स्कूल के विद्यार्थी आए प्रथम

संतनगर। भारत विकास परिषद का कार्यक्रम 'राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता' साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 8 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल प्रिथम, मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल द्वितीय एवं क्राइस्ट मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. निशा सक्सेना थीं।

सेवा भारती ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

भोपाल। सेवा भारती भोजपुर जिला द्वारा अभावग्रस्त सेवा बस्तियों में संचालित निःशुल्क संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रविवार को महर्षि विद्या मंदिर, रतनपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधरोपण विष्णु कुमार के नाम से किया गया एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। समारोह में संस्कार केंद्रों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मोबाइल की लत एवं उसके दुष्परिणाम पर नाटक, रानी लक्ष्मीबाई पर नाट्य मंचन तथा पर्यावरण जागरुकता विषय पर प्रभावी प्रस्तुति दी।

कोर्ट ने किया जफर बेग की जमानत निरस्त रिमांड पर भेजा

भोपाल। वन्य प्राणियों के अवैध शिकार और मांस तस्करी के मामले में आरोपित जफर बेग की जमानत अदालत ने निरस्त कर दी है। कोर्ट के आदेश के बाद उसे रिमांड पर भेज दिया। वन विभान और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जफर बेग के काजी कैंप स्थित घर से 15 कारतूस बरामद किए हैं, जिनमें से 10 जिंदा और 5 खाली हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जफर बेग को नरसिंहगढ़ से आठ किमी दूर पचोर रोड स्थित इलाके में ले जाया जाएगा, ताकि शिकार की घटनाओं और उसके तरीकों का खुलासा किया जा सके। प्राथमिक पूछताछ में जफर ने स्वीकार किया है कि वह अपने साथियों फईम उर्फ बम और युसुफ उर्फ चिकना के साथ मिलकर राजगढ़ और रायसेन के जंगलों में काला हिरण और नीलगाय का शिकार करता था।

शुभांक

कल्याणः	1726		
दिनः	778	25	780
रातः	189	81	137
ताराः			
दिनः	788	38	260
रातः	127	04	446

भोपाल से बाहर भागने की फिराक में था आरोपी, पुलिस ने घेराबांदी कर पकड़ा

नाबालिग के पेट में घोंपा चाकू, तीन घंटे तक फसा रहा, डॉक्टरों ने सर्जरी कर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर इलाके में नाबालिग के पेट में उसके ही परिचित ने चाकू घोंप दिया। चाकू पूरी तरह से पेट में घुस गया था और करीब 3 घंटे तक फसा रहा। गंभीर हालत होने के कारण जेपी अस्पताल से उसे हमीदिया अस्पताल में रेफर किया गया। इसके बाद हमीदिया के चिकित्सकों ने सर्जरी कर चाकू निकाला तब युवक की जान बच सकी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को रविवार रात जेपी अस्पताल से सूचना मिली थी कि घायल अवस्था में एक युवक को लाया गया है, जिसके पेट में चाकू फसा है। उसे तत्काल हमीदिया रेफर किया गया। पुलिस ने हमीदिया अस्पताल पहुंची और घायल अंश उर्फ संस्कार से बयान लिए। अंश ने बताया कि गोलू उर्फ आशीष रेकवार ने चाकू से हमला किया है। पड़ोस के लोगों ने उसे घायल अवस्था में भर्ती कराया। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद थाना प्रभारी टीटी नगर गौरव सिंह दोहर द्वारा घटना की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए 2 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। आरोपी की तलाश में आरोपी के परिजनों व दोस्तों से पुछताछ कर उसकी जानकारी एकत्रित की गई। पुछताछ से ज्ञात हुआ कि आरोपी घटना के बाद भोपाल से बाहर जाने की फिराक में है, जिसके चलते भोपाल स्टेशन व रानीकमला पति स्टेशन व बस स्टैंड पर पुलिस टीम लगा दी गई। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर आरोपी गोलू उर्फ आशीष रैकवार को कोलार इलाके से पकड़ा। आरोपी जवाहर चौक का रहने वाला है और उसके खिलाफ पूर्व में 2 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

टूटे दांत पर कंमेट्स करने पर हुआ विवाद



पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके दो दांत टूटे हुए हैं, जिसको लेकर अंश अक्सर कमेंट करता था। यह बात उसे बुरी लगी। इसी को लेकर घटना वाले दिन विवाद हुआ और उसने हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया यहां से उसे जेल भेज दिया गया।

छुरी लहराकर दुकान संचालक पर अड़ीबाजी करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

गौतम नगर पुलिस ने छुरी लहराकर एक दुकान संचालक को डराने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शनिवार के दिन दुकान संचालक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उल्लेख था कि दो लड़के अपने हाथ में छुरी लहराते हुए आए और धमकी देने लगे। दोनों ने कहा कि दस हजार रुपए महिना नहीं दोगे तो दुकान नहीं चला पाओगे। साथ ही यह भी कहा कि हमारे दोस्त साहिल बच्चे कि रिपोर्ट किसने लिखवाई है, रिपोर्ट वापस ले लो नहीं तो जान से खत्म कर देगे। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसके बाद मुखविर की सहायता और सीसीटीवी कैमरो की मदद से आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने इस मामले में फरहान उर्फ फरान अद्दू पिता मो. शाहिद खान (19) निवासी हाउसिंग बोर्ड कमल नगर कालोनी निशातपुरा, अयान उर्फ अय्यू पिता मोहम्मद शरीफ उर्फ गूड्डू खान (18) निवासी राजीव कॉलोनी निशातपुरा को पकड़ लिया। आरोपियों से छुरी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों का निशातपुरा, गौतमनगर और कोहेफिजा में आपराधिक रिकॉर्ड भी है।

सड़क हादसे में सफाईकर्मी की मौत, बाइक हुई क्षतिग्रस्त



भोपाल। रातीबड़ इलाके में रविवार रात सड़क हादसे में एक सफाइकर्मी की मौत हो गई। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक रमेश नत्थू पिता नाथू निवासी कोटरा जेपी अस्पताल मे सफाइकर्मी के तौर पर तैनात था। सोमवार शाम 7 बजे करीब रातीबड़ रोड पर डिवाइडर के पास वह गंभीर हालत में मिला। वहां उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। पुलिस ने उसका उपचार के लिए जेपी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हालांकि वह रातीबड़ किस काम से गया था, परिजन भी इससे अनजान है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से प्रतीत हो रहा है कि बाइक डिवाइडर से टकराने पर ही हादसा हुआ है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है।

यातायात व्यवस्था बनाए रखने बैठक में लिया निर्णय

गणेशजी की झांकियों को रोड पर नहीं पंडाल स्थल पर जाकर करेंगे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत नगर युवा हिंदू मंच की आवश्यक बैठक मंच के संरक्षक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में गणेश विसर्जन चल समारोह में चंचल चौराहे पर मंच लगाकर शहर की झांकियां को पुरस्कृत करने पर विचार विमर्श हुआ। हालांकि इस वर्ष संत नगर में एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण यातायात में परेशानी आ रही है, जिसे ध्यान में रखकर निर्णय लिया कि इस वर्ष मंच नहीं लगाएंगे। बैठक में तय हुआ कि शहर की सभी झांकियां को उनके स्थान पर जाकर पूरी समिति को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे कि शहर की यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त न हो ओर रहवासी गणेश जी का विसर्जन करने आसानी से घाट तक पहुंच सकें। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, शेट्टी चंदनानी, सूरज यादव, लवीन मनसुखानी, कैलाश दादलानी, सोनू रायचंदानी, भागवत विश्वकर्मा, हितेश लीलानी, मुकेश जनयानी, गुड्डू मेहरा, शिव मिश्रा, हर्षित दुबे, विशाल साधवानी, सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

हर्षित गोधा ने छात्राओं को सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल बनने की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एसएचआईएम) के ईडी क्लब द्वारा एक प्रेरक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें इंडो-इज़रायल एवोकाडो के संस्थापक हर्षित गोधा ने छात्राओं से अपने अनुभव साझा किए। भोपाल के युवा एग्रीप्रेन्योर हर्षित गोधा ने ब्रिटेन से पढ़ाई पूरी करने के बाद भोपाल में एवोकाडो की खेती की नई पहल की है। उन्होंने इजरायली तकनीक से खेती सीखी और इसे एक सफल व्यवसाय का रूप दिया।

उन्होंने बताया कि किस तरह इंडो-इजरायल सहयोग से नई तकनीकों को खेती में अपनाया जा रहा है, किस प्रकार स्टार्टअप्स तकनीक, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह इंटरैक्टिव सत्र छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी रहा।

पटवा के सरकारी आवास पर विराजे भगवान गणेशजी के दरबार में कार्यकर्ता खूब थिरके

संकल्प ध्वज यात्रा के माध्यम से 108 मंदिर, 108 गोशाला और 108 गुरुकुल बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

सनातन धर्म आचरण एवं विश्वासों को जन-जन के मन में बिठाना भी एक सफल नेतृत्वकर्ता का दायित्व है। इसी कार्य को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुरेन्द्र पटवा करते दिखते हैं। भगवान गणेश उत्सव के इस पावन पर्व को विधायक पटवा ने जन महासंगम परंपरा के रूप में विकसित किया हैं। क्षेत्र के नागरिक सुरेन्द्र पटवा के सरकारी आवास पर विराजे भगवान गणेशजी के दरबार में कार्यकर्ता खूब थिरक रहे हैं। वहां नागरिक भी उनके साथ आनंद में झूम रहे हैं। 11 मील से संकल्प ध्वज में विधायक सुरेन्द्र पटवा शामिल रहे। साधू संत सनातन धर्म की कई कार्य को लेकर यात्रा कर रहे हैं। संकल्प ध्वज यात्रा के माध्यम से 108 मंदिर, 108 गोशाला, 108 गुरुकुल बनाने का लक्ष्य है।

सुरेन्द्र पटवा किसी भी कार्य को नागरिकों के दिल से जोड़कर करते हैं। वे भोजपुर क्षेत्र में माता कंकाली मंदिर, भोजपुर के भोजेश्वर मंदिर, बाड़ी के हिंगलाज मंदिर से पटवा को अटूट विश्वास है। विधायक पटवा श्री कृष्ण जन्माष्टमी हो या गुरु नानक जयंती, कोई भी धार्मिक उत्सव हो या भागवत कथा वहां जरूर पहुंचते हैं। जो भी कार्य करते हैं उसका सीधा असर क्षेत्र की जनता के दिल से होकर जाता है। विगत दिवस गोमाता के संरक्षण को लेकर चलाए गए संकल्प अभियान हो य फिर क्षेत्र में हो रहे नवाचारी कार्य, उनकी सजगता कहीं न कही स्थायीत्वता बनाती है। क्षेत्र के कुछ राजनीतिक जानकार बताते हैं, पटवा पूर्व मुख्यमंत्री पद्म भूषण श्रद्धेय सुन्दलाल पटवा के नक्से कदम पर चल रहे हैं।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम

शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने दी रंगारंग मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल तथा अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा शिक्षक दिवस सम्मान समारोह की श्रृंखला में सोमवार को शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक सिद्ध भाऊ ने कहा कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं के ये बच्चे बहुत छोटे हैं, इनको सिखाने में हमारी शिक्षिकाएं बहुत मेहनत करती हैं। इनके सतत प्रयास और योगदान से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफल होते हैं। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं ऑफिस स्टाफ को उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव के लिए संस्था की और से सम्मान निधि, विशेष उपहार एवं पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यालय के नन्हें -मुन्नें विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यासागर स्कूल के निदेशक भगवान दामानी ने भी सभी शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

जनपद पंचायत की बैठक में सदस्यों को नहीं देते जनपद की जानकारी, सदस्यों में भारी रोष

औबेदुल्लागंज जपं में चल रही अनियमितताएं, कागजों पर ही बना दिया तालाब, न कुआ-बावड़ी की सफाई हुई और न हुआ जल संवर्धन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

जनपद पंचायत के सदस्य अरुणा शर्मा, सज्जन सिंह नागर, रूपेश चौहान, सुलेखा चौहान, पर्वत सिंह राजपूत सहित दस जनपद सदस्यों ने जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, जिला जनपद सीईओ अंजू पवन भदौरिया, औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ निखिलेश कटारे को जनपद की बैठक में मौखिक रूप से कई बार बताया कि जनपद सदस्यों को 3 साल में आज तक यह नहीं बताया कि उनके जनपद क्षेत्र की पंचायत में क्या कार्य हो रहा है। उन कार्यों पर कितना बजट खर्च हुआ। पंचायत की बैठक तक में जनपद सदस्यों को नहीं बुलाया जाता। जनपद कार्यालय से आज तक जनपद सदस्यों को उनके जनपद क्षेत्र की पंचायतों में क्या-क्या हो रहा है, उसकी जानकारी आज तक नहीं दी गई। इसके लिए जनपद सदस्यों में भारी रोष है।

जनपद सदस्यों ने इसकी शिकायत विधायक सुरेंद्र पटवा से भी की है। पटवा ने समीक्षा बैठक में दो बार जनपद में हो रहे भ्रष्टाचार पर जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई। वहीं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने ओचक निरीक्षण भी किया था, जिसमें पंचायत सचिवों को सस्पेंड किया गया था, कुछ रोजगार सहायकों को शोकाज नोटिस दिए थे। इसके बाद भी जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। 15 वित्त आयोग से आया बजट भी कहां गया है, इसकी जानकारी सदस्यों को नहीं दे रहे हैं। जनपद सदस्यों की जनसंपर्क निधि तीन सालों से अटकी है।

औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत में जल संवर्धन कार्यक्रम भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जल संवर्धन कार्यक्रम चलाया, मगर औबेदुल्लागंज जनपद में जल संवर्धन कार्यक्रम भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जल संवर्धन कार्यक्रम में 10-15 तालाब सिर्फ कागजों पर बने हैं। कुआ, बावड़ी की सफाई का कार्य भी कागजों पर ही हो गई। पौधरोपण, बंधान, खंति चेक डैम आदि सब कागजों पर हुआ है। किसान अमित हल्के, पंच आसाराम आदि ने जनपद के सीईओ को आवेदन दिया कि जहां तालाब बना है, कागजों पर उसे जमीन पर फसल उग रही है। उक्त तालाब बिना बने ही राशि का आहरण भी कर लिया गया है। मौके पर कोई कार्य नहीं किया गया।

मैं जांच करवाऊंगी

मुझे औबेदुल्लागंज सहित अन्य पंचायतों की कई शिकायतें मिली है। मेने पूर्व में भी कई पंचायतों की जांच की है, इनकी भी जांच करवाऊंगी।

अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत, सीईओ

दौरा कर जांच करूंगा

मुझे भी शिकायतें मिल रही है, मैं पंचायतों का दौरा कर जांच करूंगा, गड़बड़ी मिलने पर जिम्मेदार पर सख्त कार्रवाई करूंगा।

निखिलेश कटारे, सीईओ, जनपद पंचायत, औबेदुल्लागंज

मूवी देखकर लौटे तो नगदी से भरा पर्स कार से गायब

भोपाल। हबीबगंज इलाके में चोरों ने एक कार का कांच खोलकर उसमें रखा पर्स गायब कर दिया। पर्स में 8300 रुपए नगदी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक वीरेन्द्र कुमार साहू रविवार को अपने परिवार के साथ बंसल प्लाजा मूवी देखते आए थे। इस दौरान उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी कर दी। मूवी देखकर लौटे तो देखा कि कार का एक साइड का कांच खुला था। उसमें रखा पर्स और आधार कार्ड गायब था। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाए 2 अहम फैसले

20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ याचिका खारिज, तर्कों को नकारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की शुरुआत को चुनौती दी थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालकों को एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि उनके वाहन इसके लिए डिजाइन नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों को खारिज कर दिया। याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण रोकने से भी इनकार

तर्क : वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे

वकील अक्षय ने दी थी इस संबंध में याचिका

याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों को गैर-अनुपालन वाले वाहनों में 20 प्रतिशत उपयोग की सीमा तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन के कारण यांत्रिक क्षरण और दक्षता हानि पर एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव अध्ययन करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि लाखों वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जो उनके कई वाहनों के अनुकूल नहीं है। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-6 मॉडल भी, इतने उच्च इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं।

दावे को नकारा... वाहन संभाल नहीं पा रहे दबाव

याचिका में दावा किया गया है कि लाखों वाहन चालकों को ऐसा ईंधन खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसे उनके वाहन संभाल नहीं सकते। याचिका में दावा किया गया है कि 2023 से पहले निर्मित कारें और दोपहिया वाहन, और यहां तक कि कुछ नए बीएस-5 मॉडल भी, उच्च इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए अनुकूल नहीं हैं। केंद्र ने याचिका का विरोध किया और दावा किया कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है।

केंद्र ने याचिका का किया विरोध

याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र ने याचिका का विरोध किया। दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है। याचिका में अधिकारियों को सभी पेट्रोल पंपों और वितरण इकाइयों पर इथेनॉल की मात्रा का लेबल अनिवार्य रूप से लगाने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

दो सप्ताह के लिए बढ़ाई समय-सीमा

संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखें

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामी मस्जिद संभल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे।इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

उच्च न्यायालय ने शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका को खारिज कर दिया था और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा था।

खबर संक्षेप

आरपीएससी सदस्य शर्मा ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) एक बार फिर सुर्खियों में है। आयोग की सदस्य मंजू शर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र देकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने राज्यपाल को भेजे गए इस्तीफे में लिखा कि उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण लंबित नहीं है। वे सदैव ईमानदारी और पारदर्शिता चाहती रही हैं।

वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

भागलपुर। वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की कई घटनाएं अब तक हो चुकी हैं। अब एक बार फिर इस घटना की पुनरावृति हुई है, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों ने जमालपुर हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया। हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। ट्रेन बारहट से आगे जा रही थी।

प्रतिमा विसर्जन में 1 की मौत, 14 घायल

भुवनेश्वर। ओडिशा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान झड़प घटनाओं में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। 14 घायल हो गए। डीजे वाहन पर चढ़ते समय करंटसे 3 अन्य युवक घायल हुए, जबकि प्रतिमा विसर्जन बाद नदी में नहाते समय महिला बह गई। संगीत बजाने को झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 10 घायल हो गए।

कपड़ा इकाई में आग दो श्रमिकों की मौत

सूरत। जिले के जोलवा गांव में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। संतोष टेक्सटाइल मिल में रसायन से भरे ड्रम के फटने से भीषण विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। इस में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक श्रमिक घायल हो गए। 2 की हालत नाजुक बताई जा रही है।

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

यह भ्रम भरोसे का मुद्दा, राजनीतिक दल खुद लोगों की करें मदद व रिपोर्ट पेश करें

दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर करने की दी छूट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग के इस कथन पर संज्ञान लिया कि बिहार ड्राफ्ट रोल में मतदाता पंजीकरण के लिए दावे और आपत्तियों पर 1 सितंबर की समय सीमा के बाद भी विचार किया जाएगा। कोर्ट ने आयोग के कथन पर संज्ञान लेते हुए 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं किया। कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण को सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करने का आदेश दिया कि वे मतदाताओं या राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां, सुधार ऑनलाइन जमा करने में सहायता के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति करें या उन्हें अधिसूचित करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके बाद प्रत्येक स्वयंसेवक को जिला एवं सत्र न्यायाधीश (डीएसएलए के अध्यक्ष) को एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। स्वयंसेवकों से प्राप्त जानकारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के स्तर पर एकत्र की जा सकती है।

आयोग ने पहले ही दी थी सुविधा

अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करें

ईसी के कथन पर संज्ञान

शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर फैले भ्रम को काफी हद तक विश्वास का मामला बताते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से भी खुद को 'सक्रिय' करने को कहा।

नामांकन की अंतिम तिथि तक दायर कर सकेंगे दावा-आपत्तियां

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन सूची के अंतिम रूप देने के बाद ही इन पर विचार होगा। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला दिया।

राजद ने केवल 10 दावे दाखिल किए

निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि समय सीमा में किसी भी तरह का विस्तार पूरी प्रक्रिया और सूची को अंतिम रूप देने में बाधा उत्पन्न करेगा। मसौदा मतदाता सूची में शामिल 2.74 करोड़ लोगों में से 99.5 फीसदी ने पात्रता संबंधी दस्तावेज दिए हैं। राजद के दावों (जिसमें 36 दावे दाखिल करने की बात कही गई थी) का खंडन करते हुए कहा कि पार्टी ने केवल 10 दावे दाखिल किए हैं।

अधूरे दस्तावेज के लिए 7 दिन के भीतर नोटिस दें

द्विवेदी ने कहा कि राजद पार्टी की ओर से अपनी याचिका में उल्लिखित 36 दावों को भी विधिवत स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह उन मतदाताओं को 7 दिन के भीतर नोटिस जारी करेगा।

राजद और एआईएमआईएम ने की समयसीमा बढ़ाने की मांग

राजद और एआईएमआईएम ने चुनावी राज्य बिहार में चुनाव पुनरीक्षण प्रक्रिया में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर थी।

डेड लाइन बढ़ाने का आदेश नहीं दिया

सुप्रीम कोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड किया और स्पष्ट किया कि वह फिलहाल 1 सितंबर की डेडलाइन बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं करेगा। सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने की, जो राजनीतिक दलों की ओर से डेडलाइन बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी।

फैसले की 5 बड़ी बातें

1. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटीकी चेयरपर्सन सभी जिलों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स को सक्रिय करें। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लीगल सर्विसेज अथॉरिटी को आदेश दिया कि वह राज्य की सभी जिला कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करे। पैरा लीगल वॉलंटियर्स को नियुक्त या अधिसूचित किया जाएगा ताकि वे मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन माध्यम से दावे, आपत्तियां और सुधार दर्ज कराने में मदद कर सकें।
2. ये मतदाताओं और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन क्लेम, ऑब्जेक्शन और करेक्शन दाखिल करने में मदद करें।
3. चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि 1 सितंबर की डेडलाइन के बाद भी दाखिल क्लेम और ऑब्जेक्शन स्वीकार किए जाएंगे और इन्हें फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल कर लिया जाएगा।
4. अदालत ने कहा कि हर वॉलंटियर एक गोपनीय रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे संबंधित जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपेगा। इन रिपोर्टों से मिली जानकारी को राज्य स्तर पर स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा संकलित किया जाएगा।
5. बेंच ने चुनाव आयोग की इस बात को दर्ज किया कि 1 सितंबर के बाद भी क्लेम या ऑब्जेक्शन दाखिल किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया मतदाता सूची फाइनल होने के बाद भी जारी रहेगी।

उपराष्ट्रपति पद का चुनाव गरमाया

इंडी प्रत्याशी ने सभी दलों के सांसदों को लिखा पत्र

चुनाव आयोग के काम पर की गंभीर टिप्पणी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्षी खेमे इंडी ब्लॉक के प्रत्याशी सेवानिवृत्त जस्टिस सुदर्शन रेड्डी ने सभी दलों के सांसदों को पत्र लिखा है। रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे सीपी राधाकृष्णन से है। दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में समीकरणों को मजबूत करने लेकर सत्ताधारी गुट के साथ-साथ विपक्षी दलों को भी एकजुट रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच रेड्डी का सांसदों को पत्र लिखना चर्चा में है। 9 सितंबर को मतदान किया जाएगा।

चुनाव को बताया संविधान के साथ लंबी यात्रा

मतदान से पहले इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रेड्डी ने हैदराबाद में कहा कि मेरे प्रतिद्वंद्वी बोल नहीं रहे हैं। रेड्डी ने कहा कि मैं विपक्षी दलों का उम्मीदवार हूं, मुझे आप जैसी गैरइंडी ब्लॉक पार्टियों से समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद का चुनाव उनके जीवन में संविधान के साथ लंबी यात्रा का एक हिस्सा है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2025 का चुनाव भारत के हालिया इतिहास में लड़े गए सबसे निष्पक्ष, प्रतिष्ठित और मर्यादित चुनावों में से एक होगा।

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में 'कमी'

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य बहुसंख्यकवादी नहीं है। संविधान किसी को शक्ति नहीं देता, उसका काम शक्ति को सीमित करना है। उन्होंने चुनाव आयोग के कामकाज पर भी टिप्पणी की। रेड्डी ने कहा कि संविधान के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में 'कमी' है।

मेरे खिलाफ एनडीए प्रत्याशी डिबेट कर लें

इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट रेड्डी ने सत्ता पक्ष के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन पर तंज कसा है। उन्होंने सोमवार को कहा कि मेरे प्रतिद्वंद्वी तो बोलते ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोनों कैंडिडेट बोलें तो एक डिबेट हो सकती है। इस तरह हैदराबाद पहुंचे रेड्डी ने राधाकृष्णन को अपने साथ डिबेट करने का चैलेंज दे दिया। रेड्डी ने कहा कि मैं भले ही विपक्षी दलों का कैंडिडेट हूं, लेकिन मुझे इंडी ब्लॉक के बाहर के दलों जैसे आम आदमी पार्टी का भी समर्थन हासिल है। रेड्डी ने कहा कि मेरी लड़ाई संविधान को बचाने के लिए है और मैं शुरुआती दिनों से ही इसके लिए संघर्ष करता रहा हूं।

भाजपा ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली

कर्नाटक में 'बड़ी साजिश' की एनआईए या सीबीआई जांच हो

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों धर्मस्थल मामले की चर्चा है। अब भाजपा ने दावा किया है कि इस मामले में बहुत बड़ी साजिश हुई है और एनआईए या सीबीआई द्वारा इसकी जांच की जाए। भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने धर्मस्थल मामले में सनातन धर्म के प्रमुख धर्मस्थल को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक और अन्य ने धर्मस्थल चलो रैली निकाली ।

एसआईटी ने यहां केवल झूठा प्रचार किया

रैली से पहले भाजपा नेताओं ने मंजूनाथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के धर्माधिकारी (संरक्षक) वीरेंद्र हेगड़े से भी मुलाकात की। भगवान मंजूनाथ के सभी भक्तों की यही मांग है। एसआईटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से झूठा प्रचार किया गया है।

धनखड़ ने आधिकारिक आवास खाली किया

पूर्व उपराष्ट्रपति 'वीबी एन्क्लेव' खाली कर फॉर्महाउस में शिफ्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास को खाली कर अब दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में शिफ्ट कर लिया है। यह फार्महाउस गदाईपुर क्षेत्र में है और इनेलो नेता अभय चौटाला का है। अधिकारियों के अनुसार यह केवल एक अस्थायी व्यवस्था है। धनखड़ को पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते टाइप-8 श्रेणी का आधिकारिक आवास मिलना तय है।

अभी क्या कर रहे हैं जगदीप धनखड़?

पूर्व उपराष्ट्रपति के करीबी सूत्रों का कहना है कि इन दिनों वे अपना समय परिवार के साथ बिता रहे हैं। खाली समय में वे टेबल टेनिस खेलते हैं और योग का अभ्यास करते हैं। बता दें कि धनखड़ का कार्यकाल असल में 10 अगस्त, 2027 तक था, लेकिन उन्होंने अचानक इस्तीफा दे दिया था।

मुख्यमंत्री ममता ने लगाए गंभीर आरोप

सेना ने हमारी पार्टी के मंच को कर दिया कथित तौर पर ध्वस्त

तृणमूल के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अनैतिक,अलोकतांत्रिक

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल-तृणमूल कांग्रेस राज्य के प्रवासियों का 'उत्पीड़न' होने के विरोध में आवाज उठा रही है। कोलकाता में प्रदर्शन के लिए टीएमसी का मंच तैयार किया जा रहा था, जिसे सेना ने कथित तौर पर ध्वस्त कर दिया। सीएम ममता ने सेना के इस कदम को अनैतिक और अलोकतांत्रिक करार दिया। ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल प्रवासियों के 'उत्पीड़न' के विरोध में बनाए गए टीएमसी के मंच को सेना द्वारा ध्वस्त कराने के पीछे भाजपा का हाथ है।

सेना से तटस्थ रहने की अपील की

सीएम ममता ने कहा कि मंच को हटाने से पहले सेना को कोलकाता पुलिस से परामर्श करना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि मैं सेना को दोष नहीं देती, बस उनसे अपील करती हूं कि वे तटस्थ रहें। कठपुतली न बने।

खाद्य सुरक्षा पर ममता के दावे गरीबों के साथ क्रूर मजाक

नई दिल्ली। कोलकाता के खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के दावे पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि यह गरीबों के साथ क्रूर मजाक है और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े ममता सरकार के दावों को पूरी तरह गलत साबित करते हैं।

गडकरी के बयान से सियासत गरमाई, इशारों में दी सीख

जाति-धर्म की राजनीति छोड़ो, व्यक्ति की पहचान उसके काम और चरित्र से होनी चाहिए

एजेंसी ⏭ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में जाति और धर्म आधारित राजनीति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में किसी की पहचान किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से होती है। गडकरी ने सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में ये बयान दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इससे वोट न मिलें, लेकिन वे जातिगत राजनीति का हिस्सा कभी नहीं बनेंगे। अक्सर लोग उनसे जाति का हवाला देकर समर्थन मांगते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने नागपुर में दीक्षांत समारोह में यह बात कही

जो करेगा जात की बात... मैं इस पर अटल हूं

गडकरी ने एक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने 50,000 लोगों से कहा 'जो करेगा जात की बात, उसे कस के मारूंगा लात'। लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं। चुनाव हार जाने से जिंदगी खत्म नहीं होती। मैं इस पर आज भी अटल अटल हूं।

धर्म और राजनीति को लेकर बयान

महानुभाव पंथ के सम्मेलन में गडकरी ने नेताओं से धार्मिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि धर्म को अगर सत्ता में बैठे लोगों के हाथों में सौंप दिया गया तो उसका नुकसान समाज को उठाना पड़ेगा। धर्म, समाजसेवा और राजनीति-तीनों को अलग-अलग रखना जरूरी है।

मराठा आंदोलन के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

जरांगे ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया, सारी सड़कें खाली करें

एजेंसी ⏭ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने कहा है कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। कोर्ट ने आगे कहा कि पूरा शहर थम गया है और दक्षिण मुंबई के महत्वपूर्ण स्थान प्रदर्शनकारियों से घिरे हुए हैं। कोर्ट ने दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली कराने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने को कहा। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार से भी सवाल पूछे गए हैं। अदालत ने पूछा कि हालात से निपटने की क्या योजना है? कोर्ट ने कहा कि कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं।

उच्च न्यायालय ने प्रदर्शनकारियों को मंगलवार तक का दिया अल्टीमेटम

जरांगे 29 अगस्त से अनशन पर

जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई स्थित आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वे मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

मुंबई शहर थम सा गया

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने विशेष सुनवाई में कहा कि प्रदर्शनकारी आंदोलन के लिए निर्धारित स्थान आजाद मैदान पर नहीं रुके हैं और उन्होंने दक्षिण मुंबई के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अवरुद्ध कर दिया है। अदालत ने कहा कि स्थिति गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठहर सा गया है।

जरांगे ने चौथे दिन जल त्यागा प्रदर्शनकारियों ने लगाए नारे

डॉक्टरों ने सोमवार को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की सेहत की जांच की। जरांगे ने चौथे दिन पानी पीना भी बंद कर दिया था। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में उनकी भूख हड़ताल चौथे दिन में प्रवेश कर गई है। सीएसएमटी पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी नारे लगाते और नाचते दिखे, जिससे रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई।

अफगानिस्तान में भूकंप से मची भारी तबाही

भू-स्खलन होने से सड़कें गायब, हवाई मार्ग से ही बचाव अभियान

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में आए मूल भूकंप के बाद इलाके में कई झटके आए। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और सेना के जवान पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप के घायल पीड़ितों को निकालने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस भूकंप में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और कई गांव नष्ट हो गए हैं। भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध होने के कारण, बचाव अभियान केवल हवाई मार्ग से ही चलाया जा सकता है। अफगानिस्तान सेना चार हेलिकॉप्टरों की मदद से प्रभावितों को बचाने के काम में जुटी हुई है। नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता, स्थानीय लोगों और सेना ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। पीड़ितों को जलालाबाद के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। स्थानीय नागरिक अस्पाल पहुंचकर बड़ी तादात में रक्तदान कर रहे हैं ताकि पीड़ितों को उपचार में त्वरित मदद मिल सके। वहीं, अफगानिस्तान में यूनीसेफ की टीम प्रभावितों की मदद के लिए पहुंच गई है।

सेना के जवान भूकंप प्रभावितों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचा रहे।

नंगरहार में पीड़ितों को बचाने के लिए रक्तदान करने कई लोग अस्पतालों में पहुंचे।

यूनीसेफ की टीम ने राहत सामग्री वितरित की।

नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने मौके पर पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

भूकंप से कुनार प्रांत में लोगों के घर तबाह हो गए।

खबर संक्षेप

पीओके में हेलिकॉप्टर क्रैश, 5 की मौत

नई दिल्ली। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से दो पायलटों सहित पांच क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि यह हादसा डायमर जिले के चिलास इलाके में हुआ। डायमर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने कहा कि हेलिकॉप्टर एक नए हेलीपैड पर टेस्ट लैंडिंग कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

डीपफेक फोटो वायरल करने वाली वेबसाइट बंद

रोम। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की अश्लील डीपफेक फोटो पोस्ट करने वाली 'फीका नाम की वेबसाइट बंद हो गई है। यह साइट महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पोस्ट करती थी और 20 साल से सक्रिय थी। इसमें 7 लाख सब्सक्राइबर थे और कोई भी यूजर पोर्न सामग्री अपलोड कर सकता था। इस साइट पर मेलोनी, विपक्षी नेता एली श्लीन जैसी जानी-मानी महिलाओं की फर्जी डीपफेक तस्वीरें डाली थीं।

जम्मू पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

सर्वाधिक प्रभावित गांव मांगूचक भी गए

पीड़ितों से मिले, हर संभव मदद का दिया भरोसा, 'राहत कार्यों' का लिया जायजा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 लोग मारे गए | माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया। शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। शाह ने जिले के बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जम्मू हवाई अड्डे के पास गांव मांगूचक का भी दौरा किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

जम्मू के रियासी जिले में एक नदी से सोमवार को 15 वर्षीय लड़के का शव बरामद किया गया। माहोरे इलाके के सदोले नाले में रविवार रात फिसलकर गिरने के बाद 45 वर्षीय जुल्फान बानो और उसका बेटा बशारत अहमद अचानक आई बाढ़ में बह गए थे।

बता दें, बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 से अधिक लोग मारे गए हैं और 33 लोग लापता हैं। 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय भूस्खलन की चपेट में 34 तीर्थयात्री आ गए थे।

वैष्णोदेवी की यात्रा सातवें दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में सोमवार को भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कहा कि उसने यात्रा पुनः शुरू होने तक हेलीकॉप्टर और आवास सहित सभी बुकिंग रद्द कर दी है और शत-प्रतिशत पैसा वापस करने का निर्णय लिया है।

हिमाचल आपदा राज्य घोषितः सुक्खू

हिमाचल प्रदेश 1 सितंबर से आपदाग्रस्त राज्य घोषित किया गया है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आपदा से 300 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है व 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की हानि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन कानून की धारा 34 के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है और इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य आपदाग्रस्त घोषित रहेगा और इसके बाद ही इससे संबंधित अधिसूचना को वापस लिया जाएगा।

गृहमंत्री ने राजभवन में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

केंद्रीय मंत्री शाह ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में बाढ़ प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा करने के बाद राजभवन में बाढ़ राहत उपायों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला, विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा एवं वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, अर्धसैनिक और सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

शाह ने पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से की बात

अमित शाह ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की तथा राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को मौजूदा स्थिति तथा प्रभावित लोगों के बचाव एवं राहत के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने बाढ़ से निपटने के लिए दोनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें, लगातार बारिश के कारण पंजाब के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य सरकार ने रविवार को स्कूलों को बंद रखने की अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी। अधिकारियों के अनुसार, पंजाब में अगस्त में 253.7 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से 74 प्रतिशत अधिक है और राज्य में 25 वर्षों में सबसे अधिक है। पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में मान ने कहा कि पंजाब इस समय दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ आपदा से जूझ रहा है, जिससे लगभग 1,000 गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

यूरोपीय संघ का गंभीर आरोप

रूस ने दौरे पर जा रही ईयू अध्यक्ष के विमान का 'रडार' किया जाम

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

रूस पर विमान के रडार को जाम करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने यह आरोप लगाया है। अधिकारी के अनुसार, रूस ने बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया।

बताया गया है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहा विमान बुल्गारिया के ऊपर संदिग्ध रूसी कार्रवाई के कारण रडार जाम होने से प्रभावित हुआ। आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और वॉन डेर लेयेन रूस व बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी।

जीपीएस नेविगेशन में आया व्यवधान

वहीं, बुल्गारिया ने एक बयान में कहा कि विमान के जीपीएस नेविगेशन के लिए उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट सिग्नल में व्यवधान आया था। जैसे ही विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे के पास पहुंचा, जीपीएस सिग्नल गायब हो गया। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन में मास्को के युद्ध की कट्टर आलोचक वॉन डेर लेयेन, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस की सीमा से सटे यूरोपीय संघ के देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पोडेस्टा ने कहा कि वॉन डेर लेयेन ने रूस और उसके सहयोगियों से आने वाले खतरों की रोजमर्रा की चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है।

हाल ही में ट्रंप और जेलेंस्की से बात की थी

हाल ही में यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात की थी। ये बातचीत गुरुवार को हुई थी। इस बातचीत के बाद यूरोपीय संघ की प्रमुख ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बातचीत की टेबल पर आना चाहिए। उन्होंने लिखा था कि कीव पर रूस द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमले के बाद अभी ट्रंप, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की। पुतिन को बातचीत की मेज पर आना चाहिए। हमें ये सुनिश्चित करना चाहिए कि यूक्रेन में स्थायी शांति आए और उसे सुरक्षा गारंटी भी मिले।

कांग्रेस ने चीन से हुई मुलाकात को बताया चिंता का विषय

पीएम चीन के सामने झुके राष्ट्रहित से किया समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी पर चीन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी की तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई मुलाकात भारत के लिए चिंता का विषय है। यह मुलाकात राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात साबित हुई है।

जयराम रमेश ने कहा कि लंबे समय से भारत, चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन तियानजिन वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शी से कहा कि भारत और चीन दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। कांग्रेस नेता ने इसे देश की झुकने वाली विदेश नीति करार देते हुए कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है?

ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा टाल गए पीएम

कांग्रेस नेता ने पीएम की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत का खुलासा खुद भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारियों ने किया था। इसके बावजूद पीएम मोदी ने अपनी बातचीत में इस मुद्दे पर एक शब्द तक नहीं कहा।

सरकार की चीनी नीति पूरी तरह विफल

कांग्रेस ने मोदी सरकार की चीन नीति को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा है कि पीएम की ढील और चुप्पी से भारत की सुरक्षा और सम्मान पर गहरा आघात हुआ है। मोदी सरकार लगातार चीन के दबाव में काम कर रही है और वास्तविकता को देश की जनता से छिपाया जा रहा है। पीएम ने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया था। अब, 31 अगस्त, 2025 को भी तियानजिन में उनके कायरतापूर्ण दंभ के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दावा

भारत टैरिफ घटाने को तैयार, कहा- अब देर हो चुकी, पहले कम करना था

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अब अमेरिका पर टैरिफ कम करने की पेशकश की है, लेकिन काफी देर हो चुकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार संबंधों को 'एकतरफा' बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका को बहुत सारा सामान बेचता है, लेकिन अमेरिका भारत को बहुत कम सामान बेच पाता है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत ने अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाए, जिससे अमेरिकी कंपनियों को भारत में सामान बेचना मुश्किल हो गया। यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है! उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, न कि अमेरिका से। ट्रंप ने इसे सालों पुरानी दिक्कत बताया और कहा कि भारत को पहले ही टैरिफ कम कर देना चाहिए था। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही पीएम मोदी ने एससीओ समिट के दौरान चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी 21वीं सदी की सबसे खास साझेदारी है।

गरबा की पगड़ी में दिखा ऑपरेशन सिंदूर

अहमदाबाद। गणेश उत्सव के साथ ही कलाकार अब आगामी नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। नवरात्रि उत्सव से पहले गरबा करने वालों के लिए नए परिधान के रूप में इस बार ऑपरेशन सिंदूर का महत्व होगा। अहमदाबाद में एक कलाकार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पगड़ी दिखाता हुआ।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों संग की बैठक

ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को प्रोत्साहन देने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही, उपयोगकर्ताओं के पैसों की सुरक्षा और उद्योग में व्यवस्थित बदलाव (ऑर्डरली ट्रांज़िशन) जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह भी नोट किया गया कि उद्योग ने कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

आईटी सचिव से भी की थी मुलाकात

उपयोगकर्ता के पैसों की सुरक्षा पर भी हुई बात

कानून पालन के लिए ठोस कदम उठाएं

इससे पहले शुक्रवार को भी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय आईटी सचिव के साथ बैठक की थी। शुक्रवार की बैठक में गेमिंग कानून को लेकर नियमों और आगे की दिशा को लेकर चर्चा हुई। सचिव स्तर की इस बैठक में गेमिंग प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों के अलावा बैंकिंग और फिनटेक प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस बैठक का मकसद स्टेकहोल्डर्स को यह बताना था कि इस कानून में उनके लिए क्या है। जल्द इस कानून से संबंधित नियम बनाए जाएंगे और यह एक सतत प्रक्रिया है। नियमों से ज्यादा, इसका मकसद ऑनलाईन गेमिंग से जुड़े उद्योग को कानून और उसके परिणामों की जानकारी देना था। बैठक में बताया गया कि सरकार प्रोग्रेसिव कानून के पक्ष में है, लेकिन उसे ऐसे मुद्दों पर जनभावनाओं के साथ ही स्टेकहोल्डर्स का हित भी ध्यान में रखना है।

ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम जल्द अधिसूचित होगाः सचिव

सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा कि यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा। बता दें, संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है।

पाक में जारी बारिश का कहर

बाढ़ से 24 घंटे में 15 लोगों की मौत अब तक 854 मारे गए, लाखों पीड़ित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से लाखों लोगों के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों में 15 लोगों की जान चली गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। पंजाब में 10 लोग और खैबर पख्तूनख्वा में 5 लोग मारे गए। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएम) ने बताया कि 26 जून से 31 अगस्त तक बाढ़ और बारिश से 854 लोगों की मौत हो चुकी है और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब में 20 लाख से ज्यादा लोग इस भयानक बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार ने 7.6 लाख लोगों और 5 लाख पशुओं को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया है। सरकार दिन-रात बचाव और मदद के काम में जुटी है। पंजाब में इतनी बाढ़ पहले कभी नहीं देखी गई। 24 घंटों में 60 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। खैबर पख्तूनख्वा में भी भारी बारिश का कहर जारी है। जून से अब तक वहां 406 लोग मारे जा चुके हैं।



शाहरुख-रानी ने कुछ कुछ होता है का मोमेंट किया रीक्रिएट

नई दिल्ली। शाहरुख खान ने रानी मुखर्जी के साथ डांस करते हुए एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखकर फैंस नॉस्टाल्जिक हो रहे हैं। उन्होंने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का मोमेंट रीक्रिएट किया, जिसे नेटिजेंस देखते रह गए. वे टीना और राहुल के मोमेंट को जीते दिखे। दोनों सितारे, आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के गाने पर थिरक रहे हैं। जाहिर है कि शाहरुख खान अपने डांस वीडियो के जरिये बेटे आर्यन खान की सीरीज का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'नेशनल अवॉर्ड, हम दोनों की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो गई. शुभकामनाएं रानी, आप क्वीन हो. आपको हमेशा प्यार करता रहूंगा।' दोनों नेशनल अवॉर्ड विनर्स के इस री-यूनियन को देख कई फैंस भावुक हो गए।

लाइफ Style

रुक्मिणी

टॉक्सिक और ड्रैगन में भी आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं। पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' में उनकी एंट्री ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर 'टॉक्सिक' और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'ड्रैगन' में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं। एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टारर तमिल फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा 'ड्रैगन' और गीतू मोहनदास निर्देशित 'टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' में भी कास्ट किया गया है। रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से 'एनटीआर-नील' प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है। साल 2019 में अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'बिरबल' थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं।

हॉलीवुड मसाला

स्ट्रीट फाइटर में निभा रहे धालसिम का किरदार

लॉस एंजिल्स। बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब अभिनेता ने अपनी हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर के कलाकारों के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में विद्युत सहकलाकारों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। विद्युत जामवाल फिल्म में धालसिम का किरदार निभा रहे हैं। यह एक आग उगलने वाला आध्यात्मिक योगी का किरदार है, जिसे गेमर्स बहुत पसंद करते हैं। यह किरदार 1991 में रिलीज हुई स्ट्रीट फाइटर 2 के आखिरी दृश्य के दौरान पेश किया गया था।

इंडियन वेडिंग में अचानक पहुंच गए जस्टिन बीबर

लॉस एंजिल्स। पॉप म्यूजिक सेंसेशन जस्टिन बीबर हाल ही में एक इंडियन वेडिंग में सभी को सरप्राइज देने के लिए पहुंच गए। लॉस एंजिल्स में हुई इस शादी में बीबर बिना किसी को बताए वहां पहुंच गए और दुल्हन को ऐसा सरप्राइज दिया कि सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा होने लगी। इस दौरान के वीडियो क्लिप्स और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन बीबर को दुल्हन और उसकी सहेलियों के बीच पोज देते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वेडिंग सेरेमनी में जस्टिन पहुंचे, दुल्हन खुशी से झूम उठी। उनके चेहरे पर मुस्कान और फैन्स के रिएक्शन ने यह साबित कर दिया कि बीबर की मौजूदगी ने इस शादी को हमेशा के लिए खास बना दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दुल्हन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- 'अब इसके बाद मैं शादी नहीं कर पाऊंगी। दुल्हन के इस मजेदार रिएक्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी इस पर कई रिएक्शन्स सामने आए।

मनोज और रामगोपाल लगाएंगे हॉरर-कॉमेडी का तड़का

मुंबई। मनोज बाजपेयी की सत्या फिल्म तो आपको याद ही होगी। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्म माना जाता है। अब लगभग तीन दशक के बाद एक बार फिर मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी एक साथ आ रही है। हालांकि, इस बार दोनों की फिल्म का जॉनर एकदम अलग है। लंबे वक्त के बाद मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए फिर से एक साथ वापस आ रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'पुलिस स्टेशन में भूत' है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा अब अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी जुड़ गई हैं। अब फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। पुलिस स्टेशन में भूत की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया है। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी के साथ राम गोपाल वर्मा का कहानी कहने का अलग ढंग इसे और भी खास बनाता है।



तृप्ति ने शाहिद के साथ किया स्पेन की सड़कों पर सफर

मुंबई। शाहिद कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी इस फिल्म के टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका टाइटल रोमियो हो सकता है। शाहिद कपूर ने स्पेन में भी इस फिल्म की शूटिंग की है। इस दौरान उन्होंने तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी के साथ सफर किया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अविनाश तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी स्पेन की सड़कों पर स्पोर्ट्स कार से सफर कर रहे हैं। शाहिद और अविनाश स्पेन की सड़कों पर तेजी से कार चला रहे हैं। रोड किनारे के दृश्य बहुत बेहतरीन हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी अपने बाल सवांरते नजर आ रही हैं। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी थी।

टीवी मसाला

बिग बॉस 19 में इन 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

नई दिल्ली। सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 का दूसरा हफ्ता शुरू होते ही माहौल और गरमा गया है। इस हफ्ते नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और घर से बाहर होने की दौड़ में पांच बड़े नाम आ गए हैं। यही नहीं, वीकेंड का वार एपिसोड भी जबरदस्त ड्रामा और टकराव से भरा रहा। भले ही इस हफ्ते कोई घर से बेघर नहीं हुआ हो, लेकिन अगले हफ्ते पांच लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटक रही है। 'बिग बॉस तक' के मुताबिक इस हफ्ते जिन कंटेस्टेंट्स को घर से बाहर जाने का खतरा मंडरा रहा है, उनके नाम इस तरह हैं-मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, कुनिका सदानंद, तान्या मित्तल, अमाल मलिक। ये पांचों कंटेस्टेंट्स फिलहाल दर्शकों के वोट पर निर्भर हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि किसका सफर यहां खत्म होता है और किसे फैंस का साथ मिलता है। घर के पहले कैप्टन के तौर पर चुनी गईं अभिनेत्री कुनिका सदानंद को अब अपने ही साथी घरवालों के विरोध का सामना करना पड़ा। बिग बॉस के मेकर्स की ओर से जारी किए गए प्रोमो में दिखाया गया कि ज्यादातर सदस्यों ने उनकी कैप्टेंसी को खारिज कर दिया।

अनुपमा सीरियल से होगी देविका की छुट्टी!

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और देविका इतने वक्त बाद मिले होंगे तो वो देर रात तक साथ बैठकर बातें करते रहेंगे। राही और अनुज के अलावा भी तमाम मुद्दों पर बातें हो रही होंगी। इसी बीच अंश आ जाएगा और कहेगा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि दो सहेलियां कॉलेज की कैन्टीन में बैठकर बातें कर रही हों। इस पर देविका अंश और बाकी लोगों को बताएगी कि कैसे अनुपमा आज से नहीं, बल्कि कॉलेज के दिनों से डांस रानी रही है। अनुपमा और देविका साथ में डांस करेंगी और बाकी लोग भी एन्जॉय करेंगे। रात ढलेगी और सभी सोने चले जाएंगे, लेकिन अनुपमा और देविका साथ बैठी बातें करती रहेंगी। बातों-बातों में देविका हंसते-हंसते भावुक हो जाएगी और उसकी आंखों में आंसू आ जाएंगे। अनुपमा और देविका एक दूसरे के गले लग जाएंगे। अनुपमा अपनी दोस्त से भावुक होने की वजह पूछेगी। इस पर देविका उसके गले लगी रहेगी और कहेगी कि पहले ठीक से गले लग जाने दे यार, पता नहीं फिर यह मौका मिले ना मिले।

आराध्या के साथ गणपति दर्शन के लिए पहुंची ऐश्वर्या

मुंबई। बॉलीवुड के कई कलाकार इन दिनों गणेश चतुर्थी के जश्न में डूबे हुए हैं। हाल ही में ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई में जीएसबी गणपति समारोह में शामिल हुईं। दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। ऐश्वर्या इन दिनों अक्सर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं, चाहे कोई खुशी का मौका हो या फिर कोई कार्यक्रम। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ गणेशोत्सव पंडाल में भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने पहुंची। मां-बेटी की इस जोड़ी ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया और पंडाल में प्रवेश करने से पहले कुछ सेल्फी लेने के लिए रुकीं। उन्हें देख कर उनके फैंस काफी खुश हुए। ऐश्वर्या राय सफेद ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जिसके साथ उन्होंने लाल लिपस्टिक और छोटी सी बिंदी लगाई थी। आराध्या पीले कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आराध्या ने बहुत ही शालीनता के साथ पंडाल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। दोनों ने पंडाल में हाथ जोड़कर तस्वीरें भी खिंचवाईं। हालांकि, दोनों के साथ अभिषेक बच्चन समारोह में शामिल नहीं हुए। खबरों के मुताबिक ऐश्वर्या नियमित रूप से भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए जीएसबी गणपति समारोह में शामिल होती हैं।

ढोल-नगाड़ों के साथ बप्पा को किया विदा

मुंबई। गणपति बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक का हर क्षण बॉलीवुड के सितारों के लिए भी बेहद खास होता है। इस बार भी भाईजान सलमान खान ने अपनी फैमिली संग धूमधाम से गणपति विसर्जन किया। हर साल की तरह इस बार भी उनकी छोटी बहन अर्पिता खान शर्मा ने बप्पा को अपने घर पर विराजित किया और पूरे खान परिवार ने मिलकर बप्पा के स्वागत और विदाई की रस्में निभाई। अब सलमान ने इस दौरान का एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने परिवार के साथ बप्पा को विदा करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खूब मस्ती कर रहे हैं। उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा रहा है। वीडियो के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा है- गणपति बप्पा मोरया। विसर्जन के दौरान जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हल्की बारिश के बावजूद खान फैमिली के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थीं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी आयत को गोद में उठाया और जमकर मस्ती की। इस जश्न में अर्पिता के पति आयुष शर्मा भी शामिल रहे, जिन्होंने बप्पा की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर गए। खान फैमिली के युवा सदस्य भी पीछे नहीं रहे। सलमान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री, भतीजे अरहान, निर्वाण और अयान अग्निहोत्री ने बप्पा को नाचते-गाते हुए विदा किया।

मनोरंजन के शौकीनों के लिए है इस बार कुछ दिलचस्प

इस सप्ताह ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्म-सीरीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमाघरों में इन दिनों वॉर 2, कुली और परम सुंदरी सजी हुई हैं। मगर, ओटीटी का दर्शकों के बीच अलग क्रेज है। हर नए सप्ताह मनोरंजन के शौकीनों का सवाल होता है कि ओटीटी पर इस बार क्या खास आ रहा है? इस बार काफी कुछ दिलचस्प है। पिछले दिनों थिएटर में दस्तक दे चुकीं कुछ फिल्में इस हफ्ते रिलीज हो रही हैं, तो कुछ नई फिल्में भी दर्शकों के बीच पहुंच रही हैं।

वेडनेसडे सीजन 2

हॉरर सीरीज वेडनेसडे सीजन 2 का पहला पार्ट अगस्त में रिलीज हुआ था। इस सीरीज में कुल छह एपिसोड हैं। अब इस सीरीज का दूसरा पार्ट इस हफ्ते रिलीज हो रहा है। वेडनेसडे सीजन 2 का पार्ट 2 नेटफ्लिक्स पर 3 सितंबर से स्ट्रीम होगा। इसमें दो एपिसोड होंगे।

आंखों की गुस्ताखियां

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज होने वाली है। यह फिल्म जुलाई में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। शनाया की यह डेब्यू फिल्म है। अब 5 सितंबर से इसे ओटीटी पर देखा जा सकता है। यह फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

द पेपर'-'टास्क

इसके अलावा अमेरिकी वेब सीरीज द पेपर भी इस वीक रिलीज होगी। यह जियो हॉटस्टार पर 5 सितंबर से स्ट्रीम होगी। इस सीरीज को ग्रेग डेनियल और माइकल कोमन ने बनाया है। अमेरिकन एक्टर मार्क रुफालो की क्राइम ड्रामा टास्क भी इस हफ्ते की लिस्ट में है। यह 7 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

मालिक

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मालिक भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। यह एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 5 सितंबर से यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। राजकुमार राव के अलावा फिल्म में मानुषी छिल्लर लीड रोल में हैं।

इंस्पेक्टर झेंडे

मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ अभिनीत फिल्म इंस्पेक्टर झेंडे भी इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे। वे मधुकर बापूराव झेंडे के रोल में होंगे, जो फरार किलर (जिम सर्भ) को पकड़ने निकलते हैं।

जूनियर

साउथ फिल्म जूनियर भी इस वीक रिलीज होने वाली है। कीर्ति रेड्डी और श्रीलीला अभिनीत यह फिल्म 5 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला विश्व कप की चैंपियन को मिलेंगे इस बार 40 करोड़

आईसीसी ने की विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 11.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है।

महिला क्रिकेट के लिए नया मानदंड स्थापित

आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपए) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।' न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपए) थी।

उपविजेता टीम को मिलेगी 19.77 करोड़ रुपए की राशि

महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपए) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपए) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपए) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपए) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपए) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपए) मिलेंगे।

दुनिया में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना

आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, 'यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।'

खबर संक्षेप

डिस्ट्रिक्ट रोटरेक्ट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट आयोजित

भोपाल। डिस्ट्रिक्ट रोटरेक्ट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट फ्लाई स्पोर्ट्स क्लब भोपाल में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ छिंदवाड़ा के मेयर विक्रम अहाते ने किया। इस रोटरेक्ट स्पोर्ट्स आयोजन में खो-खो, कबड्डी, झपट्टा, शतरंज का आयोजन किया गया। इसमें मंडल 3040 के 100 से अधिक रोटरेक्ट्स खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के आयोजन में रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल स्मार्ट सिटी, भोपाल हिल्स ने सहयोग दिया। प्रमुख आयोजक रोटरेक्ट क्लब ऑफ टी आए टी एंड साइंस भोपाल है। वर्षा के कारण कुछ स्पर्धा नहीं की जा सकी।

सोराना ने लगाई ट्रॉफी वापस करने की गुहार

न्यूयॉर्क। टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है।' रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी।

यूरोपीय मास्टर्स : संयुक्त 33वें स्थान पर अहलावत

क्रांस मोंटाना। भारत के वीर अहलावत अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर रहे। डीपी विश्व टूर पर पैर जमाने की कोशिश कर रहे अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने चार दौर में 69, 64, 70 और 68 के स्कोर बनाए। अहलावत ने लगातार चौथी बार कट हासिल किया। वह अभी डीपी विश्व टूर तालिका में 129वें स्थान पर हैं और अगर कुछ और टूर्नामेंट में अच्छे नतीजे हासिल करते हैं तो टूर पर अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं। शुभंकर शर्मा का संघर्ष जारी रहा और वह इस हफ्ते लगातार 13वें टूर्नामेंट में कट हासिल करने में विफल रहे। बेहद खराब शुरुआत से उबरने के बाद दो बार के विजेता थ्रिस्टन लॉरेंस ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त से खिताब जीता।

यूएस ओपन : क्वार्टर फाइनल में सबालेंका, क्रेसिकोवा, जेसिका, कार्लोस और नोवाक

अल्कराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का रिकॉर्ड सबालेंका लगातार 5वीं बार अंतिम-8 में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में वहीं कार्लोस अल्कराज सबसे कम उम्र में 12वी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंच गए। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे।



ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची जेसिका

चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया।

अल्कराज का सामना जिरी लेहेका से

कार्लोस अल्कराज ने फ्रांस के आर्थर रिंडर्कनेक को सीधे सेटों में 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराया। इसके जरिए स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे नौजवान खिलाड़ी बना। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे। अल्कराज का सामना अब चेक रिपब्लिक के जिरी लेहेका से होगा। लेहका ने एड्रियन मनारिनो को 7-6 (4), 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एल्कराज साल 2025 में सभी चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन में वह अंतिम-8 में हार गए थे फिर फ्रेंच ओपन जीता तो विंबलडन के फाइनल में हारे।

2025 के सभी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज

नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल

नोवाक जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गर्दन दर्द का सामना करते हुए 144वीं रैंक के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। तीसरे सेट के दौरान उन्हें गर्दन में समस्या हुई और फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके चलते उन्होंने दो गेम गंवाए। हालांकि इसके बाद भी वह जीत हासिल करने में सफल रहे। 38 साल के जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। इस खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चेक रिपब्लिक के टॉमस मैकहैक को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

क्रेसिकोवा ने टाउनसेंड को दी मात

महिला एकल में बारबोरा क्रेसिकोवा ने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6 (13), 6-3 से मात दी। टाउनसेंड दूसरे सेट में आठ मैच पॉइंट को भुना पाने में नाकाम रही। इस दौरान 25 मिनट तक टाईब्रेकर में मुकाबला चला। टाउनसेंड का यह 31वां ग्रैंड स्लैम था और वह अभी तक एक भी बार क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकी। क्वार्टर फाइनल में क्रेसिकोवा और पेगुला की ही टक्कर होगी। वहीं सबालेंका क्रिस्टिना बुकसा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

भोपाल कूडो टीम पहली बार बनी ओवरऑल चैंपियन

63 स्वर्ण, 26 रजत, 14 कांस्य समेत जीते 103 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

10वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता (27 से 31 अगस्त 2025) में भोपाल कूडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भोपाल कूडो संघ के अध्यक्ष हर्षित विश्वकर्मा, सचिव चंद्रकांत अल्डक एवं कोषाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने अत्यंत हर्ष एवं गर्व व्यक्त किया है। सचिव चंद्रकांत अल्डक ने बताया कि भोपाल टीम ने प्रतियोगिता में 103 पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान बनाया है।

स्वर्ण पदक विजेता-63 खिलाड़ी

प्रज्ञान सिंह बघेल, अश्विक कार्तिकेय, विवान सागर, अक्षत कालबले, वैदिक दीक्षित, एकांश बारचे, तेजस्व लोवंशी, जिग्यांश शर्मा, शिवाय सिंह राय, विश्वनाभ तिवारी, आदि कुंदर, मानविक सक्सेना, अथर्व पटेलिया, आयांश राय, दैविक कार्तिकेय, लक्ष्यवीर उमेकर, स्वरांश पाठक, अक्षत राम श्रीवास्तव, अयान चट्टोपाध्याय, अध्यन मिश्रा, विवान दुबे, सिद्धार्थ शर्मा, बसंत बिष्ट, अक्षत साहू, स्वाले खान, नमन नरेश, जैकसन जोशी, श्रावी देहरिया, ज्ञानवी सिंह, हिमानी नौटियाल, नोरा सोजातिया, अवर्था राजपूत, आराध्या पांडे, आव्या प्रकाश, काश्वी गुप्ता, समृद्धि राय, प्रणन्या चंदेलिया, हिमांशी राजपूत, विराज सिंह, आराध्या सिंह, आराध्या मिश्रा, शरण्या गुप्ता, अंशिका बिस्ट, गौरवी चोपड़े, शिवी सक्सेना, अनाया पिल्लई, पलक्षा हरोड़े, सिद्धि उप्रिट, आरोही चौरसिया, जायती मिश्रा, पारिधि मीणा, चहक परमार, श्रेया नामदेव, किंजल गुप्ता, आर्या दुबे, तन्वी ठाकुर, श्रेया देशमुख, आराध्या पटेल, अनुष्का खरे, इशिका कौशिक, प्रिया पटेल, स्नेहा नामदेव, नूपुर सोंधिया। **रजत पदक:** विहान सिंह नेगी, स्तव्य गुप्ता, शौर्य शर्मा, अभिमन्यु सिंह, भव्यांश सिंह, कानन अत्री, सूर्यान्श मिश्रा, दर्श मिश्रा, अर्नव द्विवेदी, प्रियांशु पांडे, विष्णु पुन, प्रियांश धाकड़, विनायक शर्मा, आकाश मिश्रा, पाक्षी सिंह, श्रिनिका पटेल, फ्लोरेन्स मेंघानी, अमाया अरोरा, अवनी शर्मा, आद्या शुक्ला, मान्या सिंह, ख्याति खरे, रीत गौतम, मिया श्रीवास्तव, आरुषि श्रीवास्तव, पैपी मीना सिंह। **कास्य पदक:** वरन्या जयंती जोशी, आध्यात्म प्रकाश, अर्नव सिंह, यशवर्धन सिंह परमार, अभ्युदय घागरे, प्रियांशु योगी, निश्चय मोदी, इशिका जैसवाल, इशिता राय, मौली सक्सेना, भावना सिंह, शिवानी अहीरवार, कविशा श्रीवास्तव, मुन्ना कुमार सिंह।

सुविनी बैडमिंटन टूर्नामेंट में राघवी और अन्वी ने जीती स्वर्ण ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 (सुविनी बैडमिंटन टूनार्मेंट) का आयोजन 26 से 31 अगस्त तक टीटी नगर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-13 बालिका वर्ग में राघवी विदुआ और अन्वी गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण ट्रॉफी अपने नाम की। उन्होंने आदिति परमार और भूमि सिंह को 21-17, 16921, 21-14 से हराया। इसी के साथ राघवी विदुआ ने अंडर-15 बालिका वर्ग में भी रजत ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि इस वर्ग में आदिति परमार ने स्वर्ण पदक जीता। बता दें कि राघवी विदुआ एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ एवं डॉ. निशा विदुआ की पुत्री है।

प. दिल्ली लायंस ने जीता खिताब...

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया।

अंडर 14,17,19 सीबीएसई फुटबॉल बॉयज नेशनल प्रतियोगिता कल से

भोपाल। पीपुल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता शहर के पीपुल्स पब्लिक स्कूल फुटबॉल मैदान पर 3 सितंबर से आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भारत वर्ष के 20 राज्यों के साथ-साथ ओमान, दुबई, कतर, कुवैत, शारजाह के स्कूलों की 70 टीम में भाग ले रही हैं, जिसमें पीपुल्स पब्लिक स्कूल भोपाल, आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली, एमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर उत्तराखंड, ओडियन ग्लोबल स्कूल दिल्ली, पब्लिक स्कूल बैंगलुरू, ओमेगा इंटरनेशनल स्कूल, कमला देवी पब्लिक स्कूल भोपाल, खेलगांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज, हेरिटेज स्कूल जम्मू कश्मीर, एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा की टीम भाग लेगी।

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया है शानदार प्रदर्शन

आईसेक्ट की खेल प्रतिभाओं को 'स्पोर्ट्स अचीवर्स अॉर्ड 2025' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास के तहत शनिवार को आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेल मंत्री विश्वास सारंग, विशिष्ठ अतिथि अर्जुन अवार्डी और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, अर्जुन अवॉर्डी और 1983 क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य मदनलाल शर्मा थे।

समारोह में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत 88 खिलाड़ियों और 11 कोचेस को पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्लेयर को साल दर साल स्वयं को बेहतर करना चाहिए: मदनलाल

इस अवसर पर अशोक ध्यानचंद ने अपने हाकी के करियर को संक्षिप्त में साझा करते हुए प्लेयर्स को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने अपने पिता मेजर ध्यानचंद के किस्से और अपने पहले गोल्ड जीतने का किस्सा सुनाया। वहीं पूर्व क्रिकेटर मदनलाल ने खिलाड़ियों को सफलता के लिए इंटेंसिटी के साथ हार्डवर्क और स्मार्टवर्क करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्लेयर को साल दर साल स्वयं को बेहतर करना चाहिए तभी वह बड़े स्तर पर परफॉर्म कर सकता है। उन्होंने प्लेयर के जीवन में प्रोसेस के महत्व को रेखांकित किया क्योंकि इसी के जरिए लगातार प्लेयर बेहतर होता जाता है।

10 खेलों में 88 प्लेयर्स सम्मानित

सम्मानित होने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में हॉकी के अंकित पाल, अदिति महेश्वरी, करमनप्रीत कौर जूडो के हिमांशी टोकस और श्रद्धा चोपडे, पवित्र भटेले और श्रुति उनियाल, पैरा एथलीट लक्ष्मी, शूटिंग में वंशिका तिवारी, मानसी रघुवंशी, श्रेष्ठ सिसोदिया, मोहिका सिसोदिया, एसजीएसयू की कराटे प्लेयर आकांक्षा सोलंकी, बॉक्सिंग में मलिका मोर, सेलिंग में अजय यादव और विद्यांशी मिश्रा,नन्हे राजा बुंदेला, कयाकिंग में डाली बिश्नोई, रेसलिंग में प्रियाशी प्रजापत, वुशू में श्रेया गुप्ता, एथलेटिक्स में एकता डे, रोइंग में अमन सिंह, अरविंद सिंह गुर्जर, वेदांश टेहरिया, अक्षय यादव, हरिओम ठाकुर, बंटी सेंधव, राघव सरन, प्रयास, धीरज वर्मा, मलखंभ में प्रणव कोरी, पंकज गरगामा, पायल मांडवलिया, सपना माली, संजना, अनुसुइया, राजनंदनी, सोनू मांडवलिया, उत्कर्ष पांडे, आदित्य गेहलोत, विश्नेश सुगंधी, यश ममोडिया, कराते में अनुज गोस्वामी समेत 88 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में तितली सर्वेक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में तितली सर्वेक्षण का आयोजन कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तितली सर्वेक्षण का उद्देश्य इस क्षेत्र में पाई जानेवाली तितलियों के प्रजातियों की पहचान करना एवं इनकी संख्या का आंकलन करना ही इस कार्यक्रम में तितलियों के प्रति रुचि रखने वाले लगभग 20 विद्यार्थी, तितली सर्वे के विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

पोलार्ड वीक पद्धति से किया सर्वेक्षण

इस सर्वेक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने पोलार्ड वीक पद्धति से संग्रहालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में तितलियों का सर्वेक्षण किया। संग्रहालय परिसर के तितली सर्वेक्षण का दोनों चरण पूर्ण होने के बाद संग्रहालय में पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों एवं उनकी संख्या को एकत्रित करके रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

श्रीलंका के कोलंबो में गूंजे भोपाल के अधिरोह बैंड संग रोहन पाठक के सुर

15 और 16 अगस्त को श्रीलंका में पहली प्रस्तुति देने पहुंचा बैंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरती से निकले सुरों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेरी है। राजधानी भोपाल के सूफी बैंड अधिरोह और लोकप्रिय सिंगर रोहन पाठक ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में ऐसा जादुई माहौल रचा कि वहां मौजूद श्रोता देर तक सुरों की तरंगों में झूमते रहे। हाल ही में आयोजित इस प्रस्तुति ने न केवल संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि यह अवसर अधिरोह बैंड के लिए भी एक ऐतिहासिक रहा, क्योंकि यह उनकी पहली विदेशी प्रस्तुति थी।

■ यह उनकी पहली विदेशी प्रस्तुति थी

कोलंबो में सूफियाना अंदाज़ दिखा

कोलंबो के भव्य ऑडिटोरियम में जब रोहन पाठक की सुरीली आवाज गूंजी और अधिरोह बैंड के कलाकारों ने सुरों को पंख दिए, तो वातावरण सूफियाना रंग में रंग उठा। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और वाहवाही के साथ हर गीत का स्वागत किया। यह प्रस्तुति एक कॉर्पोरेट इवेंट के तहत आयोजित हुई थी, लेकिन माहौल ऐसा बन गया मानो यह एक सांगीतिक उत्सव हो। बैंड के मैनेजर अभिनय धूरिया ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण था। पहली बार अधिरोह बैंड ने विदेशी धरती पर परफॉर्म किया और श्रोताओं ने जिस तरह का प्यार और सम्मान दिया, उसने हमारी मेहनत को सार्थक कर दिया।

वॉइस ऑफ इंडिया फेम रोहन पाठक

बैंड के मुख्य सिंगर रोहन पाठक 'वॉइस ऑफ इंडिया' जैसे राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। रोहन ने बचपन से ही संगीत की साधना को अपना जीवन बना लिया। भोपाल में जन्मे रोहन अब तक देश के कई बड़े शहरों में प्रस्तुतियां दे चुके हैं। उनकी गायकी में जहां एक ओर शास्त्रीय संगीत की गहराई झलकती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक धुनों की ऊर्जा भी। कोलंबो में उनके गीतों ने श्रोताओं के दिल को छू लिया और उन्हें लंबे समय तक बांधे रखा। उल्लेखनीय है कि गिटार पर प्रवेश रावत और ओमी, की-बोर्ड पर ओजस, को-सिंगर करणदीप सिंह मट्टू, देवेश भौर्या और सार्थक रायकवर ड्रम्स पर आयुष ओझा, और परकशन पर देवा शांडिल्य और साउंडर इंजीनियर की भूमिका में शुभोजीत सरकार थे।

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'चिट्ठी' का मंचन

हाले दिल बयां करती प्रेम कथा दर्शाती एकल नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यह मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना... 70 और 80 के दशक के इस गीत से एक बात जरूर समझ में आती है कि उस दरमियां इश्क करना और इश्क का इजहार करना कितना मुश्किल हुआ करता था। उन दिनों एक खत ही था, जो आशिक के हाले दिल बयां करता था। इसी दौर की मोहब्बत को चिट्ठी के माध्यम से दर्शाने की कोशिश की निर्देशक संजय श्रीवास्तव के नाटक चिट्ठी में। सोमवार की रंग श्री लिटिल बैले में मंचित नाटक चिट्ठी में आर्टिस्ट हर्ष दौड़ ने सोलो अभिनय से करीब 12 किरदारों को अपने अभिनय में दिखाने की कोशिश की।

10 से 12 खत और चिट्ठी से जुड़े हुए गीतों का किया प्रयोग

नाटक में कई फिल्मी गीतों का प्रयोग किया गया, जो कहीं ना कहीं खत और चिट्ठी से ही जुड़े हुए थे, जैसे डाकिया डाक लाया..., संदेश से आते हैं....., कबूतर जा जा....., खत लिखना है.... करीब 10 से 12 खत और चिट्ठी से जुड़े हुए गीतों से सजी इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

14 साल की उम्र में हसरत जयपुरी को हुआ था इश्क

नाटक के निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे आज भी हसरत जयपुरी का किस्सा याद है जिसमें उन्होंने बताया था कि 60-70 के दशक में 14 साल की उम्र में उन्हें इश्क हो गया था और उन्होंने एक खत लिखा था अपनी प्रेमिका के नाम और उसे छुपाने की कोशिश कर रहे थे कि कोई घर में देख न ले। माता-पिता और भाई। वही दौर मेरे जहन में था, जिसे मैंने नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। इश्क और रोमांस से भरपूर इस एकल नाट्य प्रस्तुति को करीब 1 घंटे में बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया।

भेल कॉलेज में कवि-गोष्ठी

विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी बने कवि

भोपाल। राजधानी स्थित स्वरचित साहित्य मंच और हिंदी विभाग के संयुक्त प्रयास से बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी ने कविताएं पढ़ीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने इस आयोजन को साहित्य क्लब की विशेष उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि स्वरचित साहित्य मंच का यह कार्यक्रम नवाचार की दिशा में मील का पत्थर है। आकाश हमारा है, परचम लहराना है और कुछ कही कुछ अनकही जैसी साहित्यिक थीम पर विद्यार्थियों ने कविता का अनूठा संसार रचा। प्राची विश्वकर्मा ने अपनी कविता सुनाकर सबको भावुक कर दिया। कविता यादव ने यदि मैं किताब होती शीर्षक से गहरी बात कही। त्रिवेणी, सीता रजक, जोया, तुषार और रश्मि अहिरवार ने भी कविगोष्ठी को आगे बढ़ाया। महाविद्यालय के रमाकांत तिवारी ने जाग उठा अब देश हमारा शीर्षक से सभागार में देशभक्ति का रंग भर दिया।

भारत भवन में हुआ वरिष्ठ कलाकार सीएस कृष्णा सेट्टी की कलायात्रा पर विशेष व्याख्यान

विचारों, संवेदनाओं का जीवंत प्रतिबिंब हैं सेट्टी के चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बहुकला केन्द्र भारत भवन का रविवार कला और विमर्श की दृष्टि से विशेष रहा। अवसर था रूपंकर कला प्रभाग द्वारा आयोजित उस विशेष व्याख्यान का। मॉडर्न आर्ट गैलरी में आयोजित इस व्याख्यान में वरिष्ठ कलाकार सीएस कृष्णा सेट्टी की सृजन यात्रा पर गहन चर्चा की गई। यह आयोजन न केवल चित्रकला की विविधता को समझने का अवसर बना, बल्कि कला-चेतना और आलोचना की दृष्टि से भी समृद्ध अनुभव प्रदान करने वाला रहा। व्याख्यान में कर्नाटक से आए प्रख्यात कला समीक्षक और विद्वान एचए अनिल कुमार ने अपनी सूक्ष्म कलादृष्टि और विश्लेषणात्मक शैली से कृष्णा सेट्टी की कलाकृतियों की परत-दर-परत व्याख्या की। अनिल कुमार ने कहा कि सेट्टी के चित्र केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि विचारों, संवेदनाओं और समाज के बदलते आयामों का जीवंत प्रतिबिंब हैं। उनके कार्यों में भारतीय परंपरा की गहरी जड़ें दिखाई देती हैं, परंतु अभिव्यक्ति में आधुनिकता की चमक भी स्पष्ट है।

सेट्टी के कार्यों में भारतीय परंपरा की गहरी जड़ें

दुष्यन्त संग्रहालय में दुष्यन्त शोध पीठ की स्थापना की जाना चाहिए

विस्तृत के साथ संवेदनात्मक भी है दुष्यंत का फलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में दुष्यन्त जयंती पर शोध की दृष्टि से दुष्यन्त आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में विशिष्ट वक्ताओं के रूप संतोष चौबे ने कहा कि दुष्यंत के ऊपर शोध तभी किया जा सकता है, जब उनके साहित्य के प्रति शोधार्थी में गहन रुचि हो, क्योंकि दुष्यंत का फलक विस्तृत होने के साथ-साथ संवेदनात्मक भी है।

एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो...

इस अवसर पर बीयू विवि के कुल गुरु एस के जैन ने कहा कि मैंने दुष्यंत का यह शेर कौन कहता है आकाश में सूराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो प्रतियोगिता दर्पण नामक पुस्तिका में पढ़ा था, परंतु आज मुझे पता लगा कि यह दुष्यंत का शेर है।

संस्कार भारती में हुई लोककला विद्या संगोष्ठी

लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए उनका प्रचार-प्रसार है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदुस्तान विविधताओं से भरा देश है। भारत में अनेकताओं के बाद भी लोक कलाएं एक सूत्र में हम सभी को बांधे हुए हैं। लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इनका प्रचार-प्रसार प्रशिक्षण और शिक्षण जरूरी है।

लोककलाएं हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत हैं, जिन्हें विलुप्त होने से बचाने के साथ ही आने वाली पीढ़ियां तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। यह बात मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर देवआनंद हिंडोलिया ने संस्कार भारती में आयोजित लोक कला विद्या की संगोष्ठी में कही। मुख्य वक्ता नीलिमा श्रीवास्तव ने लोक कला के प्रकारों और महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्कार भारती का ध्येय गीत की संगीतमय प्रस्तुति ने समा बांधा।

लोककलाएं देश की सांस्कृतिक विरासत

राजधानी की खबरें

सोशल मीडिया विभाग का हल्ला बोल

पटवारी पर हमले के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की ओर से पीसीसी कार्यालय के बाहर रतलाम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की गाड़ी पर हुए हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर सरकार का पुतला जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया। यह विरोध प्रदर्शन सोशल मीडिया विभाग के महासचिव धनजी गिरी, अमन पठान की उपस्थित में हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

इधर जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर) द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में पुरानी विधानसभा मिंटो हॉल स्थित गांधी की प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में भाजपा सरकार के संरक्षण में हुए जानलेवा हमले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जेपी धनोपिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सबिस्ता जकी, पार्षद गुड्डू चौहान आदि उपस्थित थे।

अब यात्री सुविधा के लिए तीन कैडर आपस में किए मर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अब यात्रियों को रेलकर्मी उनकी समस्या के समाधान के लिए एक से दूसरे चेंबर या विंडो पर नहीं भेज सकेंगे, बल्कि वे कहेंगे, हम आपकी सेवा में हाजिर हैं। कोई समस्या है, तो बताएं। रेलवे ने टिकट चेकर, इंक्वायरी कम रिजर्वेशन क्लर्क और कमर्शियल क्लर्कों को भी यात्री सुविधा में जुटाने का निर्णय लिया है। इसके लिए इन तीनों के कैडर को आपस में मर्ज कर दिया है।

इतना ही नहीं, यात्री की समस्या यदि दूसरे कैडर की है, तब भी वही रेलकर्मी यात्री की समस्या सुलझाएगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यात्री हित में रेल मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। समस्या रेलवे प्लेटफॉर्म पर हो या ट्रेन के भीतर, कमर्शियल विभाग का जो भी कर्मी ड्यूटी पर है, वह उन्हें तत्काल सुलझाएगा। यदि वह ऐसा नहीं कर पा रहा है, तो अपने वरिष्ठ अधिकारी से संबंधित यात्री की फोन पर बात करवा कर संतुष्ट करेगा।

कर्मचारियों को दी गई ट्रेनिंग

जिन तीन कैडरों को मर्ज किया गया है, उनके कर्मचारियों को पिछले तीन साल में यात्री सेवा से संबंधित अलग-अलग ट्रेनिंग दी जा चुकी है। यात्रियों का फीडबैक लेकर ही तीनों कैडरों को मिलाया है।

यह समस्याएं आम

यात्रा करने वालों का रिजर्वेशन कंफर्म नहीं हो पाता, तो वे ट्रेन में सवार हो जाते हैं। उनके पास कोई भी टिकट हो, तो मामूली जुर्माना और किराए का डिफरेंस ले लिया जाता है। कोच में पानी खत्म हो जाना, बारिश के दौरान कोच की छत से पानी यात्रियों के ऊपर टपकना। अनरिजर्व टिकट लेकर रिजर्वेशन कोचों में सवार यात्रियों की इमरजेंसी को देखते हुए सहानुभूति पूर्ण व्यवहार न होना।

एयर मार्शल संजीव ने एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस का कार्यभार संभाला

भोपाल। एयर मार्शल संजीव घुरटिया एवीएसएम वीएसएम ने 01 सितंबर, 2025 को वायु सेना मुख्यालय में एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल ने उन सशस्त्र बलों के जवानों के सम्मान में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मॉडल हाई स्कूल, जबलपुर से और इंजीनियरिंग की डिग्री जीईसी जबलपुर से प्राप्त की है। एयर मार्शल संजीव ने वायुसेना की एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग शाखा में सितंबर 1988 में कमीशन

बच्चों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करें : स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिये बच्चों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया जाना जरूरी है। हमारी विविधता भरी सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया में भारत को अलग पहचान दिलाती है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

स्कूल शिक्षा मंत्री मंत्री सिंह सोमवार को भोपाल में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा, भेल की वार्षिक पत्रिका वीथिका का विमोचन करने के बाद समारोह में पहुंचे। इस अवसर पर मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को तराशने का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सांदीपनि विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिये निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने सांदीपनि विद्यालय भेल की वार्षिक पत्रिका का किया विमोचन

वार्षिक पत्रिका वीथिका

विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी ने बताया कि वार्षिक पत्रिका वीथिका में संविधान के 75वें वर्ष के मौके पर संविधान से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियों का समावेश किया गया है। उन्होंने बताया कि भेल सांदीपनि विद्यालय का स्वयं का भवन लगभग 34 करोड़ रुपए की लागत से जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। विद्यालय में केजी 1 से 12वीं तक करीब 1080 बच्चे अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को हिन्दी और इंगलिश मीडियम में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालय में पिछले वर्ष विभिन्न राज्यों की संस्कृति के आदान-प्रदान के लिए नागालैंड राज्य के बच्चों ने दौरा किया था। भेल विद्यालय के बच्चों ने मंत्री सिंह को ट्रायबल पेंटिंग भी भेंट की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930